भोपाल
शनिवार, 18 मई 2024
वैशाख मास शुक्ल पक्ष–10
वर्ष : 11, अंक : 54
पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 38
न्यून. 26

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

साढ़े 6 करोड़ लोगों के लिए अच्छी खबर

## ईपीएफओ ने बदला नियम तीन दिन में मिलेंगे 1 लाख



**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने पीएफ से पैसा निकालने की प्रक्रिया को और आसान बना दिया है। ईपीएफओ ने ऑटो मोड सेटलमेंट की शुरुआत की है। इससे 6 करोड़ से ज्यादा पीएफ मेंबर को लाभ मिलेगा। यह एक ऐसी सुविधा है, जो इमरजेंसी में पीएफ सदस्यों को फंड प्रोवाइड कराती है। इसके तहत अब 3 दिन में ही पैसा आपके बैंक अकाउंट ▸▸ शेष पेज 6 पर




वरिष्ठ राजनैतिक विश्लेषक गिरिजा शंकर से हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'

# सभी विपक्षी दल 'एंटी इन्कम्बेंसी' बताकर अपनी स्थिति बेहतर बना सकते थे लेकिन ऐसा कुछ नजर नहीं आ रहा

inh न्यूज विशेष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

वरिष्ठ राजनैतिक विश्लेषक गिरिजा शंकर का मानना है कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए चुनाव के बाद सहानुभूति की लहर में कांग्रेस को 400 से अधिक सीटें मिली थीं, तब राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने थे। लेकिन, सामान्य माहौल में 400 सीटों की बात करना असहज लगता है। 10 साल लगातार केंद्र में भाजपा की सरकार होने के बाद विपक्षी दलों के सामने यह अवसर था कि वे एंटी इन्कम्बेंसी बतलाकार अपनी स्थिति बेहतर बना सकते थे। लेकिन, ऐसा कुछ नजर नहीं आ रहा है। वे हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के 'चुनावी संवाद' कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे।

**ये भी बोले गिरिजा शंकर**

- *पीएम मोदी को तानाशाह कहने का आरोप कन्वेंसिंग नहीं लगता*
- *सामान्य माहौल में 400 सीटों की बात करना असहज लगता है*
- *अरविंद केजरीवाल के सवालों से भाजपा असहज हो गई*



**उनसे सीधी बात**

**प्रश्न:** 2024 का यह चुनाव किस दिशा में जा रहा है?

**उत्तर:** 2024 के चुनाव को लेकर काफी उत्सुकता दिख रही है। जिस प्रकार से विपक्षी दलों ने गठबंधन तैयार किया और भाजपा ने 400 पार का नारा दिया। इस चुनाव में मोदी सरकार की बात हो रही है, भाजपा की बात नहीं हो रही है। मोदी के नाम पर वोट देने की बात हो रही है। मोदी का नेतृत्व पहले भी दो चुनाव में था और उस समय भाजपा सरकार थी लेकिन इस चुनाव में मोदी सरकार की बात हो रही है। 400 सीट का दावा राजनैतिक दावा है। हालांकि, यह दावा अ-तार्किक नहीं है क्योंकि पिछले चुनाव में भाजपा ने करीब 25 सीटें ज्यादा जीती थीं। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए चुनाव के बाद सहानुभूति की लहर में कांग्रेस को 400 से अधिक सीटें मिली थीं, तब राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने थे। लेकिन, सामान्य माहौल में 400 सीटों की बात करना असहज लगता है। 10 साल लगातार केंद्र में भाजपा की सरकार होने के बाद विपक्षी दलों के सामने यह अवसर था कि वे एंटी इन्कम्बेंसी बतलाकार वे अपनी स्थिति बेहतर बना सकते थे। लेकिन ऐसा कुछ नजर नहीं आ रहा है।

**प्रश्न:** चार चरण में 400 सीटों पर चुनाव के बाद क्या स्थिति स्पष्ट है?

**उत्तर:** चुनाव के छह महीने पहले बुनियादी तौर पर अलग रहने वाले विपक्षी दल एक हुए। लेकिन, बनते-बनते ही इसका जो हश्र हुआ कि वो ▸▸ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### एक्स का डोमेन नाम अब एक्स डॉट कॉम



**नई दिल्ली।** एलन मस्क ने ट्विटर का नाम और लोगो बदलने के बाद अब उसके डोमेन को भी बदलकर एक्स डॉट कॉम कर दिया है। मस्क ने शुक्रवार को 'एक्स' पोस्ट में लिखा कि सभी कोर सिस्टम अब (x.com) पर हैं। अमेरिका के दिग्गज कारोबारी एलन मस्क ने ट्विटर का अधिग्रहण करने के बाद 24 जुलाई, 2023 को इसका नाम और लोगो बदलकर एक्स कर दिया था। उस समय एक्स डॉट कॉम को ट्विटर डॉट कॉम पर रीडायरेक्ट किया गया था।

### रिजल्ट वेरिफिकेशन के लिए आवेदन शुरू



**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 2024 के रिजल्ट से असंतुष्ट छात्र अब मार्क्स के वेरिफिकेशन के लिए आवेदन कर सकते हैं। सीबीएसई कक्षा 12 वेरिफिकेशन के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 मई है। छात्रों को cbse.gov.in पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भरना होगा। इसके लिए प्रति विषय 500 रुपए का शुल्क रखा गया है। सीबीएसई कक्षा 12वीं का परिणाम 13 मई को घोषित किया गया था।

### गेहूं उपार्जन की अवधि 31 मई तक बढ़ाई



**भोपाल।** राज्य सरकार ने समर्थन मूल्य पर खरीदे जाने वाले गेहूं उपार्जन की तारीख बढ़ा दी है। इससे पहले 20 मई तक के लिए समर्थन मूल्य पर उपार्जन की तारीख बढ़ाई गई थी, अब सरकार ने एक बार फिर से तारीख बढ़ाकर 31 मई कर दिया है। गेहूं उपार्जन भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर एवं उज्जैन संभाग के उपरांत अन्य संभागों में भी जहां खरीदी नहीं हो पाई है या फिर किसी कारण से किसान गेहूं नहीं बेच पाए थे, ऐसे सभी किसानों को इसका लाभ मिलेगा।

**'हर बार की तरह इस बार भी राजनीतिक हिटमैन ने खुद को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी'**

**बड़ा कांड :** एफआईआर में स्वाति मालीवाल ने लगाए गंभीर आरोप, आप का दावा- सारे आरोप झूठे, वे भाजपा का मोहरा

# अब बिभव बोले: स्वाति जबरिया घुसीं मारपीट की, सीएम पर दबाव बनाया

## स्वाति की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को एफआईआर दर्ज की थी, शुक्रवार को बिभव कुमार ने भी दर्ज कराई शिकायत



स्वाति ने आधी रात एक्स के बायो से हटाई केजरीवाल की फोटो

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने एफआईआर में कहा है कि वह लगातार मदद के लिए चिल्ला रही थीं लेकिन सीएम अरविंद केजरीवाल का पीए बिभव नहीं रुका। आरोप लगाया कि बिभव ने उनकी छाती, पेट और शरीर के निचले हिस्सों पर लात से हमला किया। स्वाति की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें उन्होंने बिभव कुमार को आरोपी बनाया ▸▸ शेष पेज 6 पर

> केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केजरीवाल के करीबी ने बदसलूकी की। वे अब तक चुप हैं

आप नेता आतिशी मर्लेना ने कहा कि स्वाति के आरोप भाजपा से प्रेरित हैं। वीडियो से सच सामने आ चुका




### जिस हद तक गिर सकता है गिर जा

*स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि हर बार की तरह इस बार भी राजनीतिक हिटमैन ने खुद को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। अपने लोगों से ट्वीट करवाकर, आधी-अधूरी बिना संदर्भ की वीडियो चलाकर इसे लगता है कि ये इस अपराध को अंजाम देकर खुद को बचा लेगा। कोई किसी को पीटते हुए वीडियो बनाता है भला? घर के अंदर की और कमरे की सीसीटीवी फुटेज की जांच होते ही सत्य सबके सामने होगा। जिस हद तक गिर सकता है गिर जा, भगवान सब देख रहा है. एक न एक दिन सब की सच्चाई दुनिया के सामने आएगी।*



### बिभव ने कहा...सुरक्षा नियमों को तोड़ा जनसेवक के काम में दखलअंदाजी की

सीएम केजरीवाल के पीए बिभव कुमार ने भी सिविल लाइन थाने में शिकायत की। सांसद स्वाति के खिलाफ दिल्ली के सीएम के घर पर ही बदसलूकी और मारपीट करने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री के घर में जबरदस्ती प्रवेश किया और सुरक्षा के नियमों को तोड़ा। मुख्यमंत्री के घर में हंगामा किया और जन सेवक के काम में दखलंदाजी की। आरोप लगाया कि स्वाति ने केजरीवाल पर दबाव ▸▸ शेष पेज 6 पर

वीडियो हुआ वायरल

### स्वाति कहती हैं-ये गंजा..टच किया तो नौकरी 'खा' जाऊंगी

- *ये वीडियो 13 मई को घटना वाले दिन का बताया जा रहा है। वीडियो में स्वाति मालीवाल सीएम आवास के अंदर बैठी हैं जहां कुछ कर्मचारियों के साथ उनकी बहस होते दिखाई दे रही है। 'हरिभूमि' इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इस वीडियो को दिल्ली पुलिस ने भी अपने जांच के संज्ञान में लिया है। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने भी ये पुष्टि नहीं की है कि ये वीडियो कब का है और कहां का है?*
- *स्वाति मालीवाल बिभव पर गुस्सा में कहती हैं- आज मैं इन सब लोगों को बताऊंगी, जो करना है करो...अगर मुझे टच किया या हाथ लगाया तो मैं तुम्हारी भी नौकरी खाऊंगी...। आप अभी मेरी डीसीपी से बात कराइए, मैं इसके पहले एसएचओ सिविल लाइंस से बात करूंगी, अब जो होगा यहीं होगा। मुझे किसी ने हाथ लगाया तो आप लोगों की भी नौकरी खा जाऊंगी।*
- *दो कर्मचारी उनसे अनुरोध करते हैं- मैडम, हम आपसे अनुरोध कर रहे हैं, हम आपको हंबली रिक्वेस्ट कर रहे हैं।*
- *स्वाति कहती हैं- मैंने अभी 112 पर कॉल कर दी है। पुलिस को आने दो फिर अब बात होगी।*
- *कर्मचारी कहता है - पुलिस तो बाहर ही आएगी न, यहां तक नहीं आएगी न?*
- *स्वाति- अब जो होगा, वहीं होगा।*
- *कर्मचारी स्वाति से बाहर आने का अनुरोध करते हैं।*
- *जिसपर स्वाति कहती हैं- फेंक दो उठाकर..आप फेंक दो.. ये गंजा..... वीडियो यहीं खत्म हो जाता है।*

सीएम डॉ. यादव बोले-ये वो पूंछ है जो सीधी नहीं हो रही है




## 'कुछ लोगों' को वोट का गुलाम बनाना चाहती हैं कांग्रेस व सपा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कहा कि कांग्रेस और समाजवादी विचारधारा के लोग कुछ लोगों को अपने वोटों का गुलाम बनाकर रखना चाहते हैं। इनकी मानसिकता ही कुछ ऐसी है। पहले अंग्रेजों ने यह काम किया था।

अंग्रेजों ने 'फूट डालो शासन करो' की नीति से देश के हिंदू-मुसलमानों को हमेशा लड़ाया और अब यह काम कांग्रेस पार्टी भी कर रही है। कांग्रेस वह पूंछ है, जो सीधी नहीं हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को उत्तरप्रदेश के श्रावस्ती लोकसभा की गैंसड़ी विधानसभा के पचपेड़वा में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एवं भाजपा सरकारों ने हर वर्ग, हर क्षेत्र के लोगों को सम्मान दिया, लेकिन कांग्रेस और समाजवादी वर्ग विशेष को ही मानते हैं। मुस्लिम देशों में सबसे ज्यादा सम्मान प्रधानमंत्री मोदी का हो रहा है। ▸▸ शेष पेज 6 पर

अंग्रेजों ने फूट डालो शासन करो की नीति अपनाई, अब उसी नीति पर कांग्रेस भी चल रही

भाजपा ने हर वर्ग, हर क्षेत्र के लोगों को सम्मान दिया, कांग्रेस और समाजवादी वर्ग विशेष को ही मानते हैं

**तो, कांग्रेसी समाजवादियों के पेट में दर्द होता है**

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा हर वर्ग और हर क्षेत्र के लोगों को सम्मान देती है। मुस्लिम वर्ग के लोग हमारे साथ हैं, तो इसमें भी कांग्रेसियों और समाजवादियों के पेट में दर्द हो रहा है। भाजपा ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साहब को देश का राष्ट्रपति बनाया। कांग्रेस ने यह काम कभी नहीं किया। कांग्रेस हमेशा से ▸▸ शेष पेज 6 पर

शिवपुरी के फोरलेन में हादसा



## 30 श्रद्धालुओं से भरी बस में आग,बची जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ शिवपुरी

जिले के कोलारस थाना क्षेत्र के फोरलेन हाईवे बैरसिया क्रॉसिंग के पास शुक्रवार दोपहर महाराष्ट्र के बुलढाणा से चारधाम यात्रा पर जा रहे 30 लोगों से भरी बस में अचानक से आग लग गई। बताया जा रहा है कि जैसे ही बस में धुआ निकला तभी कुछ यात्री उसे देखने के लिए नीचे उतरे। इसके बाद अधिक धुआ देखा तो सभी यात्री समय रहते बस से नीचे उतर गए, जिससे सभी की जान ▸▸ शेष पेज 6 पर

- महाराष्ट्र से निकली थी बस एसी में शार्ट सर्किट संभव

विधायक ने एसपी ऑफिस घेरा

## आगर पुलिस पर 3 लाख रिश्वत लेने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▸▸ आगर मालवा

आगर कोतवाली पुलिस पर प्रकरण दर्ज करने के नाम पर 3 लाख रुपए रिश्वत लेने का आरोप लगाते हुए भाजपा विधायक ने गुरुवार रात कार्यकर्ताओं के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी का घेराव कर दिया। दरअसल एक जमीन के सौदे में विक्रय पत्र संपादित होने के बाद राशि लेन देन को लेकर हुए विवाद में ▸▸ शेष पेज 6 पर

- एसपी विनोद कुमार ने कहा मामले की जांच कराई जा रही

आईजीआई पर बड़ा हादसा टला

## आसमान में फ्लाइट में बजा फायर अलार्म, आपात लैंडिंग

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बेंगलुरू के लिए रवाना हुई एयर इंडिया की उड़ान में आग लगने की आशंका के कारण रवाना होने के करीब 18 मिनट बाद ही आइजीआई एयरपोर्ट लौट आई। विमान ने आइजीआई एयरपोर्ट के रनवे पर इमरजेंसी लैंडिंग की। विमान में सवार सभी 175 यात्री सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 807 ने आइजीआई एयरपोर्ट से निर्धारित समय से 10 मिनट के विलंब से शाम साढ़े पांच बजे रवाना हुई। उड़ान ने अभी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की वायु सीमा भी पार नहीं की थी, पायलट को आशंका हुई कि विमान ▸▸ शेष पेज 6 पर



- 18 मिनट बाद ही कई चक्कर के बाद सुरक्षित लैंडिंग हुई

ग्वालियर: 44.9, गुना : 44.5 डिग्री

## इंदौर-छिंदवाड़ा में बारिश ग्वालियर-गुना रहे गर्म



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

एक हफ्ते आंधी-बारिश के बाद सिस्टम कमजोर हो गया है। हालांकि, शुक्रवार को इंदौर, धार और छिंदवाड़ा में हल्की बारिश दर्ज की गई है। जबकि ग्वालियर में पारा 44.9 और गुना में 44.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। पिछले साल पूरे सीजन से भी यह तापमान ज्यादा रहा। पिछले साल 22-23 मई को पारा 44.8 डिग्री ▸▸ शेष पेज 6 पर

- शनिवार को विदिशा, राजगढ़ छिंदवाड़ा में आंधी बारिश का अलर्ट



## नए आपराधिक कानून पर पीआईबी की कार्यशाला आयोजित

# गवाह कोर्ट की जगह थाने में जाकर वीसी से बयान दर्ज करा सकेंगे, अब पीड़ित को भी देना होगी चार्जशीट, एक जुलाई से प्रभावी होगा कानून

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 आपराधिक न्याय प्रणाली को अधिक सुलभ, जवाबदेह, भरोसेमंद और न्याय प्रेरित बनाने के प्रयास हैं।

यह कानून 1 जुलाई 2024 से प्रभावी होंगे। यह बात डीसीपी प्रियंका शुक्ला ने पीआईबी, भोपाल की तरफ से आयोजित नए कानूनों पर आयोजित कार्यशाला में कही। उन्होंने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 में पीड़ितों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई तरीकों से व्यवस्था की गई है। 30 से अधिक ऐसे प्रावधान हैं, जो पीड़ितों के अधिकारों को प्रभावी ढंग से प्राथमिकता देते हुए उनकी रक्षा करते हैं।

30 से अधिक ऐसे प्रावधान हैं, जो पीड़ितों के अधिकारों को प्राथमिकता देते हुए उनकी रक्षा करते हैं

पहले चार्जशीट की प्रति सिर्फ आरोपी को दी जाती थी, अब पीड़ित को भी कॉपी मिलेगी

### 7 साल से अधिक सजा वाले क्राइम में फॉरेंसिक जांच



डीसीपी ने बताया कि 7 वर्ष या इससे अधिक की सजा के प्रावधान वाले सभी अपराधों में फॉरेंसिक जांच अनिवार्य होगी। शुक्ला ने कहा कि ये कानून मील के पत्थर साबित होंगे। उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की अन्य विशेषताओं पर भी जानकारी दी।

**जांच में वैज्ञानिक तरीकों को बढ़ावा देने पर जोर**

डीसीपी प्रियंका ने कहा कि पहले चार्जशीट की प्रति सिर्फ आरोपी को दी जाती थी, अब पीड़ित को भी चार्जशीट की कॉपी मिलेगी। उन्होंने कहा कि जांच में वैज्ञानिक तरीकों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। नए कानून में गवाहों की भी सुरक्षा को लेकर भी प्रावधान है। अब गवाह को यदि कोई खतरा महसूस हो रहा है तो वह थाने में जाकर वीसी के जरिए कोर्ट में बयान दर्ज करा सकता है। इसी तरह डॉक्टर भी बयान दर्ज करा सकेंगे। अभी तक पुलिस सिर्फ अभियुक्त को चार्जशीट उपलब्ध कराती थी। पीड़ित को भी फ्री में चार्जशीट देनी पड़ेगी। जिससे कि वह पुलिस की विवेचना को पढ़ सके।

### इलेक्ट्रॉनिक-डिजिटल सबूत अब साक्ष्य

*अतिरिक्त जिला अभियोजन अधिकारी प्रियंका उपाध्याय ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 का मकसद सजा देने की बजाय न्याय देना है। उन्होंने कहा कि इन कानूनों का प्रयास तय समय पर न्याय दिलाना है। उपाध्याय ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता में महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ अपराध पर एक नया अध्याय सामाहित किया गया है। उन्होंने कहा कि इन कानूनों में टेक्नोलॉजी के उपयोग पर ज्यादा बल दिया गया है। इलेक्ट्रॉनिक-डिजिटल साक्ष्य अब साक्ष्य के अन्य रूपों के समान गिने जाएंगे। उपाध्याय ने कहा कि इन कानूनों में पीड़ितों को सशक्त बनाने के लिए बहुत सारे प्रावधान किए गए हैं।*

### न्याय प्रणाली में नए युग की शुरुआत

*पीआईबी, भोपाल के अपर महानिदेशक प्रशांत पाठराबे ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के 25 दिसंबर 2023 को कानून बनने के साथ ही भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में एक नये युग की शुरुआत हुई है। उन्होंने इन कानूनों के अन्य प्रावधानों के बारे में भी चर्चा की।*

---

## ट्रेन में सफर के दौरान यात्रियों को अब दवा के लिए नहीं होना पड़ेगा परेशान

# भोपाल रेलवे स्टेशन पर नए भवन के सामने खुलेगा जन औषधि केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेन में सफर के दौरान यात्रियों को अब दवा के लिए परेशान नहीं होना होगा। दरअसल जुलाई से भोपाल रेल मंडल की ओर से भोपाल रेलवे स्टेशन पर जन औषधि केंद्र खोलने की योजना है। इसके लिए जगह भी चिन्हित कर लगी गई। भोपाल स्टेशन एक नंबर की ओर नई बिल्डिंग के सामने जन औषधि केंद्र खोला जाएगा। इसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। भोपाल रेल मंडल के सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि सबसे पहले मंडल के बीना स्टेशन पर पहला केंद्र खोला गया था। जहां पर यात्रियों व स्थानीय लोगों का अच्छा रिस्पांस मिलने के बाद अब भोपाल स्टेशन पर एक केंद्र खोला जा रहा है। यहां पर यात्रियों को कम दाम में दवा आसानी से मिल जाएगी। इन्हें बनाने के लिए भोपाल स्टेशन एक नंबर की ओर ऐसी जगह चिन्हित की है, जहां पर ट्रेन में सवार यात्री आसानी से दवा ले सकते हैं।

### रेलवे का स्टोर विभाग बना रहा स्ट्रक्चर



रेलवे की मंशा है कि सफर के दौरान बीमार होने वाले यात्रियों को दवा के लिए परेशान न होना पड़े। उन्हें प्लेटफार्म पर ही दवा मिल जाए। वहीं दूसरी ओर जनऔषधि केंद्र के जरिए जेनरिक दवा को बढ़ावा मिले। इसलिए पहली बार स्टेशन के प्लेटफार्म पर दवा दुकानों को खोला जा रहा है। इन केंद्रों के स्ट्रक्चर बनाने की जिम्मेदारी रेलवे के ही स्टोर विभाग को सौंपी है। विभाग के अधिकारियों को रेलवे बोर्ड से विशेष तौर पर निर्देशित किया है कि भोपाल स्टेशन पर बनने वाले केंद्र को इतना आकर्षक और सुविधाजनक बनाया जाए, ताकि स्टेशन की भीड़ के दौरान यात्रियों को आसानी से यह केंद्र दिख जाएं। स्थल का चयन करते समय इस बात का खास ध्यान रखना गया है।

### ठेके पर दिए गए औषधि केंद्र

*भोपाल स्टेशन पर खोले जाने वाले औषधि केंद्रों के संचालन का जिम्मा निजी व्यक्ति और फर्म को दिया जाएगा। इसको लेकर आने वाले दिनों में टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। तो वहीं इससे निजी व्यक्ति या फर्म को सालाना एक निश्चित किराया रेलवे को भुगतान करना होगा।*

### ऐसे होंगे केंद्र

- जन औषधि केंद्र में हर मर्ज की दवा मिलेगी, वो भी सस्ते दाम में
- केंद्रों को सालाना ठेके पर दिया गया है और इन पर रेलवे निगरानी रखेगार
- दवा स्टोर आकर्षक और रेलवे का प्रचार करने वाला बनाया जा रहा है

### भोपाल मंडल में एंड्रॉयड एप्लीकेशन यूटीएस से टिकट बुक कराने वालों की संख्या बढ़ी, अब दो फीसदी से अधिक यात्री ले रहे लाभ

- भोपाल में लगातार चल रहा जागरूक अभियान जून में पांच फीसदी तक का रखा लक्ष्य

**भोपाल।** ट्रेन से यदि आपको कम दूरी की यात्रा करनी हो, तो टिकट के लिए रेलवे टिकट काउंटर पर धक्के खाने की जरूरत नहीं है। रेलवे एंड्रॉयड एप्लीकेशन यूटीएस ऑन मोबाइल के माध्यम से अब यात्री घर बैठे भी जनरल रेल यात्रा का टिकट प्राप्त कर सकते हैं। इससे पहले रेलवे ने जिओ फेंसिंग सिस्टम लागू किया हुआ था, जिसके लिए रेलवे स्टेशन परिसर में मौजूद होना जरूरी था, लेकिन अब यह प्रतिबंध भी रेलवे ने हटा दिया है। यह बात शुक्रवार को भोपाल रेल मंडल के सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। उन्होंने बताया कि इस सुविधा का लाभ लेते हुए अब घर बैठे-बैठे लोग जनरल टिकट बना रहे हैं। भोपाल रेल मंडल में इस सुविधा को लेकर लगातार जागरूक अभियान चलाया जा रहा है। इसके चलते इस एप से टिकट लेने वाले यात्रियों की संख्या अब बढ़कर दो फीसदी से अधिक हो गई है। जून तक लक्ष्य है कि संख्या पांच फीसदी पहुंचाई जाए। यह सुविधा यात्रियों की सहूलियत के लिए लागू की गई है, जिससे लोगों को लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। साथ ही इस एप से यात्रियों की ट्रेनों को लेकर भी जानकारी मिल सकेगी।

### 12 स्टेशनों में बनेगा कामर्शियल एरिया, तेज गति से चल रहा काम

पश्चिम मध्य रेल के तीनों मंडलों के 12 स्टेशनों को अमृत स्टेशनों की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है, जिसमें स्टेशनों को कमर्शियल बनाने के काम चल रहे हैं। भोपाल और बीना स्टेशन को छोड़ दिया जाए तो इटारसी, गुना सहित अन्य स्टेशनों में काम तेज गति से चल रहा है। हलांकि इन स्टेशनों की टाइम लाइन को मार्च 2025 कर दिया गया है। भोपाल रेल मंडल के सीनीयर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि अमृत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास किया जा रहा है । जिसमें 21 आरओबी/आरयूबी सबवे का निर्माण किया गया है। वहीं इन स्टेशनों में 12 मीटर चौड़ा सबवे बनया जाएगा। जिसमें कामर्शियल जोन रहेगा। भोपाल स्टेशन में भी विशेष डेवपलेपमेंट योजना के तहत काम चल रहा है।

---

## छह सहायक, तीन उच्च श्रेणी शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

# शिक्षकों ने सीएम को ट्रांसफर रोकने लिखा पत्र, नौ निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपना स्थानांतरण रुकवाने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखना राजधानी के शासकीय महात्मा गांधी सीएम राइज स्कूल के 9 शिक्षकों को भारी पड़ गया। जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी ने इन शिक्षकों को दो दिनों में अलग-अलग आदेश जारी करते हुए निलंबित कर दिया है। इसे अनुशासनहीनता मानते हुए कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं।

- शिक्षक ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में जाना नहीं चाहते हैं

महात्मा गांधी सीएम राइज स्कूल के छह सहायक शिक्षक मंजू, परिणीता मालवीय, इंदिरा रानी दुबे, नीलम सिंह, रजनी सैनी, केजी मिश्रा के साथ ही तीन उच्च श्रेणी शिक्षक अमिता छतवाल, बृजेश और कल्पना कपूर को निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय शासकीय स्कूल नजीराबाद बैरसिया नियत किया गया है।

### अनुशासनहीनता मानते हुए शिक्षकों पर की गई कार्रवाई

#### यह है मामला

*जानकारी के अनुसार महात्मा गांधी सीएम राइज स्कूल में बिना पात्रता परीक्षा पास किए नियुक्त 9 शिक्षकों का प्रशासनिक स्थानांतरण किया गया था, लेकिन वह ग्रामीण क्षेत्रों में जाना नहीं चाहते हैं। इन्होंने अपना ट्रांसफर रोकने के लिए आयुक्त लोक शिक्षण, प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा सहित विभिन्न अधिकारियों के पास आवेदन दिए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। तो यह सभी शिक्षक सीएम निवास पहुंच गए। यहां पर मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति में वहां के अधिकारियों को आवेदन दिया। यह आवेदन मुख्य सचिव के पास पहुंचा तो उन्होंने प्रमुख सचिव को इस अनुशासन हीनता पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पीएस के आदेश पर गुरुवार को जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी ने 6 शिक्षकों और शुक्रवार को कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने 3 शिक्षकों निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं।*

---

## प्रशासन ने दूसरे दिन भी किया सर्वे

# कटारा हिल्स में रोड किनारे के 80 अतिक्रमण पर लगाए लाल निशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नर्मदापुरम रोड प्रधान मंडपम से कटारा हिल्स और आगे बायपास तक (नहर किनारे) पर पसरे अतिक्रमण का प्रशासन ने दूसरे दिन शुक्रवार को भी सर्वे किया। इदो दर्जन से अधिक की पहचान कर उस पर लाल निशान लगाकर मुनादी करा दी गई। उन्हें नोटिस थमाए गए हैं। सोमवार से इन अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

एसडीएम कोलार रविशंकर राय ने बताया कि नर्मदापुरम रोड पर प्रधान से कटारा हिल्स तक नहर




किनारे नया रोड बनाया गया है। इस पर अतिक्रमण कर लिया है। स्थिति ये हैं कि लोगों ने कटारा हिल्स रोड 80 फीट सीमेंटेड रोड के आसपास मछली बाजार समेत रेत बाजार बना दिया है। दो दिन से अतिक्रमण की पहचान के लिए प्रशासन ने सर्वे कर रहा है। करीब दो दर्जन से अधिक अतिक्रमण पर लाल निशान लगाए गए हैं। मुनादी करा दी गई।

---

# गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार पिपलानी पर गुरमत कैंप में बच्चों को दे रहे संस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार पिपलानी पर छह दिवसीय गुरमत कैंप का आयोजन किया जा रहा है। गुरुद्वारे के प्रधान गुरुकीरत सिंह सचदेवा ने बताया कि बच्चों में गुरु सिखी के प्रति जानकारी, संस्कार देने के लिए इस कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस गुरमत कैंप में 120 बच्चे भाग ले रहे हैं। जो साकेत नगर और भेल क्षेत्र एरिया से है, इनको सुबह 7:30 बजे से 1:00 बजे तक शिक्षा दी जा रही है । जिसमें पगड़ी बांधना कीर्तन गुरमुखी अध्ययन आदि सम्मिलित है ।

### गुरु नानक चैरिटेबल मेडिकल सेंटर में निःशुल्क जांच शिविर कल

*भोपाल। टीटी नगर के गुरु नानक चैरिटेबल मेडिकल सेंटर द्वारा प्रति वर्ष की तरह बैसाखी के त्योहार को समर्पित विशाल निःशुल्क जांच शिविर रविवार 19 मई को लगाया जाएगा। शिविर सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक चलेगा। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों मरीजों की जांच करेंगे। मरीजों को जांच के बाद निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया जाएगा। बीपीएल कार्ड धारकों को रियायती दरों पर लेंस प्रत्यारोपण भी कराया जाएगा। कैंप में मधुमेह, थायराइड एवं अन्य जांचें भी उपलब्ध रहेगी। विशेष रूप से कैंप के दौरान ईसीजी तथा ब्रेन स्पाइन रोग के मरीजों की जांच के लिए विशेषज्ञ उपलब्ध रहेंगे।*

## नवकुंडात्मक श्रीराम महायज्ञ को लेकर हुई बैठक

**भोपाल।** श्री रामानंद आश्रम गुफा मंदिर में 12 से 16 जून तक नवकुण्डात्मक श्रीराम महायज्ञ एवं महारासलीला कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मंदिर के संस्थापक श्री महंत स्वामी नारायण दास त्यागी की पुण्य स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में वृंदावन की मंडली रासलीला का आयोजन करेगी। मंदिर के महंत रामप्रवेश दास महाराज ने बताया कि महामंडलेश्वर डाकौर मंगल पीठाधीश्वर माध्वाचार्य महाराज भी श्रीरामयज्ञ में शामिल होंगे। तैयारियों को लेकर बैठक रखी गई थी। पं लेखराज शर्मा गुफा मंदिर धाम ने बताया कि इस उपलक्ष्य में शुक्रवार को गुफा मंदिर धाम में मंहत रामप्रवेश दास महाराज के सानिध्य में बैठक आयोजित हुई।

# मोहन दास महाराज को षटदर्शन साधु मंडल का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोटरा आयकर कॉलोनी स्थित पीतांबरा बगलामुखी देवी मंदिर पर आर्यावर्त षटदर्शन साधु मंडल का राष्ट्रीय सम्मेलन शुक्रवार को आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में देशभर से मंहत सम्मलित हुए। इस दौरान दतिया के मोहनदास महाराज को राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया। महात्मा ने सभी महंतों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संपूर्ण देश में आर्यावर्त षटदर्शन साधु मंडल के कार्यक्रमों को नई गति दी जाएगी। इस मौके पर पंचमुखी मंदिर रेलवे कॉलोनी पर आर्यावर्त षटदर्शन साधु मंडल के कार्यालय का उद्घाटन किया गया । राष्ट्रीय कार्यकारिणी में संरक्षक गरीबदास महाराज, राष्ट्रीय मंत्री भगवान दास, महामंत्री भगवान वेदांताचार्य, कोषाध्यक्ष महामंडलेश्वर राम भूषण महाराज, उपाध्यक्ष कमलापत दास, कार्यालय मंत्री महंत देवगिरी एवं राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य महंत राघवदास को बनाया गया।

## एनआईसी के सारथी परिवहन पोर्टल में अपडेशन के कारण नहीं बन सके ड्राइविंग लाइसेंस

**भोपाल।** राजधानी सहित प्रदेश भर के आरटीओ कार्यालय में एनआईसी सारथी परिवहन पोर्टल में अपडेशन का काम चलते शुक्रवार को एक भी लाइसेंस नहीं बन सका। इसके चलते सैकड़ों आवेदक को लौटना पड़ा। अपडेशन को लेकर कई आवेदकों को जानकारी नहीं होने से वह आरटीओ कार्यालय पहुंच गए थे। यहां उन्हें इस बात की जानकारी मिली। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को आने के लिए कहा है। कुछ देर इंतजार के बाद आवेदक लौट गए। प्रभारी आरटीओ रितेश तिवारी ने बताया कि पोर्टल के अपडेशन का काम चलने से ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बन सके। जिन लोगों का 17 तारीख फोटो सहित अन्य प्रक्रिया होनी थी। वह लोग सोमवार को अपना काम करा सकेंगे। अपडेशन के बाद लाइसेंस सहित अन्य कामों में तेजी आएगी। पहले से ओर अच्छे से काम हो सकेगा। भोपाल आरटीओ कार्यालय में 450 लर्निंग लाइसेंस के मामले एक दिन में आते हैं। ऐसे में एनआइसी का सारथी परिवहन पोर्टल में अपडेशन को लेकर बड़ी संख्या में लोगों को जानकारी नहीं थी। जब आवेदक काम कराने आरटीओ कार्यालय पहुंचे, तब उन्हें पता चला, जिससे बिना काम के लौटना पड़ा।

---

## अब तक हो चुके सवा लाख पंजीयन

# यूजी-पीजी के पहले चरण में पंजीयन के तीन दिन शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के 1275 सरकारी-निजी कॉलेजों की 8.9 लाख सीटों पर प्रवेश के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ई-प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई है। यूजी-पीजी में अब तक करीब 1.25 लाख पंजीयन हो चुके हैं।

इसमें यूजी में 1 लाख 25 हजार 422 और पीजी में 20 हजार 92 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराए हैं। वहीं करीब 99 हजार विद्यार्थियों ने अपनी च्वाइस लॉक और 78 हजार ने दस्तावेजों का सत्यापन कराया है। हालांकि सीटों की संख्या में हिसाब से यह आंकड़ा कम है। कॉलेज में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के पास अब पंजीयन के लिए तीन दिन शेष है। विभाग द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार यूजी कोर्स में प्रवेश के लिए प्रथम चरण की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 20 मई और पीजी कोर्स में रजिस्ट्रेशन 21 मई तक होंगे। दस्तावेजों का सत्यापन 21 मई तक होगा। यूजी के पहले चरण की सीट आवंटन होने के बाद विद्यार्थियों को 25 मई से 3 जून तक फीस जमा करना होगी।

उच्च शिक्षा विभाग ने इस साल प्रवेश के लिए दो काउंसलिंग एवं एक सीएलसी राउंड रखा है। पिछले वर्ष एक ही काउंसलिंग राउंड था। प्रवेश के लिए पहले दो चरण ऑनलाइन काउंसलिंग की जाएगी। जबकि तीसरे चरण में कालेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) की जाएगी, जो 21 जून से शुरू होगा।

## बकानिया गांव में लगाए आयुष चिकित्सा शिविर में की जांच




**भोपाल।** एम्स के आयुष विभाग द्वारा फंदा ब्लॉक के बकानिया गांव में आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 60 से 70 मरीजों का चेकअप मेडिकल ऑफिसर डॉ. तारिक बरकती और योग प्रशिक्षक चंचल सूर्यवंशी द्वारा किया गया। इस दौरान उन्हें आयुष दवा भी फ्री में दी गई। प्रतिभागियों में युवा से लेकर बुजुर्ग भी शामिल थे। इस दौरान लोगों में गठिया, चिंता और उच्च रक्तचाप जैसी पुरानी बीमारियां ज्यादा देखी गई।

## विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर लगाए गए स्वास्थ्य जांच शिविर

30 प्रतिशत कर्मचारियों में हाई बीपी की समस्या

# 9 हजार से अधिक लोगों की हुई जांच, कलेक्ट्रेट के 67 तो एनएचएम के 26 कर्मचारी ब्लड प्रेशर के मिले मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कलेक्ट्रेट कार्यालय और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी उच्च रक्तचाप से पीड़ित है। 30 प्रतिशत कर्मचारियों में उच्च रक्तचाप की समस्या पाई गई है।

दरअसल शुक्रवार को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय सहित सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जांच शिविर लगाए गए थे। शिविर में नौ हजार 212 लोगों की रक्तचाप की जांच हुई। एनएचएम कार्यालय में लगाए एग शिविर में 132 कर्मचारियों की स्क्रीनिंग हुई, जिनमें से उच्च रक्तचाप 26 कर्मचारी मिले, इनमें से दो कर्मचारी 30 वर्ष से कम उम्र के रहे। वहीं कलेक्टर कार्यालय में 265 कर्मचारियों की जांच की गई, जिनमें से 67 कर्मचारी उच्च रक्तचाप की समस्या पाई गई। इन सभी को ब्लड प्रेशर नियमित जांच, फालोअप, खान पान और लाइफ स्टाइल में सुधार की सलाह दी गई। शिविरों में उच्च रक्तचाप के लक्षणों की पहचान, उच्च रक्तचाप नियंत्रण एवं बचाव की जानकारी भी दी गई। इधर शहर के 14 पीठों पर लगाए जा रहे जांच शिवर में शुक्रवार को एक हजार 819 श्रमिकों की ब्लड प्रेशर की जांच की गई। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने हेतु दैनिक क्रियाकलापों, भोजन, व्यायाम, तनाव प्रबंधन के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



### उच्च रक्तचाप साइलेंट किलर बीमारी

उच्च रक्तचाप साइलेंट किलर बीमारी है। यह बीमारी युवाओं में भी देखने को मिल रही है। इसलिए 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को भी रक्तचाप की नियमित रूप से जांच करवाना जरूरी है। उच्च रक्तचाप का प्रमुख कारण अनियमित जीवनशैली, शारीरिक श्रम का अभाव, तनाव, सिगरेट, बीड़ी, तंबाकू, शराब का उपयोग करना है। उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा, उच्च कोलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियों से ग्रस्त लोगों में हृदय रोग होने की संभावना भी बढ़ जाती है।

**डॉ प्रभाकर तिवारी,** सीएमएचओ

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 18 मई 2024




## सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन के बीच 80 की स्पीड में दौड़ी मेट्रो

भोपाल। गुरुवार को ट्रायल रन के बाद शुक्रवार को मेट्रो की स्पीड बढ़ाकर दौड़ाई गई। मेट्रो ट्रैक पर जिसकी स्पीड 80 किमी प्रतिघंटा रखी गई। इससे पहले गुरुवार को रफ्तार 60 किमी प्रतिघंटा थी। यह ट्रायल रन सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बीच किया गया। तीन अक्टूबर 2023 को हुए मेट्रो के ट्रायल रन के बाद से लगातार ट्रेन को मुख्य ट्रैक पर लाया जा रहा है। इसके पहले हुए ट्रायल 25 से 30 किलोमीटर की स्पीड पर हुए हैं, लेकिन शुक्रवार को 80 किमी की स्पीड से ट्रायन रन हुआ। इसके साथ मेट्रो के स्टेशन और पूरे स्ट्रक्चर की टेस्टिंग भी की जा रही है।

### मनाली में शाहपुरा की युवती की हत्या, परिजन लाश लेकर पहुंचे भोपाल

# गुमशुदगी दर्ज कराने को कहा तो पुलिस ने लिखाया सिम बंद करने का आवेदन:भाई





इस बैग में थी लाश।

## पुलिस की दलील:भाई ने सिम बंद कराने दिया था आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हिमाचल प्रदेश के मनाली के होटल में भोपाल की युवती की हत्या के मामले में नया मोड़ आया है। दरअसल, युवती 5 मई को भाभी का मोबाइल लेकर घर से निकली थी। इस फोन में लगी दो सिमों को बंद कराने भाई ने शाहपुरा थाने में आवेदन दिया था।

भाई ने मोबाइल का दुरुपयोग रोकने और दूसरी सिम जारी करवाने आवेदन देने का उल्लेख किया था। इसके विपरीत मृतका के भाई रोहित कौशल ने आरोप लगाया है कि पुलिस थाने में उसने बहन की गुमशुदगी दर्ज करने की बात कही थी, लेकिन पुलिस ने कहा था कि बहन बालिग है और लौट आएगी।

### खुद ही लौट आती थी उसकी बहन...

गुमशुदगी दर्ज करने में कोई समस्या नहीं थी, लेकिन फरियादी ने बताया कि उसकी बहन पूर्व में भी दो-तीन बार घर से जा चुकी है। वह खुद ही लौट आती थी। इस बार वह घर से भाभी का मोबाइल लेकर गई है और उसका इस्तेमाल गलत न हो इसलिए आवेदन देना चाहते हैं। लिहाजा पुलिस ने आवेदन ले लिया था, ताकि फरियादी पक्ष सिम बंद करा सकें।

**रघुनाथ सिंह**, टीआई शाहपुरा



आरोपी विनोद कुमार

### पुलिस ने कहा था, बहन बालिग है लौट आएगी...

उल्लेखनीय है कि शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित अजय नगर में रहने वाली 23 साल की शीतल कौशल अपने माता-पिता के साथ रहती थी। उसका बड़ा भाई अपनी पत्नी और बच्चों के साथ बगल वाले मकान में रहता है। शीतल के पिता ऑटो चलाते हैं, जबकि मां बंगले में काम करती है। भाई रोहित प्रायवेट काम करता है। रोहित की पत्नी के पास सैमसंग कंपनी का मोबाइल था, जिसमें जियो की दो सिम लगी हुई हैं। यह मोबाइल युवती के पिता उपयोग करते हैं। 5 मई को शीतल घर से लापता हुई तो वह मोबाइल अपने साथ लेकर गई थी। भाई ने उसी दिन थाने पहुंचा और बहन की गुमशुदगी दर्ज कराने की बात कहते हुए बताया था कि शीतल पत्नी का मोबाइल लेकर गई है। मोबाइल में दो सिम है और उसका दुरुपयोग हो सकता है उसे सिम बंद करानी है। पुलिस ने उससे आवेदन लिखाया और सिम बंद कराने का आवेदन ले लिया। रोहित का कहना है कि पुलिस ने गुमशुगदी दर्ज नहीं की और सिम बंद कराने के लिए आवेदन लेकर सील साइन कर उसे दे दिया था। पुलिस ने कहा था कि बहन बालिग है और लौट आएगी।

### बुधवार की रात मनाली से आई हत्या की सूचना

*बुधवार देर रात मनाली पुलिस ने युवती के परिजन से संपर्क कर बताया कि उसकी मनाली के एक होटल में हत्या हो गई है। हत्या करने वाले साथी विनोद ठाकुर निवासी हरियाणा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि विनोद और शीतल की पहचान सोशल मीडिया के माध्यम से हुई थी। उसके बाद युवती विनोद से मिलने के लिए घर से निकली थी। बीती 13 मई को दोनों मनाली के एक होटल में रुके थे, वहां युवती की आईडी का इस्तेमाल हुआ था। 15 मई को विनोद ने होटल छोड़ा और जाने के लिए टैक्सी बुलवाई। टैक्सी में बैग रखते समय वजन ज्यादा होने के कारण होटलकर्मियों को संदेह हुआ तो उन्होंने विनोद को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह भाग निकला। बाद में पुलिस ने उसे बस स्टैंड से दबोच लिया था। शीतल की हत्या की जानकारी परिजन को बुधवार शाम को मिली थी। परिजन मनाली पहुंचे और वहां से शीतल का शव लेकर भोपाल के लिए निकल गए हैं और वे भोपाल आते ही शीतल का अंतिम संस्कार करेंगे।*

### हाईकोर्ट की महत्वपूर्ण टिप्पणी

## दुष्कर्म की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने धमकाना भी आत्महत्या दुष्प्रेरण

पीएससी की तैयारी कर रहा था युवक, अपराध दर्ज होने पर नहीं मिलती सरकारी नौकरी, इसलिए अवसाद में आकर कर ली आत्महत्या




हरिभूमि न्यूज ⏭ जबलपुर/भोपाल

हाई कोर्ट ने अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी में साफ किया कि दुष्कर्म की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी देने का रवैया भी आत्महत्या दुष्प्रेरण की श्रेणी में आता है। इसी के साथ न्यायमूर्ति जीएस अहलूवालिया की एकलपीठ ने महिला चिकित्सक व उसकी मां के विरुद्ध एफआइआर निरस्त करने से इन्कार कर दिया। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि युवक पीएससी की तैयारी कर रहा था, अपराधिक प्रकरण में फंसने पर उसे सरकारी नौकरी नहीं मिलती। इसी वजह से अवसाद ग्रस्त होकर आत्महत्या जैसा कदम उठाने विवश हो गया। इस सिलसिले में आरोपित महिला चिकित्सक व उसकी मां के विरुद्ध आत्महत्या दुष्प्रेरण का प्रकरण चलाए जाने की समुचित सामग्री उपलब्ध है, इसलिए उनको फिलहाल राहत नहीं दी जा सकती।

**महिला चिकित्सक व उसकी मां के विरुद्ध एफआईआर निरस्त करने से इंकार**

### डॉ. शिवानी ने दी थी दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी

दरअसल, चंद्रशेखर उर्फ पवन आहूजा पीएससी के लिए इंदौर चला गया था। वह बालाघाट आया तो पड़ोसी डॉ. शिवानी निशाद ने दुष्कर्म व छेड़छाड़ की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी दी थी। युवक पिता के साथ मंडला के बम्हनी बंजर चला गया था। इस दौरान पड़ोसियों से उसकी मां का विवाद हुआ था।

#### यह है मामला

*बालाघाट की डॉ. शिवानी तथा उसकी मां रानी बाई ने बम्हनी थाने में आत्महत्या दुष्प्रेरण के तहत दर्ज प्रकरण निरस्त किए जाने की मांग की थी। जिसमें कहा था कि मृतक युवक की मां कॉलोनी में आतंक मचाती थी। कॉलोनी में रहने वाले कई लोगों ने पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराई थी।*

### मतदान अनिवार्य हो...



*भोपाल। गवर्नमेंट प्रेस के पास एक बाबा ने देश में प्रत्येक व्यक्ति के लिए मतदान अनिवार्य किए जाने को लेकर लोहे की कीलों पर बैठकर प्रदर्शन किया।*

### पचास रुपए में ढाई सौ ग्राम पनीर और ढाई सौ ग्राम मटर

## 700 में दो किलो देसी घी का दे रहा था ऑफर, 40-40 किलो घी-पनीर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आरा मशीन रोड बैरागढ़ स्थित शुद्ध पनीर भंडार में सात सौ रुपए में दो किलो घी और पचास रुपए में ढाई सौ ग्राम पनीर और ढाई सौ ग्राम मटर देने का ऑफर पेश किया, जिसके बाद शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा की टीम ने छापा मारकर 40 किलो देसी घी और 40 किलो पनीर जब्त किया है। मौके से घी सहित पनीर और मटर के सैंपल लिए हैं।

दुकान संचालक ने कारोबार के लिए फूड लाइसेंस भी नहीं लिया था, जिसको देखते हुए दुकान को सील कर दिया गया है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र दुबे ने बताया कि शुद्ध पनीर भंडार में सात सौ रुपए में 2 किलोग्राम घी बेचने की शिकायत मिलने के बाद मिलावट की आशंका को देखते हुए 40 किलो घी और 40 किलो पनीर जप्त किया है। कार्यवाही के दौरान बुलाने पर भी दुकान संचालक विशाल पाल नहीं आए। इसके साथ बिना फूड लाइसेंस नहीं होने के टीम ने दुकान को सील कर दिया है।



### लाइन लगाकर बेचा जा रहा था घी

दिल्ली निवासी विशाल पाल ने हाल ही में पंपलेट्स छपवाए थे, जिसमें घी, पनीर और मटर को सस्ते दामों में देने का ऑफर दिया था। पंपलेट्स में स्कीम को 15 से 18 मई तक के लिए बताया गया है। जिसके बाद शिकायत मिलने पर टीम ने छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया।

### सेंट्रल जेल परिसर में मुख्य गेट के सामने युवक की हत्या

## पैरोल खत्म होने पर दोस्त को जेल दाखिल करने पहुंचे दो दोस्तों पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गांधीनगर थाना क्षेत्र स्थित सेंट्रल जेल के सामने चार बदमाशों ने दो युवकों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। दोनों युवकों को अस्पताल पहुंचाया गया था वहां एक युवक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया, जबकि उसके साथ ही की हालत नाजुक है। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। उनकी तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार टीटी नगर निवासी 27 साल का सुरेंद्र कुशवाहा प्राइवेट काम करता था। शुक्रवार शाम को अपने साथी विकास वर्मा के साथ सतीश को सेंट्रल जेल छोड़ने के लिए गया था। दरअसल, सतीश खरे पैरोल पर आया था और शुक्रवार को उसकी पैरोल खत्म हो रही थी।



### दोस्त की हालत नाजुक

*पैरोल की उसकी अवधि खत्म होने पर सतीश को छोड़ने के लिए सुरेंद्र और विकास वर्मा सेंट्रल जेल पहुंचे थे। तमाम विभागीय कार्यवाही के बाद सतीश खरे को उन्होंने जेल दाखिल करा दिया और इसके बाद दोनों लौटने की तैयारी कर रहे थे। तभी सेंट्रल गेट जेल गेट के सामने दीपांशु सेन, संदेश वरवड़े, छोटा फैसल और आकाश भदोरिया ने सुरेंद्र और विकास को घेर लिया और चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जगह जगह चाकू लगने से दोनों को गंभीर चोट आई थी। इसके बाद दोनों को पास ही स्थित अस्पताल पहुंचाया गया, वहां सुरेंद्र को प्राथमिक जांच में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया, जबकि विकास वर्मा की हालत नाजुक बताई जा रही है और वहां उसका उपचार जारी है।*

### अभी भी 7-8 घंटे जाम, भोपाल के 500 सहित प्रदेश के 2700 लोग तीर्थ यात्रा पर

## चारधाम यात्रा पर गए भोपाल व प्रदेश के यात्री बोले: पहले से हालत में कुछ सुधार है, यमुनोत्री में अच्छे से दर्शन हुए; अब गंगोत्री पहुंच रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा करने के लिए भोपाल के 500 सहित मप्र से करीब 2700 तीर्थ यात्री दर्शन के लिए गए है। पिछले तीन चार दिनों से यहां उत्तराखंड में चारधाम पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से व्यवस्थाएं चरमरा गई थी। यहां पर 40-50 किमी लंबे जाम लग रहा था। लेकिन अब हालात में सुधार है। मप्र के तीर्थ यात्री ने बताया कि पहले जहां 18-20 घंटे तक जाम लग रहा था। लेकिन अब 7-8 घंटे ही जाम लग रहा है।

### खाने-पीने की अभी भी परेशानी, ले रहे ज्यादा दाम



बरखेड़ा पठानी में रहने वाले रोहित मिश्रा ने बताया कि वह परिवार के साथ 12 मई को चारधाम यात्रा के लिए निकले थे। बद्रीनाथ, केदारनाथ धाम के दर्शन कर लौटते समय अगस्त मुनि के रास्ते में लंबे जाम के चलते खासी परेशानी का सामना करना पड़ा था। यहां पर करीब 22 घंटे तक फंसे रहे थे, लेकिन अब हालात ठीक हैं। अच्छे से दर्शन हो गए हैं। अब एक-दो दिन में वापिस लौटेंगे। उन्होंने बताया कि यहां बड़ी संख्या में यात्रियों के आने से हालत बिगड़ गए थे। लेकिन अब हालात ठीक हैं। अभी खाने-पीने से लेकर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खाने-पीने की सामग्री के अधिक पैसे लिए जा रहे हैं।

बेगमगंज एसबीआई कॉलोनी में रहने वाले कृष्ण कुमार पटेल ने बताया कि वह परिवार व रिश्तेदारों सहित करीब 12 से 15 लोगों के साथ 14 मई को चारधाम यात्रा के लिए निकले थे। उन्होंने बताया कि अब स्थिति पहले से बहुत बेहतर है। पटेल के मुताबिक, हम सभी लोगों को यमुनोत्री में अच्छे से दर्शन हो गए। अब हम लोग गंगोत्री जा रहे हैं। तीर्थ यात्रा में थोड़ी बहुत तो परेशानी होती है। लेकिन मैं अब सभी परिजनों , रिश्तेदारों और मित्रों से कहना चाहता हूं कि अब सभी कुछ सामान्य है, किसी को घबराने की जरूरत नहीं है।

### इंडिगो एयरवेज़ की दिल्ली उड़ान तीन घंटे लेट आई

**संतनगर।** राजा भोज एयरपोर्ट पर शुक्रवार को भी इंडिगो एयरवेज़ की दिल्ली सहित कई शहरों की उड़ानें लेट आई। कल गुरुवार को भी इंडिगो की दिल्ली उड़ान ढाई घंटे देर से भोपाल आई थी।

विमानन सूत्रों के मुताबिक उड़ान लेट होने का कारण मौसम ख़राबी बताया जा रहा है। इसके साथ ही आज शुक्रवार को इंडिगो एयरवेज़ की उड़ान जो शाम को 4 बजे आती है, वह आज तीन घंटे की देरी से शाम सात बजे आई। वहीं बेंगलुरू उड़ान भी आज क़रीब एक घंटा देरी से भोपाल पहुंची।

### बजरंग दल की शिकायत के बाद प्रकरण दर्ज

## देश विरोधी नारे लगाते युवक का वीडियो वायरल, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मिसरोद इलाके में पंचर की दुकान चलाने वाले एक युवक ने देश विरोधी नारे लगाए तो एक व्यक्ति ने इसका वीडियो बना लिया। शुक्रवार को बजरंग दल के कार्यकर्ता युवक और वीडियो लेकर मिसरोद थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक ब्रिजेश राव (26) नई बस्ती जाटखेड़ी में रहते हैं। गुरुवार शाम दोस्त के साथ वृंदावन ढाबे के पास पान खाने पहुंचे थे। तभी वहां एक युवक पाकिस्तान जिंदाबाद और हिन्दुस्तान मुदार्बाद के नारे लगा रहा था। दोनों ने उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन युवक नहीं माना तो ब्रिजेश ने वीडियो बना लिया। पूछताछ में पता चला कि युवक का नाम फैजल खान है। वह मंडीदीप का रहने वाला है कि मिसरोद स्थित पेट्रोल पंप के पास पंचर की दुकान चलाता है।



# किन्नर ने की सिर कुचलकर वेंडर की हत्या, साथी युवक को किया घायल

**भौंरी रेलवे ब्रिज के नीचे हुई हत्या, बीच-बचाव कर रहे ऑटो चालक के हाथ में काटकर भागा किन्नर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित भौंरी रेलवे ब्रिज के नीचे बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात किन्नर ने वेंडर की सिर कुचलकर हत्या कर दी। वेंडर के साथ मौजूद ऑटो चालक ने किन्नर को पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी किन्नर उसके हाथ पर काटकर फरार हो गया। पुलिस ने ऑटो चालक की शिकायत पर किन्नर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस की अलग-अलग टीम किन्नर की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार स्टेशन रोड बैरागढ़ निवासी 38 साल का विनोद बुलानी ट्रेन में वेंडर का काम करता था। उसका साथी राजकुमार ऑटो चलाता है। राजकुमार ने पुलिस को बताया कि फरजान किन्नर ट्रेन में नेग मांगता है। वेंडर विनोद और फरजान की दोस्ती थी। बुधवार रात राजकुमार, विनोद और फरजान को लेकर भौंरी पहुंचा था। भौंरी रेलवे ब्रिज के पास सड़क पर उसने ऑटो रोका और विनोद और फरजान कुछ जरूरी बात करने का कहकर ब्रिज के नीचे चले गए। कुछ देर बाद विवाद की आवाज आई तो राजकुमार दौड़कर ब्रिज के नीचे पहुंचा था। इस दौरान उसने विनोद को घायल अवस्था में देखा। विनोद के सिर से खून बह रहा था। माजरा समझ आते ही राजकुमार ने किन्नर फरजान को पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी फरजान राजकुमार के हाथ में काटकर फरार हो गया।

**खास बातें**

- पुलिस की अलग-अलग टीम किन्नर की कर रही तलाश
- विनोद बुलानी ट्रेन में वेंडर का काम करता था
- सिर से खून बहने पर पहुंचाया अस्पताल, वहां इलाज के दौरान हो गई मौत

### पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल



घटना के बाद डर की वजह से राजकुमार विनोद को ब्रिज के नीचे ही छोड़कर फरार हो गया। वह विनोद के घर उसकी मां को घटना की जानकारी देने पहुंच रहा था। इससे पहले उसे रास्ते में छोटू ऑटो वाला मिला। उसने छोटू ऑटो वाले को घटना की जानकारी दी। छोटू ने कहा पुलिस को सूचना दो। इससे पहले ही भौंरी रेलवे स्टेशन मास्टर ने पुलिस को सूचना दी थी। दरअसल, भौंरी में डिपो पर पेट्रोल का रेक लग रहा था। सटिंग के दौरान रेलकर्मियों ने विनोद को घायल अवस्था में देखकर स्टेशन मास्टर को बताया। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने विनोद को देखा तो उसकी सांसें चल रही थी। पुलिस ने विनोद को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। गुरुवार रात तक विनोद की हालत चिंताजनक बनी हुई थी। वहां इलाज के दौरान विनोद की मौत हो गई।

### मानसिक संतुलन बिगड़ने पर युवक ने लगाई फांसी

**भोपाल।** अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सब्जी मंडी सेमरा में रहने वाले एक युवक ने गुरुवार शाम फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही उसका छोटा भाई उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गया था, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन से पूछताछ में पता चला कि मृतक का मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था और पूर्व में भी वह दो बार आत्महत्या के प्रयास कर चुका था। पुलिस के अनुसार, यशवंत ठाकुर पिता घासीराम ठाकुर (25) सब्जी मंडी के पास सेमरा में रहता था। वह फर्नीचर कंपनी में हेल्परी करता था। परिवार में उसके छोटा भाई और मां है। पिता का निधन हो चुका है। बहनों की शादी हो चुकी है। बड़ी बहन का ससुराल घर से करीब दो सौ मीटर दूरी पर है। गुरुवार शाम मां बेटी के घर गई थी, जबकि यशवंत का छोटा भाई प्रिंस ठाकुर छत पर टहलने चला गया। इस दौरान घर में यशवंत अकेला था और उसने फांसी लगा ली। छत से टहलकर नीचे पहुंचे प्रिंस ने भाई को फांसी के फंदे पर लटका देखा था। इसके बाद उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गया। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही यशवंत को मृत घोषित कर दिया।



# मनोहर झांकी और कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

**श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में शुक्रवार से वृंदावन धाम के संत इंद्रेश महाराज की श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा शुक्रवार सुबह 9 बजे मुख्य बाजार स्थित गणेश चौक से प्रारंभ हुई। यात्रा में सिर पर धारण किए 101 कलश एवं श्री राधा कृष्ण की मनमोहक झांकी आकर्षण का केंद्र रही। यात्रा का नगर में विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शाम 4 बजे से इंद्रेश महाराज द्वारा वार्ड 1 स्थित सेठ फूलचंद नगर में श्रीमद् भागवत कथा श्रवण कराई गई। कथा 23 मई तक शाम चलेगी।

इंद्रेश महाराज रोजाना 4 से 7 बजे तक कथा का वान करेंगे। कलश यात्रा के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, समाजसेवी रमेशचन्द्र अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, जगदीश सोनी, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा पाल सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति मौजूद रहीं।

**खबर संक्षेप**



### स्टेशन रोड पर लग रहा जाम, लोग परेशान

**औबेदुल्लागंज।** नगर में सड़क किनारे कार और बाइक खड़े कर देने से सड़क संकरी हो जाती है, इससे आए दिन जाम लग रहा है। जाम से जनता परेशान है स्टेशन रोड पर तो सड़क के दोनों तरफ बाइक नेताओं की कार खड़ी रहती है बैंकों के सामने कारें खड़ी रहती है। सुदामा तिवारी, राकेश तिवारी, मनोज नाई कहते हैं कि अतिक्रमण कराना नेताओं का काम है, इसीलिए अतिक्रमण नहीं हटेगा। सीताराम चौराहा पर बसे खड़ी होती हैं। सबसे ज्यादा जाम वहीं लगता है। यहां फिर गौहरगंज रोड पर रजिस्टार ऑफिस के सामने 100 मीटर में 200 वाहन सड़क पर खड़े रहने से जाम लगता है। मुख्य चौराहे से लेकर राम मंदिर तक तो सड़कों पर इतने वाहन खड़े रहते हैं कि हर 10 मिनट में जाम लगता है।

### डॉ. नेहा गुप्ता की पुस्तक का किया विमोचन



**संतनगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज, भोपाल की भाषा विभाग प्रमुख डॉ. नेहा गुप्ता ने प्रसिद्ध नाटककार अर्नोल्ड वेस्कर पर अपनी नवीनतम पुस्तक का विमोचन किया। यह नया प्रकाशन अंग्रेजी साहित्य का अध्ययन कर रहे स्नातकोत्तर छात्रों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने का उद्देश्य रखता है, जो वेस्कर के कार्यों पर गहन विश्लेषण और अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। डॉ. गुप्ता की नौवीं पुस्तक है, जो उनके प्रभावशाली पोर्टफोलियो में एक और महत्वपूर्ण योगदान है। उनका व्यापक शोध और विशेषज्ञता इस पुस्तक को विद्वानों और उभरते नाटककारों के लिए एक मूल्यवान संसाधन हैं। पुस्तक न केवल वेस्कर के नाट्य योगदानों की गहराई से पड़ताल करती है, बल्कि उनके नाटकों और उनके सामाजिक-सांस्कृतिक प्रभाव की समझ को बढ़ाने महत्वपूर्ण दृष्टिकोण प्रदान करती है।

### छात्रा को परेशान करने वाले मनचले पर केस दर्ज

**भोपाल।** गांधी नगर पुलिस ने बारहवीं कक्षा में पढ़ने वाली एक छात्रा की रिपोर्ट पर मनचले युवक के खिलाफ छेड़छाड़ और पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी बारहवीं में पढ़ती है। गांधी नगर में रहने वाले पंकज मीना ने तीन साल पहले उसे प्रपोज किया था, लेकिन छात्रा ने मना कर दिया था। परेशान करने पर पीड़िता ने परिवार वालों को बताया तो उन्हें उसे समझाया था। इसके बाद पिछले सात महीने से वह लगातार परेशान कर रहा था। पीड़िता ने थाने जाकर केस दर्ज करवा दिया।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| शुभांक: | 0549 | | |
| दिन: | 267 | 53 | 779 |
| रात: | 345 | 20 | 479 |


## बैरागढ़ टी-वार्ड में चोरों ने एक साथ तीन मकानों में बोला धावा

# बुजुर्ग दंपती को घर में बंधक बना कर 20 तोला सोना सहित 40 लाख की चोरी

- *बुजुर्ग का बेटा विदेश में बिजनेस करता है और उसकी बहू अपने मायके गई हुई थी*
- *लगातार हो रही चोरियों से लोग अपने को समझ रहे असुरक्षित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत नगर में आए दिन चोरी की घटनाओं से लोग परेशान हैं। यहां पर आए दिन चोरी की घटनाएं हो रही हैं। बीती रात भी अज्ञात चोरों ने एक ही स्थान पर तीन घरों पर धावा बोलकर लाखों का माल उड़ा दिया। इस घटना से बुजुर्ग दंपति में दहशत व्याप्त है, क्योंकि बदमाशों ने हाथ-पैर बांधकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। लगातार हो रही चोरियों से लोग अपने आप को असुरक्षित समझ रहे है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।



### दंपती को बंधक बनाने के बाद किचन से खाना निकाल कर खाया



बैरागढ़ के टी वार्ड में चोरों ने एक साथ तीन मकानों को अपना निशाना बनाया है और लाखों रुपए का जेवर लेकर फरार हो गए हैं। इस दौरान चोरों ने बेडरूम में सो रहे बुजुर्ग दंपति को कमरे में ही रस्सी से बांध दिया। बैरागढ़ के टी वार्ड में रहने वाले चंद्र बेलानी अपनी पत्नी के साथ नीचे के कमरे में सो रहे थे। तभी देर रात पटरी के रास्ते से चोर उनके घर की खिड़की तोड़कर अंदर दाखिल हुए। यहां पहले चोरों ने उन्हें रस्सी से बांधा, इसके बाद किचन में खाना निकाल कर खाए और फिर ऊपर के कमरे से लगभग बीस तोला वजनी सोने के जेवर लेकर फरार हो गए, जिसकी कीमत लगभग 40 लाख रुपए बताई जा रही है। वहीं, इसी कॉलोनी के दो अन्य मकानों को भी चोरों ने अपना निशाना बनाया है, लेकिन उनके यहां बड़ा सामान हाथ नहीं लगा। इस घटना के बाद बुजुर्ग दंपति परिवार सदमे में है। बुजुर्ग का बेटा विदेश में बिजनेस करता है और उसकी बहू अपने मायके गई हुई थी, तभी चोरों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। यहां पर आए दिन चोरी की घटनाएं हो रही हैं, जिससे लोगों में दशहत है।

### चार्टर्ड अकाउंटेंट के ऑफिस में घुसा चड्डी-बनियान गिरोह, नगदी और चांदी के सिक्के चोरी

**भोपाल।** बागसेवनिया के विद्यानगर स्थित एक चार्टर्ड अकाउंटेंट के कार्यालय में चड्डी-बनियान गिरोह घुस गया। बदमाश यहां से चांदी के सिक्के, दस हजार रुपए नगद और कागजात समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बदमाशों की यह करतूत कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस हुलिए के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।



पुलिस के मुताबिक विद्या नगर में रहने वाले विनय शारदा फाइनेंस कंसलटेंट हैं। उनके बेटे चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं। उन्होंने घर के पास ही अपना कार्यालय बना रखा है। बुधवार की रात करीब दस बजे वह कार्यालय बंद कर घर चले गए थे। गुरुवार सुबह पहुंचे तो कार्यालय का ताला टूटा मिला और सामान बिखरा पड़ा था। चैक करने पर दराज में रखे दस हजार रुपए नकद, चांदी के छह सिक्के और अन्य सामान गायब था। उन्होंने जब सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे तो चड्डी-बनियान गिरोह के चार सदस्य कार्यालय में घुसते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इधर, ऐशबाग थानांतर्गत ओल्ड सुभाष नगर स्थित गुरुद्वारा के पास रामी बुधानी की स्कूटर पर टंगा बैग चोरी हो गया। बैग में दो हजार रुपए नकद और मोबाइल रखा हुआ था।

**पुलिस ने मृतक का कमरा सील किया**

# कमर में दर्द से परेशान युवक ने हाथ की नस काटकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित चौकसे नगर में एक युवक ने हाथ की नस काटकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि वह कमर दर्द से परेशान था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने मृतक का कमरा सील कर दिया है। शनिवार को कमरे की तलाशी ली जाएगी।

पुलिस के अनुसार राहुल विश्वकर्मा पिता विश्वनाथ विश्वकर्मा (30) चौकसे नगर में किराए से रहता था। मूलतः सीहोर निवासी राहुल प्राइवेट काम करता था। उसकी पत्नी निजी अस्पताल में स्टाफ नर्स है। पत्नी ने बताया की वह नाइट ड्यूटी पर थी। शुक्रवार सुबह करीब दस बजे सब्जी खरीदने के बाद घर पहुंची, जो कमरे में राहुल को बेसुध देखा था। राहुल के हाथ से खून बह रहा था। उसने अपने देवर को घटना की जानकारी और उसकी मदद से राहुल को लेकर अस्पताल पहुंची, वहां डॉक्टर ने राहुल को प्राथमिक जांच में ही मृत घोषित कर दिया।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित आदमपुर छावनी में गुरुवार रात युवक ने फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है। पुलिस के अनुसार भजनलाल पंजाबी पिता दारा सिंह पंजाबी (35) आदमपुर छावनी, बिलखिरिया में रहता था और मजदूरी करता था। गुरुवार रात करीब साढ़े 11 बजे के आसपास उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। पत्नी ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन उसने दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद पत्नी ने पास ही रहने वाले रिश्तेदार को घटना की जानकारी दी। रिश्तेदार घर पहुंचे और कमरे की कुंडी तोड़ी गई। इस दौरान भजनलाल मफलर के सहारे टीन शेड के लिए लगाए पाइप पर लटका नजर आया। पत्नी और रिश्तदारों ने उसे फंदे से उतार और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है।

# आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा लगा रहे चार सटोरी गिरफ्तार

**सात मोबाइल, स्विफ्ट डिजायर कार और नगदी बरामद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



क्राइम ब्रांच ने आईपीएल मैच पर सट्टा बुक रहे चार सटोरी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से सात मोबाइल, एक स्विफ्ट डिजायर कार, साढ़े 9 हजार रुपए की नगदी और लाखों रुपए का हिसाब-किताब जब्त किया है। आरोपी आईपीएल क्रिकेट मैच की आईडी बनाकर सट्टा बुक कर रहे थे।

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि मंगलवारा स्थित होटल लक्ष्मी विलास के पास एक कार में बैठे चार युवक आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा बुक कर रहे हैं। सूचना के बाद क्राइम ब्रांच की एक विशेष टीम मौके पर भेजी गई तो चार युवक क्रिकेट मैच पर अवैध रूप से ली गई आईडी पर सट्टा लगाते मिले। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम बादल जैन उर्फ मोन्टू (31) निवासी लक्ष्मीपुरा, मोती नगर जिला सागर, मोहित यादव (22), पवन नाथ (24) और अनमोल राठौर (27) तीनों निवासी सरदार पटेल नगर थाना मंगलवारा बताया। तलाशी लेने पर चारों के पास से कुल 7 मोबाइल और साढ़े 9 हजार रुपए की नगदी बरामद की गई।



### नप ने अवैध नल कनेक्शन को काट कर किया बंद

**औबेदुल्लागंज।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी सोनाली शर्मा, सीएमओ के दिए गए निर्देशानुसार शुक्रवार को वार्ड 6 इकलामा में अवैध नल कनेक्शन को चिन्हित कर पूर्ण रूप से बंद करने की कार्रवाई की गई। अवैध नल कनेक्शन को बंद किए जाने का अभियान निरंतर रूप से समस्त वार्डों में चलाया जाएगा। इस अभियान में मुख्य रूप से कर्मचारी अधिकारी, जलप्रदाय शाखा प्रभारी प्रमोद तिवारी, विनोद यादव, सुशील चतुर्वेदी, आशीष यादव, जितेंद्र सिरसवाल, संजय बाजपेई, मोतीलाल परमार, कोमल यादव, भीम सिंह पवार, नारायण सिंह रतीराम, घासीराम, शंकर लाल, दीपक मैथिल, बालकिशन एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

पुलिस ने कोर्ट में पेश कर 20 मई तक की रिमांड पर लिया

# खुद को आईबी का अधिकारी बताकर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ पुलिस ने 73 साल के बुजुर्ग जालसाज को गिरफ्तार किया है। जालसाज पर आरोप है कि उसने दो युवतियों समेत एक युवक को विधि संकाय और कमांडो बनाने के नाम पर 19 लाख की ठगी की थी।

पुलिस आरोपी से ठगी की अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार गोविंदपुरा, महेश्वर निवासी हरि उर्फ हरीश चावरे शातिर जालसाज है। उसने रातीबड़ निवासी पूजा और कीर्ती से विधि संकाय में नौकरी के नाम क्रमशः सात-साल लाख रुपए लिए थे। उक्त रुपए 14 अप्रैल को दिए थे। उनके अलावा ब्रजेश से पांच लाख रुपए लिए थे। उसने ब्रजेश से कहा था कि वह उसे कमांडो की नौकरी दिला देगा। रुपए देने के बाद भी जब तीनों को नौकरी नहीं मिली तो उन्होंने हरीश से संपर्क किया। इस पर हरीश कहने लगा कि आचार संहिता है। आचार संहिता के बाद सभी की नौकरी लग जाएगी।

### फर्जी नियुक्ति-पत्र दिया था



*पीड़ित पक्ष ने बताया कि नौकरी नहीं मिलने पर वह हरीश पर दबाव बनाने लगे तो उसने एक सभी को नियुक्ति पत्र दिया था। नियुक्ति पत्र लेकर संबंधित विभाग पहुंचे तो पता चला कि यह फर्जी है। इसके बाद उन्होंने पुलिस कमिश्नर को शिकायत की थी। कमिश्नर के आदेश के बाद रातीबड़ पुलिस ने धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया था। पुलिस ने आरोपी को महेश्वर के गोविंदपुरा इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी हरीश चावरे शातिर जालसाज है और पूर्व में उसके खिलाफ इंदौर और उज्जैन में एफआईआर हो चुकी है। आरोपी सात साल की सजा भी काटकर आ चुका है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को 20 मई तक की रिमांड पर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।*

**गांवों में खुलेआम चल रहा अवैध शराब की तस्करी और काला बाजारी का कारोबार**

# सुल्तानपुर थाने में पदस्थ तीन पुलिसकर्मी को शराब माफिया से रिश्वत लेने पर रायसेन एसपी ने किया निलंबित, राजा पर पहले भी कई बार हो चुकी कार्रवाई

- *सुल्तानपुर जोड़, नेशनल हाईवे के सभी ढाबों पर परोसी जा रही अवैध शराब*
- *नगर में होटलों से लेकर किराना दुकान तक में बेच रहे अवैध शराब*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

थाना सुल्तानपुर क्षेत्र में वैसे तो अवैध शराब का कारोबार चरम सीमा पर है। अवैध शराब की तस्करी, काला बाजारी सुल्तानपुर क्षेत्र के गांव-गांव में की जा रही हैं। सुल्तानपुर रायसेन रोड से लेकर सुल्तानपुर जोड़, नेशनल हाइवे के सभी ढाबों पर अवैध शराब धड़ल्ले से बेची जा रही हैं।

वहीं सुल्तानपुर में होटलों से लेकर किराना दुकान तक अवैध शराब बेचने का कार्य चल रहा है, जिसे पुलिस देखकर भी अनदेखा कर रही है। क्योंकि कुछ को खाकी वर्दी वालों का उन्हें संरक्षण प्रात हैं। गांवों में बाइक से खुलेआम अवैध शराब की पेटियां बेखौफ दिन दहाड़े ले जाते हैं, कभी चार पहिया वाहन से गांव-गांव शराब की पेटियां सप्लाई की जाती हैं, उसके बावजूद पुलिस कार्रवाई नहीं करती। क्योंकि शराब पकड़कर छोड़ने के पैसे उन्हें मिल जाते हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जिसमें सुल्तानपुर थाने के तीन पुलिस कर्मियों पर अवैध शराब ले जाती ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ने और पैसे लेकर उसे छोड़ने के गंभीर आरोप लगा हैं।

### जांच में हुई पुष्टि, की कार्रवाई




सुल्तानपुर थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक राजा राजपूत, विनय दुबे, आरक्षक अजय बिहारी ने शराब ले जाती ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ी थी। उसे छोड़ने की अच्छी खासी मोटी रकम वसूली थी और उसे छोड़ने के बाद युवक को फंसाने की धमकी दे डाली थी। डरा घबराया हुआ फरयादी ने पुलिस अधीक्षक रायसेन विकास कुमार शाहवाल को आप बीती सुनाई और लिखित में आवेदन देकर शिकायत की। एसपी ने पहले तो उसे डाट फटकार लगाई फिर फरियादी ने आरोपों के कुछ सुबूत रायसेन एसपी को दिए, जिसकी एसपी ने जांच करवाई। जांच के बाद सत्य पाए जाने पर तीनों पुलिस कर्मियों को निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

### तीन बार हो चुके हैं प्रधान आरक्षक निलंबित

बता दें एक वर्ष पहले भी इसी थाना सुल्तानपुर में पदस्थ राजा राजपूत की ड्यूटी 100 डायल पर लगाई गई थी। एक दिन ड्यूटी के दौरान राजा राजपूत ने एक महिला को गालियां देकर अभद्र भाषा का उपयोग किया था, जिसकी रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया, न्यूज चैनल, प्रिंट मीडिया में सुर्खियां बटोरी थी। जिसपर इन्हें लाइन अटेज कर दिया था। उसके बाद भी राजा राजपूत नहीं माने। रम्मपुरे गांव के आदिवासी द्वारा पैसे लेकर दबाव बनाने की शिकायत की गई थी। इसके बाद उन्हें फिर निलंबित किया गया था। कुछ महीने ही हुए हैं वे फिर ड्यूटी पर आए और इसके बाद फिर ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़ने के लिए पैसे लेने के आरोप में निलाबित हो गए हैं। राजा राजपूत पर तीन बार निलंबित, लाइन एटेज की कार्रवाई हो चुकी है।

### तबादले के बाद भी दोबारा उसी थाने में आ जाते हैं

थाना सुल्तानपुर में पदस्थ कुछ ऐसे भी पुलिस कर्मी हैं जो कई सालों से यहां पदस्थ हैं। अगर लाइन हाजिर होते हैं तो बहाल होने पर थाना सुल्तानपुर ही आते है। ट्रांफर होता हैं तो दो चार महीने बाद फिर सुल्तानपुर थाना आ जाते हैं। आखिर ऐसा क्यों है? जबकि नियम अनुसार किसी भी विभाग में तीन साल में तबादले हो जाते हैं, लेकिन इनका स्थानस्तरण होता है तो दोबारा वहीं आने का नियम नहीं है, लेकिन थाना सुल्तानपुर के कुछ पुलिस कर्मी कुछ दिन बाद ही इसी थाने में आ जाते हैं।





**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने स्वाति मालीवाल प्रकरण में केजरीवाल को घेरा**

# भारतीय संस्कृति में देवी स्वरूपा मानी जाती हैं महिलाएं, स्वाति मालीवाल प्रकरण को लेकर 'आप' को जनता नहीं करेगी माफ, केजरीवाल जिम्मेदार पर करें कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल से अपनी स्थिति स्पष्ट करने का कहा है।

उन्होंने कहा कि आप पार्टी सांसद स्वाति मालीवाल के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री निवास में हुए दुर्व्यवहार को लेकर सवाल पूछे जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को भोपाल में मीडिया के सवाल का जवाब दे रहे थे।

*डॉ. यादव ने कहा- घटना पर संज्ञान लेकर पार्टी स्तर पर आप को लेना चाहिए एक्शन*

*राज्यसभा सांसद व आप नेत्री स्वाति मालीवाल पार्टी की बड़ी नेता*

### ऐसा पहली बार, घर में मारपीट हो जाए और मुख्यमंत्री कुछ नहीं करें

डॉ. यादव ने कहा कि यह दिल्ली की आप पार्टी और मुख्यमंत्री केजरीवाल के घर के अंदर और उनके खुद के व्यवहार का मामला है। आजादी के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है कि किसी मुख्यमंत्री को प्रकरण में जेल जाना पड़े, वो पद भी नहीं छोड़े। उनके घर में मारपीट हो जाए और मुख्यमंत्री कुछ नहीं करें। इन सब बातों को लेकर मुझे थोड़ी निराशा हुई। उन्हें इस घटना पर तुरंत ही संज्ञान लेकर जो भी जवाबदार है उस पर पार्टी स्तर पर कार्रवाई करना चाहिए।

**सीएम डॉ. मोहन ने की घटना की निंदा**

*डॉ. यादव ने कहा कि राज्यसभा सांसद व आप नेत्री स्वाति मालीवाल उनकी पार्टी की बड़ी नेता हैं। एक महिला होने के नाते से कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां तो महिलाएं देवी स्वरूपा मानी जाती है। इस प्रकरण को लेकर आप पार्टी को जनता माफ नहीं करेगी, ना उनके किसी पदाधिकारी को माफ करेगी। अभी भी समय है, उनको माफी मांगना चाहिए और इस पूरे मामले में अपनी स्थिति स्पष्ट करना चाहिए।*

## प्रदेश वासियों को अयोध्या दर्शन कराने के लिए बन रही है योजना

# मुख्यमंत्री प्रदेश के वरिष्ठजनों को लेकर अयोध्या पहुंचे, प्रभु श्रीराम के किए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को प्रदेश के वरिष्ठजनों के साथ अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। उन्होंने कहा कि एक बार मैं मंत्रिमंडल के सभी साथियों के साथ दर्शन करने अयोध्या गया था। सभी साथियों ने सपरिवार अयोध्या में श्रीराम के दर्शन किए थे, तभी यह निश्चित किया था कि प्रदेश के सभी जिलों के लोग अयोध्या जाकर दर्शन करें, ऐसी व्यवस्था की जाएगी। मेरे मन में यह सहज भाव है कि भगवान के दर्शन सभी को करने चाहिए। यह व्यवस्था इसी भाव का प्रकटीकरण होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ भोपाल से पूर्व राज्यसभा सदस्य रघुनंदन शर्मा, पूर्व सांसद नारायण केसरी, वरिष्ठ समाजसेवी ओम मेहता तथा वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा के साथ विमान से अयोध्या के लिए रवाना हुए। अयोध्या पहुंचने पर उत्तरप्रदेश विधानसभा सदस्य व भाजपा प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश, अयोध्या के विधायक वेद गुप्ता, प्रदेश भाजपा मंत्री मणींद्र पांडे और भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव तथा उनके साथ पधारे वरिष्ठ जन का आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्य प्रदेशों के लोग भी प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करने आएं, इसके लिए भी योजना बनाई जा रही है।

**अन्य राज्यों के लोग भी मप्र के धार्मिक स्थलों की यात्रा करें, इसके लिए भी बनेगी योजना**





### धार्मिक स्थलों की यात्रा और देव दर्शन से मन में रहता है संतोष

*मुख्यमंत्री ने कहा कि आंतरिक दृष्टि से मप्र का भौगोलिक क्षेत्र बहुत बड़ा है, ऐसे प्रयासों से प्रदेश के देव स्थानों को लेकर लोगों में जागृति भी आएगी। धार्मिक स्थलों की यात्रा और देव दर्शन से मन में संतोष रहता है, व्यक्ति आंतरिक शक्ति का भी अनुभव करता है। इस प्रकार की यात्राएं और नवाचार क्षेत्रीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहित करने में सहायक होते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ गए वरिष्ठजन ने इस पहल के संबंध में कहा कि यह डॉ. यादव की संवेदनशीलता और वरिष्ठ जन के प्रति सम्मान की अभिव्यक्ति है।*

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रावस्ती में आयोजित जनसभा में कसा तंज**

# नाम तो समाजवादी पार्टी रखा है, व्यवहार आपका परिवारवादी पार्टी की तरह: डॉ. यादव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को अयोध्या के बाद उप्र के श्रावस्ती पहुंचे थे। उन्होंने इस दौरान समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कहा नाम तो समाजवादी पार्टी रखा है, व्यवहार आपका परिवारवादी पार्टी की तरह है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव श्रावस्ती में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजमगढ़ में एक स्थान पर आया था तो समाजवादी पार्टी ने कहा, इनका उत्तर प्रदेश में क्या काम? उन्होंने कहा कि पूरे भारत से मेरा संबंध है। यह भारतीय जनता पार्टी है, जो सभी को अवसर देती है। जनता में से कोई भी मुख्यमंत्री बन जाए, मंत्री बन जाए, जनता में से सांसद बन जाए, न कि एक परिवार में से ही सब कुछ बने।



### गौरवशाली मौका देने वाली पार्टी का नाम है भाजपा

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आम जनों से पूछा कि गरीब किसान के घर में से सांसद, विधायक बनना चाहिए या नहीं। आम आदमी में से मंत्री बने, मुख्यमंत्री बने। यह यदि कोई गौरवशाली मौका देता है, उस पार्टी का नाम ही है, भारतीय जनता पार्टी। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने नाम तो समाजवादी पार्टी रखा, लेकिन व्यवहार परिवारवादी पार्टी की तरह है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब परिवार में चाचा ही बेचारे लाइन में खड़े रह गए। आज तक उनके साथ तो न्याय नहीं करा, किसके साथ न्याय करोगे?*

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन आज मुंबई प्रवास पर

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को मुंबई प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान पत्रकार वार्ता, शोभायात्रा एवं जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुबह 11.50 बजे मुंबई के नरिमन प्वाइंट स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। वे दोपहर 1.35 बजे मुंबई दक्षिण मध्य लोकसभा के शिवाजी पार्क दादर में आयोजित शोभायात्रा में शामिल होंगे। डॉ. यादव शाम 4 बजे मुंबई दक्षिण लोकसभा के लालबाग, मेघवाडी में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद भोपाल लौटेंगे।*

# दिग्विजय, कमलनाथ और प्रशांत के खिलाफ पुलिस की खात्मा रिपोर्ट मंजूर

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

व्यापमं मामले को लेकर झूठे एवं मनगढ़ंत आरोप लगाने और कोर्ट में गलत तथ्यों के आधार पर परिवाद पेश किए जाने के मामले में कांग्रेस नेता कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, तत्कालीन कांग्रेस नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया और व्हिसल ब्लोअर प्रशांत पाण्डेय के खिलाफ दर्ज अपराध की खात्मा रिपोर्ट को एमपीएमएलए मामलों के विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट तथागत याज्ञनिक ने शुक्रवार को मंजूर करने के आदेश पारित किया हैं। अदालत के आदेश से इन नेताओं को राहत मिल गई है। मामले के अनुसार, भाजपा विधि प्रकोष्ठ के तत्कालीन प्रदेश संयोजक संतोष शर्मा ने वर्ष 2018 में अदालत में गलत तथ्यों के आधार पर परिवाद पेश किए जाने के आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, तत्कालीन कांग्रेस नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया और व्हिसल ब्लोअर प्रशांत पाण्डेय के खिलाफ निज परिवाद पत्र दायर कर अपराध पंजीबद्ध करने की मांग की थी। तत्कालीन विशेष न्यायाधीश सुरेश सिंह ने पुलिस थाना श्यामला हिल्स को अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के आदेश दिये थे।

### अदालत में पेश की थी रिपोर्ट

अदालत के आदेश पर पुलिस थाना श्यामला हिल्स ने 27 सितंबर 2018 को अपराध क्रमांक 176 /18 में भारतीय दंड विधान की धारा- 465 , 468 , 469,471, 472, 474 और 120 (बी) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर उसकी रिपोर्ट अदालत में पेश की थी। पुलिस थाना श्यामला हिल्स ने मामले के अनुसंधान के पश्चात 7 जून 2019 को अदालत में खात्मा रिपोर्ट पेश की थी। खात्मा रिपोर्ट में पुलिस ने बताया था कि प्रकरण में विवेचना के दौरान फरियादी संतोष शर्मा के बयान दर्ज किए गए थे।

**लोकसभा चुनाव-2024**

# कांग्रेस ने मांगी मतगणना अभिकर्ता को केलकुलेटर ले जाने की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव की मतगणना 4 जून को होना है। प्रदेश कांग्रेस के चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जेपी धनोपिया ने चुनाव आयोग से पत्र लिखकर चुनाव परिणाम के दिन नियुक्त मतगणना अभिकर्ता को भी मतों की गणना के लिए मतगणना स्थल पर केलकुलेटर ले जाने की अनुमति दिए जाने की मांग की है। धनोपिया ने कहा कि चूंकि मतगणना अभिकर्ता के लिए जारी पुस्तिका में जिन उपकरणों को मतदान स्तर पर ले जाना प्रतिबंधित होना नहीं दर्शाया गया है, उसमें केलकुलेटर सम्मलित नहीं है। मतगणना स्थल पर मतों की गणना मौखिक रूप से किया जाना वर्तमान परिवेश में कठिन कार्य है। चुनाव ड्यूटी में अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा मतगणना का कार्य केलकुलेटर से किया जाता है। इसलिए चुनाव आयोग से मांग की है कि मतगणना दिवस पर मतगणना अभिकर्ता को मतगणना स्थल पर गणना के उपयोग करने के लिए केलकुलेटर ले जाने की अनुमति प्रदान की जाए।

- 4 जून को होगी मतगणना

### सीएस की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय अनुश्रवण समिति का गठन

**भोपाल।** राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन के अनुश्रवण के लिए उच्च स्तरीय अनुश्रवण समिति का गठन किया है। उच्च स्तरीय अनुश्रवण समिति मे अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास, प्रमुख सचिव खाद्य प्रसंस्करण एव उद्यानिकी, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, श्रम, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार, मत्स्य पालन एवं मछुआ कल्याण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, संचालक,संस्थागत वित्त, संयोजक, राज्य अग्रणी बैंक सदस्य एवं अपर मुख्य सचिव, कुटीर एवं ग्रामोद्योग समिति के सदस्य सचिव होंगे।

### कर्मचारी संघ ने मांगा विस और लोकसभा चुनाव का मानदेय

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव की मतदान में लगाए गए कर्मचारियों को उनका मानदेय नहीं मिला है। इस संबंध में मप्र तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के मप्र निर्वाचन पदाधिकारी और कलेक्टर को पत्र लिखकर मानदेय दिलाए जाने की मांग की है। संगठन के प्रदेश सचिव उमाशंकर तिवारी ने बताया कि मतदान के दौरान 6 और 7 मई को जिन अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, उन्हें दस दिन बाद भी मानदेय नहीं दिया गया। स्थिति यह है कि पिछले विधानसभा और नगर निगम चुनाव में लगाए कई कर्मचारी भी आज तक मानदेय से वंचित है। उन्होंने कर्मचारियों के बैंक खाते में मानदेय भेजने की मांग की है।

### तीर्थ यात्रियों की भीड़, 31 मई तक वीआईपी दर्शन पर लगी रोक

**देहरादून/भोपाल।** चार धाम यात्रा में तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए वीआईपी दर्शन पर प्रतिबंध 31 मई तक बढ़ा दिया है ताकि सभी भक्त आसानी से चारों धामों के दर्शन कर सकें। उन्होंने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को सूचित किया है कि तीर्थयात्रियों की अभूतपूर्व भीड़ को ध्यान में रखते हुए, 31 मई तक चार धाम में कोई वीआईपी दर्शन नहीं होगा। इसके अलावा मंदिर परिसर के 50 मीटर के दायरे में रील बनाने पर रोक लगा दी है। हालांकि, अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यात्रा के दौरान मोबाइल फोन ले जाने पर कोई प्रतिबंध नहीं है, मोबाइल लेकर चल सकते हैं।

**जिला बैंक के कोर मास्टर ट्रेनर्स के 5 दिनी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन**

# मप्र की 1001 पैक्स सोसाइटियां हुईं लाइव, आसानी से होंगे कई काम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र की 1001 पैक्स सोसाइटियां अब लाइव हो गई है। लाइव होने से किसानों को कई तरह की सुविधा मिल गई है।

इसी तरह अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कॉलेज एवं नाबार्ड के संयुक्त तत्वावधान में जिला बैंक के कोर मास्टर ट्रेनर्स के 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हुआ। पॉच दिवसीय पैक्स कम्प्यूटराईजेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता एवं नाबार्ड के महाप्रबंधक कमर जावेद ने किया। अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक गुप्ता ने कहा कि मप्र की 1001 पैक्स लाइव हो गई है। अति शीघ्र ही हम इस क्षेत्र में प्रगति के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कुशल मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए बैंक की प्रशासक एवं प्रमुख सचिव सहकारिता दीपाली रस्तोगी एवं आयुक्त सहकारिता मनोज सरियाम का धन्यवाद ज्ञापित किया।

*कार्यक्रम में 38 जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों के 129 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया गया*



### व्यावहारिक समस्याओं का समाधन

*अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कॉलेज की प्राचार्या एवं संयुक्त आयुक्त, सहकारिता श्रीमती अरूणा दुबे, नाबार्ड के महाप्रबंधक कमर जावेद, उपमहाप्रबंधक नन्दू जे नाइक मौजूद थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षार्थियों से समूह चर्चा एवं फीडबैक के आधार पर इन्टलेक्ट से उपस्थित ट्रेनर्स जितेन्द मांझी, त्रिलोचन सिंह, मनोज कुमार, अभिषेक, लीला नागेन्द्र, रमेश रेड्डी, जितेन्द जोशी, चन्द्र प्रकाश ने प्रदेश के 38 जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों के 129 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया। उनके कार्य- व्यवहार के दौरान आने वाली व्यवहारिक कठिनाईयों एवं समस्याओं का निराकरण भी किया।*

**एक हजार पुलिसकर्मी रहेंगे मौजूद, 2 एंबुलेंस की सुविधा**

4 जून की सुबह खुलेंगी ईवीएम

# मतगणना के लिए प्लान हुआ तैयार कलेक्टर ने अफसरों को बांटे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोकसभा चुनाव की मतगणना का प्लान तैयार हो गया है। चार जून को पुरानी जेल में अधिकारी-कर्मचारी वोटों की गिनती करेंगे। मतगणना के दौरान कड़ी सुरक्षा है। एक हजार से ज्यादा पुलिस जवान तैनात रहेंगे। वहीं, 2 एम्बुलेंस और एक फायर बिग्रेड पूरे समय मौजूद रहेंगी।

सात मई को भोपाल लोकसभा सीट के लिए मतदान हो चुका है। 64.6 मतदाताओं ने वोट डाले हैं। मतदान के बाद ईवीएम पुरानी जेल में बने स्ट्रांग रूम में सील कर दी गई, जो 4 जून की सुबह खुलेगी। काउंटिंग के लिए प्लान तैयार किया गया है। वहीं, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने अफसरों को काम भी बांटे हैं।



### यह अफसर संभालेंगे काम

*ज्वॉइंट कलेक्टर आदित्य जैन मतगणना दल और माइक्रो आब्जर्वर का पहला, दूसरा और तीसरा रेंडमाइजेशन कराएंगे। जिपं के अतिरिक्त सीईओ विनोद यादव काउंटिंग में लगे अधिकारी-कर्मचारियों की ट्रेनिंग प्रक्रिया पूरी कराएंगे। जिला सूचना अधिकारी ताजवर मुशर्रफ, सहायक जिला सूचना विज्ञान अधिकारी बद्री प्रसाद, ई-गवर्नेंस मैनेजर विकास गुप्ता और लोकसेवा प्रबंधक प्रसून सोनी परिणाम का टेबुलेशन करेंगे। डिप्टी कलेक्टर राजेश सोरते को प्रवेश कार्ड, अजय शर्मा को डाक मतपत्र समेत अन्य अधिकारियों को भी काम सौंपे गए हैं।*

### पांच हजार लोग रहेंगे मौजूद

*मतगणना के दिन पुरानी जेल में करीब 5 हजार अधिकारी-कर्मचारी, एजेंट और मीडियाकर्मी आदि मौजूद रहेंगे। इसलिए तैयारियां भी उसी हिसाब से की जा रही है। किसी के स्वास्थ्य को लेकर कोई दिक्कत होती है तो 2 एम्बुलेंस पूरे समय मौजूद रहेंगी। फायर बिग्रेड भी परिसर में खड़ी रहेगी।*

# पेज एक का शेष

## ईपीएफओ ने...

में भेज दिया जाएगा। ऑटो-मोड सेटलमेंट के तहत इमरजेंसी के समय कर्मचारी अपने ईपीएफ से एडवांस पैसे निकाल सकते हैं। ईपीएफओ कुछ तरह की इमरजेंसी के लिए अपने सब्सक्राइबर्स को फंड से पैसे निकालने की सुविधा देता है। इसमें इमरजेंसी बीमारी के इलाज, एजुकेशन, शादी और घर खरीदना शामिल हैं। इसमें से किसी एक इमरजेंसी के लिए आप पीएफ अकाउंट से एडवांस फंड निकाल सकते हैं।

## उनसे सीधी बात...

गठबंधन कहीं नहीं है। इसलिए चुनाव में इस गठबंधन को लेकर जो माहौल बनता वो नहीं बना। तीनों चुनावों को देखें तो विपक्षी गठबंधन से भाजपा को कोई नुकसान नहीं हुआ। भाजपा और कांग्रेस की सीधी चुनौती वाली 220 सीटों में से लगभग 95 प्रतिशत सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की। उन सीटों पर 2024 के चुनाव में कोई बड़ा उलटफेर होता नहीं दिखाई दे रहा है।

प्रश्नः चुनाव के दौरान केजरीवाल का जेल जाना और बीच चुनाव में जेल से बाहर आना, यह भाजपा को लाभ पहुंचाएगा या नुकसान?

उत्तरः केजरीवाल जिस तरह से मुद्दे उठाते हैं, उसे मैं वैकल्पिक राजनीति ही मानता हूं। सारे विपक्षी दल ऐसा कोई मुद्दा नहीं उछाल पाए जिसमें भाजपा डिफेंसिव हो जाए। लेकिन, केजरीवाल ने जेल से बाहर आते ही यह मुद्दा उछाल दिया कि नरेंद्र मोदी के 75 साल पूरे होने पर भाजपा का पीएम कौन? और भाजपा के सारे बड़े नेता डिफेंसिव हो गए और ऑन रिकॉर्ड सभी को यह बोलना पड़ा कि भाजपा के संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि 75 साल बाद कौन पीएम रहेगा? यह केजरीवाल की राजनीति है। जेल से निकलने के बाद पहले ही दिन केजरीवाल के सवालों से भाजपा असहज हो गई थी जैसे कि पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं को साइड ट्रैक करने को लेकर जो प्रश्न उन्होंने उठाया था, उसका जवाब भाजपा आज तक नहीं दे सकी।

प्रश्नः विपक्षी दल मोदी को तानाशाह करार दे रहे हैं, इस बारे में क्या सोचते हैं?

उत्तरः कोई भी राजनैतिक दल जब कोई नैरेटिव गढ़ता है तो उसके पीछे कारण होता है। विपक्षी दलों द्वारा तानाशाह कहने के पीछे उनके ऊपर ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स के छापे बताए जा रहे हैं। हालांकि, देश में ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है। आपातकाल के दौरान तो ऐसा हुआ ही है।

प्रश्नः क्या आप मानते हैं कि विपक्षी दलों के जिन नेताओं के खिलाफ कार्रवाई हो रही है वो निर्दोष नहीं हैं?

उत्तरः नरेंद्र मोदी के पीएम बनने से पहले ऐसा था कि प्रभावशाली लोगों के खिलाफ कोई अंगुली नहीं उठाई जाएगी। पीएम मोदी के काल में उन पर हुई कार्रवाई से वे सब पहली बार असहज हुए। यह तो बिलकुल ही नहीं माना जा सकता कि जिनके खिलाफ कार्रवाई हुई है वे निर्दोष हैं। इन लोगों के यहां से जो भी चीजें बरामद हुई हैं उनको देखकर और अदालतों द्वारा दिए गए निर्णय भी यह साबित करते हैं कि ये लोग निर्दोष नहीं हैं। विपक्षी दलों द्वारा यह कहा जाना कि सिर्फ उनके ऊपर कार्रवाई की जा रही है बहुत कन्वेंसिंग नहीं है। यह सही है कि जिन को पहले भाजपा भ्रष्टाचारी कहती थी उनके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है लेकिन, इससे यह साबित नहीं होता कि जिनके ऊपर कार्रवाई की जा रही है वे गलत नहीं हैं। इसलिए, पीएम मोदी को तानाशाह कहने का आरोप कन्वेंसिंग नहीं लगता।

प्रश्नः भाजपा दूसरे दलों के नेताओं को इतना तवज्जो क्यों दे रही है?

उत्तरः इस नीति से कोई अच्छा मैसेज भाजपा और उसके कार्यकर्ताओं में नहीं जा रहा होगा। इससे भाजपा को बहुत अधिक कोई राजनैतिक लाभ भी नहीं मिलने वाला। इसके पीछे का कारण विपक्ष को डेजर्ट करना है, विपक्ष की भूमि को बंजर करना है, कमजोर करना है। ताकि प्रत्याशियों को लेने में भी विपक्ष तरस जाए। भाजपा में विपक्ष को लेकर अछूतापन नहीं है। तत्कालीन पीएम स्व. जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के बाद नरेंद्र मोदी ऐसे नेता है जिनके व्यक्तित्व के सामने पार्टी गौण हो गई है। जब वे यह कहते हैं कि मोदी की गारंटी या मोदी सरकार बनाइए इससे यह स्पष्ट भी हो जाता है।

प्रश्नः दूसरे दलों के नेताओं के भाजपा में आने से भविष्य में भाजपा को कैसी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है?

उत्तरः दूसरे दलों के नेताओं के भाजपा में आने से न सिर्फ भाजपा बल्कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को भी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। आरएसएस की विचारधारा के विरोधी लोग भी भाजपा में आ रहे हैं। तो भविष्य में इसका नुकसान तो भाजपा को जरूर होगा।

प्रश्नः क्या राम मंदिर का मुद्दा इस चुनाव में दिख रहा है?

उत्तरः 1985 में भाजपा को 2 सीटें कांग्रेस को सहानुभूति की लहर के चलते मिली। 1989 में भाजपा को 85 सीटें मिली। राम मंदिर आंदोलन 90 में आया। 91 के चुनाव में 120 सीटों पर पहुंचे। राम मंदिर पूरा हो गया है, इसलिए अब वह मुद्दा नहीं रहा।

## अब बिभव बोलेः स्वाति...

था। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि राज्यसभा की एक सांसद के साथ केजरीवाल के करीबी ने बदसलूकी की। इसके बावजूद दिल्ली के मुख्यमंत्री अब तक चुप हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए थी, लेकिन बिभव कुमार उनके साथ लखनऊ में घूम रहे थे। वहीं, आप नेता आतिशी मर्लेना ने कहा कि स्वाति के आरोप भाजपा से प्रेरित हैं। वे भाजपा का मोहरा बन गई हैं। स्वाति ने आधी रात को एक्स के बायो से केजरीवाल की फोटो को हटा लिया।

**दिल्ली पुलिस आई सीएम हाउस, साथ में फोरेंसिक टीम भीः** मालीवाल के साथ कथित बदतमीजी और मारपीट की घटना की जांच दिल्ली पुलिस ने तेज कर दी है। इसके लिए सबूत जुटाने के मकसद से दिल्ली पुलिस की टीम मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर पहुंची। दिल्ली पुलिस के साथ फोरेंसिक विभाग की टीम भी थी। पुलिस की टीम गुरुवार को चार घंटे से अधिक समय तक उनके घर पर रही थी। अपर पुलिस आयुक्त पीएस कुशवाहा के नेतृत्व में टीम घटना की जानकारी लेने के लिए दोपहर एक बजकर करीब 50 मिनट पर राज्यसभा सदस्य मालीवाल के घर पर गई थी।

**आतिशी ने कहा...वीडियो से उनका षड्यंत्र बेनकाब हुआः** आम आदमी पार्टी खुलकर सीएम केजरीवाल के पीए बिभव कुमार के समर्थन में आ गई है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने स्वाति को भाजपा की साजिश का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि जब से सीएम केजरीवाल तिहाड़ से बाहर आए हैं, तब से भाजपा बौखलाई हुई है। इसी वजह से भाजपा ने साजिश रची और स्वाति मालीवाल को सीएम के घर सुबह-सुबह भेजा। इसका इरादा था सीएम केजरीवाल पर झूठे आरोप लगाना। उन्होंने कहा कि स्वाति इस षड्यंत्र का चेहरा थीं। स्वाति 13 मई को बिना अपाइंटमेंट लिए सीएम आवास पहुंचीं, उनका इरादा था कि सीएम पर आरोप लगाए जाएं लेकिन वो उपलब्ध नहीं थे, इसलिए वो बच गए। उन्होंने कहा कि जो वीडियो सामने आया है, उसने उनके षड्यंत्र को बेनकाब कर दिया है। मालीवाल के सभी आरोपों को गलत करार दिया।

**स्वाति मालीवाल ने भी किया पलटवारः** आतिशी की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद स्वाति मालीवाल ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि दो दिन पहले पार्टी ने पीसी में सच कबूल लिया था लेकिन आज यू टर्न ले लिया। उन्होंने कहा कि पार्टी में कल के आए नेताओं से 20 साल पुरानी कार्यकर्ता को भाजपा का एजेंट बता दिया। ये गुंडा पार्टी को धमका रहा है, मैं अरेस्ट हुआ तो सारे राज़ खोलूंगा। इसलिए ही लखनऊ से लेकर हर जगह शरण में घूम रहा है। उन्होंने आगे कहा, आज उसके दबाव में पार्टी ने हार मान ली और एक गुंडे को बचाने के लिए पूरी पार्टी से मेरे चरित्र पर सवाल उठाए गए। कोई बात नहीं, पूरे देश की महिलाओं के लिए अकेले ही लड़ती आई हूँ, अपने लिए भी लड़ूंगी। जमकर करैक्टर असैसीनैशन करो, वक़्त आने पर सब सच सामने आएगा!

## बिभव ने कहा...

बनाने के लिए उन पर झूठे आरोप लगा रही हैं। अपनी शिकायत में बिभव ने यह भी कहा कि स्वाति के झूठे आरोप गलतफहमी फैला रहे हैं। इस वजह से वह घटना की सच्चाई सबके सामने रख रहे हैं।

## 'कुछ लोगों' को वोट...

**एक ही परिवार के लोग प्रधानमंत्री बनेः** यादव ने कहा कि इस बार राहुल गांधी फिर भागकर वापस यूपी आए हैं। देश में 70 वर्षों तक राज करने के बाद भी कांग्रेस ने कभी भी श्रीराम मंदिर निर्माण में रूचि नहीं दिखाई। जब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राममंदिर निर्माण की राह खुली, तो उसमें भी अड़ंगे लगाए। इन्होंने 35 साल पहले सुप्रीम कोर्ट के दिए गए तीन तलाक के कानून को भी लागू करवाने में दिलचस्पी नहीं ली। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने तीन तलाक के कानून को लागू करवाया।

## तो, कांग्रेसी...

सिर्फ वोट बैंक की राजनीति ही करती रही है। मुस्लिम भाई-बहनों के कांग्रेस ने सिर्फ वोट लिए हैं, उनके विकास के लिए कुछ नहीं किया।

## 30 श्रद्धालुओं...

बच गई। देखते ही देखते बस से आग की लपटें उठने लगी और कुछ ही समय में पूरी बस जलकर खाक हो गई। बस में रखे यात्रियों के रुपए पैसों से लेकर कपड़े व पूरा सामान जलकर खाक हो गया। प्रारंभिक पड़ताल में आग शॉर्ट सर्किट से लगाना बताया जा रहा है। सूचना के बाद कोलारस नगर परिषद की फायर बिग्रेड ने पंहुच कर आग पर काबू पाया। यात्रियों ने बताया कि अगर उतरने से 2 मिनट भी लेट हो जाते तो बड़ी घटना घट सकती थी। बताया गया है कि बस के एसी में शुरू से ही दिक्कत थी। रास्ते में दो बार उसे सुधरवाया गया था। हो सकता है कि इसकी वायरिंग शॉर्ट होने से आग लगी हो।

## आगर पुलिस पर...

कोतवाली थाना पर एक शिकायत कि गई थी, जिसको लेकर थाने पर पदस्थ दो प्रधान आरक्षकों पर एक पक्ष से प्रकरण दर्ज करने के नाम पर 3 लाख रुपए क्ी रिश्वत लेने की शिकायत विधायक आगर को की गई थी। बता दें कि फरियादी नरेंद्र सिंह ठाकुर पिता खुमान सिंह ठाकुर निवासी माली खेड़ी और हंसा बंसिया पिता गिरिराज बंसिया पाल रोड द्वारा जमीन खरीदी बिक्री में धोखाधड़ी करने के मामले में करीब 2 माह पूर्व आगर कोतवाली थाने पर एजाज खान के खिलाफ आगर कोतवाली थाने पर एक शिकायती आवेदन दिया था। जिसमें पुलिसकर्मी एजाज खान पर एफआईआर दर्ज नहीं कर रहे थे। इस संबंध में एसपी विनोद कुमार सिंह का कहना है कि गंभीर आरोपों के चलते दोनों प्रधान आरक्षक राधेश्याम विश्वकर्मा और नरेंद्र सिंह भाटी को निलंबित किया गया है। मामले की जांच करवाई जा रही है। भूमि के विक्रेता का कहना है कि राशि देने के बाद भी झूठी शिकायत कि गई थी, जब हमने क्रेता पर कार्यवाही कि मांग कि तो हमसे रिश्वत मांगी गई थी। विधायक मधु गेहलोत का कहना है कि आगर पुलिस भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है हम मुख्यमंत्री को शिकायत करेंगे।

## आसमान में फ्लाइट...

के वातानुकूलन में आग लगी है। इसके बाद पायलट ने इस प्रकरण से तत्काल आइजीआई एयरपोर्ट के एटीसी को अवगत कराया। पायलट ने विमान को वापस लौटाने का फैसला किया। एटीसी से मंजूरी के बाद विमान ने रास्ता मोड़ा और हरियाणा के तावड़ू व उत्तर प्रदेश के रबुपुरा व जेवर के उपर कई चक्कर काटने के बाद आइजीआई एयरपोर्ट पर 6.38 बजे लैंडिंग की। एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग से जुड़े प्रोटोकॉल का पालन करते हुए विमान की इमरजेंसी लैंडिंग सुरक्षित कराई गई। लैंडिंग के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली। फिलहाल इस प्रकरण पर एयर इंडिया की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। उधर, गोवा हवाई अड्डे पर भारतीय नौसेना के एक विमान की आपातकालीन लैंडिंग हुई। इसके बाद शाम 4.50 बजे से 6.30 बजे तक रनवे बंद कर दिया गया था। इस अवधि के दौरान चार उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा।

## इंदौर-छिंदवाड़ा में...

रहा था। शनिवार को विदिशा, राजगढ़ और छिंदवाड़ा में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि, ग्वालियर-चंबल में लू चलने का अलर्ट जारी किया है।

गर्मी का असर रतलाम, शिवपुरी और नौगांव में भी रहा, यहां भी तापमान 43 डिग्री रहा। भोपाल में पारा 40.2 डिग्री, इंदौर में 39.9 डिग्री, जबलपुर में 35.4 डिग्री और उज्जैन में पारा 42.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में कई जिलों में बारिश, आंधी का अलर्ट जारी किया है। विदिशा, राजगढ़, धार के मांडू और छिंदवाड़ा में गरज के साथ धूल भरी आंधी चल सकती है। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि अभी भी पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता है। शनिवार को सिस्टम गुजर जाएगा। ग्वालियर-चंबल में लू चलने का अलर्ट जारी किया है। देवास, सीहोर में हल्की गरज के साथ बिजली गिरने की संभावना है। शाजापुर, आगर, गुना, अशोकनगर, सागर, दमोह, रायसेन, उज्जैन, भोपाल, बड़वानी के बावनगजा, नीमच, रतलाम, दक्षिणी खरगोन, सिवनी, पांढुर्णा, बालाघाट, मंडला, कटनी और जबलपुर जिलों में भी मौसम बदला रहेगा।

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


कृत्रिंग अंग (पैर)

कैलिपर, एवं शारिरिक सहायक उपकरण बनायें जाते है।
संपर्क करें- मो.9826350154,6266402502
अजंता रिहैविलिटेशन सेंटर 5/4 संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर न्यू मार्केट के पास भोपाल (म.प्र.)

DR. JAGPREET'S PHYSIOTHERAPY
REHABILITATION AND FOOT CARE CLINIC
Treating Your Pain With Care
SEEK RELIEF & EXPERT CARE AT
DR. JAGPREET'S CLINIC
• DR. JAGPREET SINGH (PT)
• DR. KAVITA MEHAR (PT)
Consultant Physiotherapist
पैरों की विभिन्न प्रकार की स्थितियों के लिए :-
• हाई आर्च
• फ्लैट फुट
• हील पेन
• प्लांटर फैसिटीज
• डायबिटीज फुट अल्सर
क्या आप मस्कुलोस्केलेटल चोटों या पैरों की समस्याओं से पीड़ित हैं?

अत्याधुनिक उन्नत फिजियोथेरेपी तकनीकें
B-12, नर्मदापुरम रोड, भारतीय तेल राजधानी के पीछे पेट्रोल पंप, विद्या नगर, भोपाल, (म.प्र.) 462026
email ld-feetphysio@gmail.com
+91 9111666100
+91 7000798589

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

महालक्ष्मी फायनेंस
*महिलाओं को विशेष छूट (सरकार द्वारा रजिस्टर)
1% ब्याज 50% छूट
सभी प्रकार की योजनाओं के द्वारा लोन ऑनलाईन पाएं
एजेंट आमंत्रित वेतन - 25,000/- प्रतिमाह + कमीशन
मार्कशीट | पर्सनल | बिजनेस | कृषि | होमलोन | प्रॉपर्टी | व्यवसाय | राशनकार्ड | आधारकार्ड | मुर्गीपालन | ईंटभट्टा | समूह लोन
नया रोजगार शुरु करने के लिए जनधन मुद्रा योजना के द्वारा 1 लाख से 50 लाख तक 24/48 घंटे में घर बैठे लोन
9917370725
B-01/05 to 30/05/24

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844
R-15/05 to 30/06/24 not on 04/06

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644, 9300009644


JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
(Affiliated to Barkatullah University and Recognised by Govt. of M.P. & NCTE New Delhi)
56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal Website: www.jncbpl.com
Mob.: 9826264575, 8889560478 Tel. 0755-2660949 College Offering best Career Options With Minimum Fee Structure
DIRECT REGISTRATION FOR ONLINE ADMISSION For Online Admission : Contact College Office
Courses Offered ★M.Sc. Physics ★M.Sc. Chemistry ★M.Sc. Botany ★M.Sc. Zoology ★M.Sc. Micro bio. ★M.Sc. Biotech. ★M.Sc. Computer Sc. ★M.Sc. Maths ★PGDCA ★B.Sc. Computer/IT ★B.Sc. CBZ/PCM ★B.Sc. Micro/Biotech ★B.Sc. Elex/Env. Sc. ★BCA ★B. Com. Computer ★B.Com. Plain ★BA ★B. Lib I.sc. ★M. Lib. I.sc. ★M.Com ★M.A. (Eng. Urdu, Polt Sc. Socio. & Eco.) ★B.B.A. ★B.P.E.S. ★PG Diploma In Yogic Science ★D.El. Ed.
NCTE COURSES & CODE B.Ed.- 215, B.P.Ed.- 026, M.P.Ed.- 013, M.Ed.- 038, D.Ed.
Fee Note : All Students will pay enrollment fee, Eligibility fee and Practical fee separately as per university rules and miscellaneous fees according to management rules
Note : D.El.Ed, B.P.Ed., B.Ed., M.P.Ed. & M.Ed. courses are running at new campus Mugalia Hat, Parwalia Sadak, Bhopal.

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

## शब्द पहेली - 5514



**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

### शब्द पहेली- 5513 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स | ह | का | रि | ता | | अ | चा | न | क |
| हा | र | | य | | ना | वि | क | | त | र |
| थ | | त | र | जु | मा | | ल | ता | | दा |
| मा | कू | ल | | | र | थ | | क | वि | ता |
| र | | घ | | फ | ना | | खा | | र | |
| ना | म | र | ख | ना | | रा | ज | म | ह | ल |
| | थ | | त | | मो | ह | | ह | | प |
| क | ना | त | | रा | ह | | | क | पा | ल |
| र | | ना | प | | त | म | क | ना | | पा |
| ता | ना | | ली | ड | र | | थ | | का | ना |
| र | च | यि | ता | | मा | ख | न | चो | र | |

## सूडोकु नवताल - 5525

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

### सूडोकु नवताल - 5524 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

## खबर संक्षेप

### मोटोरोला एज 50 फ्यूजन स्मार्टफोन लांच

नई दिल्ली। एंड्रॉइड ब्रांड मोटोरोला ने अपनी प्रीमियम एज फ्रेंचाइजी के नवीनतम संस्करण की शक्ल में



मोटोरोला एज 50 फ्यूजन को लांच कर दिया है। मोटोरोला एज 50 फ्यूजन ने अपने सेगमेंट की कई सर्वश्रेष्ठ सुविधाओं के साथ 25 हजार से कम कीमत वाले स्मार्टफोन सेगमेंट में हलचल मचा दी है। प्राइमरी कैमरे में इस सेगमेंट का सबसे उन्नत सोनी-एलवायटीआईए 700सी सेंसर, स्मार्ट वॉटर टच तकनीक के साथ सेगमेंट का सबसे चमकीला 144हर्ट्ज़ 10-बिट पोलेड 3डी कर्व्ड डिस्प्ले पेश करता है।

### सैमको स्पेशल अपॉर्चुनिटी फंड पेश

मुंबई। सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, एक प्रतिष्ठित निवेश प्रबंधन फर्म, स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड यानी विशेष अवसर निधि के लांच की घोषणा करते हुए रोमांचित है। इस अनूठे फंड को बाजार के अवसरों की पहचान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसका लक्ष्य कम मूल्य वाले या उपेक्षित अवसरों के माध्यम से दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि दर्ज करना है। यह फंड के शुक्रवार को खुला और 31 मई, 2024 को बंद होगा। सैमको म्यूचुअल फंड का स्पेशल अपॉर्चुनिटीज फंड एक डिस्रप्शन स्ट्रेटेजी पर तैयार किया गया है।

### टाटा प्ले और अमेजन प्राईम ने किया गठबंधन

मुंबई। टाटा प्ले ने टाटा प्ले डीटीएच और टाटा प्ले बिंज के ग्राहकों को प्राईम वीडियो का ब्लॉकबस्टर कंटेंट पेश करने के लिए अमेज़न प्राईम के साथ गठबंधन किया है। टाटा प्ले डीटीएच के सदस्य अब 199 रुपए प्रतिमाह के शुरुआती शुल्क में अपने पसंदीदा टीवी चैनलों के साथ टाटा प्ले पर प्राईम लाईट भी देख सकेंगे। साथ ही, टाटा प्ले बिंज के सदस्य विभिन्न मूल्यों में 30 से ज्यादा लोकप्रिय ऐप्स के साथ प्राईम लाईट देख सकेंगे। 199 रुपए प्रतिमाह में ग्राहक 33 एप्स की सूची में से प्राईम लाईट सहित 6 ओटीटी ऐप्स की सदस्यता पा सकते हैं।

## देश में अब तक 19.96 लाख किसानों से 255 लाख टन गेहूं की हुई सरकारी खरीदी

# मध्यप्रदेश में 5,67,342 किसानों से 45.66 लाख टन गेहूं की हुई खरीदी

**एमएसपी के आधार पर किया जा चुका है 46,79,798 लाख रुपए का भुगतान**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) तथा उसकी सहयोगी प्रांतीय एजेंसियों द्वारा चालू रबी मार्केटिंग सीजन के दौरान अब तक देशभर में 19,96,399 किसानों से करीब 255.24 लाख टन गेहूं की खरीद की। जबकि मध्यप्रदेश में 5,67,342 किसानों से 45.66 लाख टन गेहूं की खरीदारी की जा चुकी है। गौरतलब है कि खरीदे गए गेहूं के एवज में 16,22,404 किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के आधार पर 46,79,798 लाख रुपए का भुगतान भी किया जा चुका है। पिछले साल 15 मई तक 259 लाख टन से कुछ अधिक गेहूं की सरकारी खरीद हुई थी जबकि पूरे सीजन की खरीद 262 लाख टन तक पहुंची थी। गेहूं की सरकारी खरीद प्रक्रिया वैसे तो 30 जून को खत्म होती है, लेकिन मध्यप्रदेश की अधिकांश सूबों की मंडियों में आवक बंद हो गई है। किसान सरकार की बजाय व्यापारियों को गेहूं बेचना पसंद कर रहे हैं, क्योंकि ओपन मार्केट में उन्हें दाम अच्छे मलि रहे है। यहां तक कि मध्यप्रदेश में एमएसपी पर बोनस मिलने के बावजूद खरीद का लक्ष्य पूरा नहीं हो सका है। जानकारों का कहना है कि अगर सरकारी खरीद 260 से 270 लाख मीट्रिक टन पर सिमट जाती है तो सरकार नवंबर-दिसंबर के बाद ही कुछ गेहूं ओएमएसएस के तहत बेच पाएगी।



### इतने किसानों ने बेचा गेहूं

- मध्यप्रदेश में 5,67,342 किसान
- पंजाब में 7,71,481 किसान
- हरियाणा में 4,47,943 किसान
- उप्र में 1,37,288 किसान
- राजस्थान में 68,674 किसान
- बिहार में 3005 किसान

### गेहूं खरीदी का लक्ष्य

- मध्यप्रदेश में 80 लाख टन
- पंजाब में 130 लाख टन
- हरियाणा 80 लाख टन
- उत्तर प्रदेश में 60 लाख टन
- राजस्थान में 20 लाख टन
- बिहार में 2 लाख टन

### इन राज्यों में हुई गेहूं की खरीदी

- मध्य प्रदेश में 45.66 लाख टन
- पंजाब में 122.31 लाख टन
- हरियाणा में 70.32 लाख टन
- उत्तर प्रदेश में 8.47 लाख टन
- राजस्थान में 8.35 लाख टन
- बिहार में 9312 टन
- उत्तराखंड में 762 टन
- हिमाचल प्रदेश में 2576 टन

### बोनस भी कारगर साबित नहीं हो रहा



मौजूदा माहौल को देखते हुए यदि इस बार गेहूं की कुल सरकारी खरीद 300 लाख टन तक भी पहुंच जाए तो बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जाएंगी। मध्य प्रदेश एवं राजस्थान में गेहूं की खरीद पर किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (2275 रुपए प्रति क्विंटल) से ऊपर 125 रुपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस दिए जाने का निर्णय भी कारगर साबित नहीं हो रहा है।

**समीर भार्गव**
अध्यक्ष, अनाज, दलहन -तिलहन व्यापारी संघ सिरोंज

### किसानों ने भाव बढ़ने की उम्मीद से रोका गेहूं



सभी प्रमुख उत्पादक राज्यों में गेहूं की आवक की गति धीमी पड़ गई है और सरकारी एजेंसियों की खरीद की रफ्तार भी तेज नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि किसानों ने आगे भाव बढ़ने की उम्मीद से गेहूं का स्टॉक रोकना शुरू कर दिया है।

**संजीव जैन**, गेहूं व्यापारी एवं प्रवक्ता, भोपाल ग्रेन मर्चेंट एंड ऑयल सीड्स एसोसिएशन भोपाल

## मई माह में 17 दिनों में चांदी ने दिया 7.5 फीसदी का रिटर्न

# चांदी ने सोने से ज्यादा दिया रिटर्न कीमत हो सकती है 1 लाख के पार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



चांदी की चमक के आगे इस समय सोना भी फीका पड़ रहा है। जिस गति से चांदी की कीमत बढ़ रही है, उससे लगता है कि कहीं यह रिटर्न के मामले में सोने को भी पीछे न छोड़ दे। चांदी की गति ऐसी ही रहती है तो यह 1 साल में ही 1 लाख रुपए प्रति किलो का आंकड़ा पार कर जाएगी। ऐसे में हो सकता है कि यह सोने के मुकाबले ज्यादा भरोसे वाली धातु बन जाए। बाजार जानकारों के अनुसार मई महीने में अभी तक रिटर्न के मामले में चांदी ने सोने को पीछे छोड़ दिया है। मई के इन शुरुआती 17 दिनों में चांदी ने 7.5 फीसदी का रिटर्न दिया है, जबकि 24 कैरेट के सोने का रिटर्न सिर्फ 3.5 फीसदी रहा है। ऐसे में चांदी ने इन 16 दिनों में 6100 रुपए का रिटर्न दिया है जो 7.3 फीसदी रहा। वहीं 1 मई को 24 कैरेट सोने की कीमत 71,510 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। आज यह 2510 रुपए बढ़कर 74,020 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। इन 16 दिनों में 24 कैरेट के सोने का रिटर्न मात्र 3.5 फीसदी रहा। ऐसे में देखा जाए तो इन 16 दिनों में चांदी ने सोने के मुकाबले दोगुने से ज्यादा रिटर्न दिया है।

### अप्रैल में भी पीछे रह गया था सोना

*चांदी से मिला रिटर्न सिर्फ मई में ही नहीं बढ़ा है। पिछले महीने अप्रैल में भी चांदी ने सोने को पीछे छोड़ दिया था। अप्रैल में 22 कैरेट के सोने ने 4.64 फीसदी रिटर्न दिया था। वहीं चांदी ने सोने से कहीं ज्यादा यानी 6.23 फीसदी रिटर्न दिया था। यह स्थिति तब है जब अप्रैल में सोना अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया था। इसके बाद सोने की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी रहा। हालांकि अक्षय तृतीया वाले दिन जरूर इसमें भारी वृद्धि हुई थी, लेकिन उसके बाद फिर से इसमें गिरावट देखी गई। लेकिन पिछले एक-दो दिन में सोने की कीमत ने फिर से रफ्तार पकड़ ली है। बाजार जानकारों के अनुसार अगर चांदी की कीमत में वृद्धि इसी तरह होती रही तो यह 1 साल में 1 लाख रुपए प्रति किलो का आंकड़ा पार कर सकता है।*

## सभी कार्मिकों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

# एनएचडीसी का 'स्वच्छता पखवाड़ा' 30 मई तक

**वर्ष में 100 घंटों के श्रमदान करने का संकल्प**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार स्वच्छता के प्रति जागरूकता को बढ़ाने के लिए एनएचडीसी लिमिटेड ने निगम मुख्यालय तथा परियोजनाओं में 'स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा हैं। जो कि 16 मई से शुरू हुआ और से 31 मई 2024 तक चलेगा। एनएचडीसी के प्रबंध निदेशक विजय कुमार सिन्हा ने निगम मुख्यालय, भोपाल के सभी कार्मिकों को शुक्रवार को स्वच्छता शपथ दिलाई। पखवाड़े के दौरान पदस्थ अधिकारियों / कर्मचारियों उनके परिजनों तथा गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से स्वच्छता विषय पर विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन भी किया गया।




### डेस्क, अलमारी, केबिनेट आदि की सफाई

इस दरमियान सभी लोगों ने वर्ष में 100 घंटों के श्रमदान करने का संकल्प लिया। प्रबंध निदेशक ने सभी अधिकारियों से कार्यालय में अपने डेस्क, अलमारी, केबिनेट आदि की सफाई करने तथा स्वच्छता पखवाड़े के दौरान आयोजित कार्यक्रमों मे सक्रिय सहभागिता की अपील की। एनएचपीसी लिमिटेड मध्य प्रदेश शासन का एक संयुक्त उद्यम है, जिसकी स्थापना सन 2000 में हुई थी। वर्तमान में इसकी दो जलविद्युत परियोजनाएं इंदिरा सागर (1000 मेगावाट) व ओंकारेश्वर (520 मेगावाट) से उत्पादित शत प्रतिशत विद्युत मध्यप्रदेश को दी जा रही है। एनएचडीसी अब नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के तहत प्रदेश मे सोलर ऊर्जा परियोजनाओं का भी निर्माण कर रहा है।

## कॅरियर कॉलेज में नेशनल मूट कोर्ट

भोपाल। विधि को समझना है तो व्यावहारिक ज्ञान की अभिवृद्धि भी जरूरी है। विधि के स्त्रोत दोहे और जनश्रुतियों में भी हैं। मोटी-मोटी किताबों से पढ़ने के साथ ही यदि छोटे-छोटे उदाहरणों को समझा जाए तो हम ज्यादा बेहतर ढंग से कानूनी समझ विकसित की जा सकती है। यह विचार भोपाल के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्रा ने व्यक्त किए। वह कॅरियर कॉलेज ऑफ लॉ में आयोजित प्रथम फली एस. नरीमन मेमोरियल नेशनल मूट कोर्ट कॉम्पटीशन का उद्घाटन कर रहे थे। कॉलेज सभागार में आयोजित प्रतियोगिता इस कार्यक्रम में मिश्रा ने महाकवि सूरदास के दोहे 'मैया मोरी मैं नहीं माखन खायो का उदाहरण देते हुये बताया कि किस तरह इस दोहे के विभिन्न भागों में कानून के आशय छिपे हुए हैं जैसे माखन गौरी के पावन प्रसंग में भगवान श्री कृष्ण माता यशोदा के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत कर रहे हैं। इसी प्रकार रूस में जार शासन और अब्राहस लिंकन का उदाहरण देते हुए कानून के विद्यार्थियों को बताया कि जागरूकता और सतत संघर्ष से अपनी व्यावसायिक दक्षता को निखारा जा सकता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष कॅरियर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमेन मनीष राजोरिया ने कहा कि विधि के छात्रों को निरन्तर अध्ययन रहना चाहिए। उन्होंने प्रसिद्ध विधि व्यक्ता फली एस. नरीमन का जिक्र करते हुए बताया कि विधि के क्षेत्र में उच्च मापदण्ड परम आवश्यक है।



## मेला समिति की नई कार्यकारिणी घोषित



विजय अग्रवाल, सुनील जैनाविन, राजेश जैन, अजय सोगानी, चंद्रमोहन सोनी, प्रदीप अग्रवाल

भोपाल। 1992 से शहर की ख्यातनाम सामाजिक संस्था भोपाल उत्सव मेला समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की। तीन उपाध्यक्ष राजेश जैन 'अतुल', विजय अग्रवाल, चंद्रमोहन सोनी बनाए गए। महामंत्री पद पर कर्मठ सुनील जैनाविन को यथावत रखते हुए अजय सोगानी को भी पदोन्नत करके महामंत्री बनाया गया है। कोषाध्यक्ष अशोक गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष खेमचंदानी, सचिव द्वय अनुपम अग्रवाल व प्रदीप अग्रवाल है। कार्यकारिणी सदस्यों में सुमित गर्ग, परमजीत सिंह बेदी, वासुदेव वाधवानी, कमल जैन श्वेता, प्रकाश खंडेलवाल, विमल भंडारी, नारायण सिंह कुशवाह, डॉ. योगेन्द्र मुखरैया, डॉ. महेश गुप्ता, राजकुमार जौहरी, श्याम सुंदर बंसल, प्रेम बाबू नाहर और वीरेन्द्र जैन को शामिल किया है।

## बिजनेस न्यूज

### राधारमण ग्रुप में बाइट बाउंड, विद्यार्थियों ने दिखाए क्रिएटिविटी और स्किल्स

भोपाल। राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित बाइट बाउंड मेजर प्रोजेक्ट का



आयोजन किया गया। इसमें फाइनल ईयर बीटेक के छात्रों ने विभिन्न प्रोजेक्ट दिखाए जिसमें उनकी रचनात्मकता, तकनीकी क्षमता और समस्या का समाधान दिखाई दी। छात्रों ने लाइव डेमो और प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रोजेक्ट के कामकाज और उनके प्रभाव के बारे में जानकारी दी। समूह द्वारा इन प्रोजेक्ट के मूल्यांकन के लिए विशेषज्ञों का एक पैनल गठित किया था जिसने नवाचार, तकनीकी जटिलता और सामाजिक महत्व जैसे मापदंडों पर मूल्यांकन किया। पैनल में डॉ पी.के. लाहिरी ग्रुप डायरेक्टर आरजीआई, डॉ अजय सिंह डायरेक्टर आरआईटीएस, डॉ अनुराग जैन डायरेक्टर आरईसी, डॉ जयपाल सिंह बिष्ट डीन स्टूडेंट वेलफेयर आरजीआई शामिल थे। राधारमण इंस्टीट्यूट के चेयरमैन आर.आर. सक्सेना ने कहा कि इस चुनौतीपूर्ण शैक्षिक कार्यक्रम ने राधारमण विद्यार्थियों की तकनीकी क्षमता व कौशल को दर्शाने का महत्वपूर्ण काम किया है। प्रोजेक्ट युवा मनों को शिक्षा और नवाचार की उमंग के माध्यम से उनके पेशेवर करियर की तैयारी करने के लिए प्रेरित करते हैं। डॉ. समीना मुबीन, डीन एकेडेमिक्स आरजीआई ने भी छात्रों को शिक्षण के अनुभव के बारे में बताते हुए इस आयोजन को और अधिक समृद्ध किया। पीयूष जिस्कर जिन्होंने मैलवेयर विश्लेषण के बारे में जानकारी दी और जीशान राजा ने नास्रो - एक प्रतिस्पर्धी लर्निंग प्लेटफॉर्म के बारे में समझाया, वे दोनों प्रतियोगिता में पहले स्थान पर रहे दूसरे स्थान पर रहे अजय सोनी ने भोपाल मेट्रो एप्लीकेशन को विकसित किया था। सीएसई अध्यापक प्रोफेसर चेतन अग्रवाल ने छात्रों को ब्रेकिंग ग्राउंड आइडियाज के साथ आने के लिए प्रेरित किया। राधारमण इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग विभाग की अध्यक्ष डॉ. प्राची तिवारी और डॉ. दर्शना राय ने इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित किया।

### कृषि आधारित अंतर्राष्ट्रीय राइस ग्रेन प्रो-टैक एक्सपो शुरू

भोपाल। चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री जबलपुर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय राईस ग्रेन प्रो-टैक एक्सपो का उदघाटन मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह



(अन्नु) एवं अध्यक्षता प्रेम दुबे, अध्यक्ष जबलपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर चेम्बर अध्यक्ष प्रेम दुबे ने कहा कि अनाज व्यवसाय से जुड़े हुए उद्योगों को एक कल्स्टर के रूप में विकसित किया जाए। ताकि सुव्यवस्थित उद्योग स्थापित हो सके, युवा उद्यमियों को लाभ मिले, जबलपुर का विकास हो सकेगा और नये उद्यमियों को उद्योग लगाने के लिए एक नया महौल मिल सकें। उन्होंने जबलपुर चेंबर के साथ मिलकर एक कृषि आधारित उद्योग की स्थापना के लिए एक प्रस्ताव तैयार कर शासन के समक्ष रखने की बात कही। उद्योगों की स्थापना के लिए एक सकारात्मक वातावरण में मील का पत्थर साबित होगा। मेले में 125 स्टॉल उपलब्ध हैं जिसमें चावल, गेंहु, दाल, पोहा प्रसंस्करण, मीलिंग मशीनरी सॉलवेंट एक्सट्रेशन प्लांट, क्लीनिंग, ग्रेडिंग, सोरटिंग, ऑटोमेशन, इलेक्ट्रिकल, रुफिंग, और पीईबी, वेयरहाउसिंग, साईलों और भंडारण पैकेजिंग आदि के स्टॉल हैं। उद्यमी इस मेले 17, 18 एवं 19 मई तक चलेगा। इस मौके पर जबलपुर चेंबर के प्रेम दुबे, कमल ग्रोवर, राधेश्याम अग्रवाल, अजय अग्रवाल, बलदीप सिंह मैनी, सतीश जैन, दीपक जैन, मुकेश जैन, नरिंदर पांधे, चंद्रेश वीरा, मुकेश अग्रवाल, पंकज माहेश्वरी, अजय बख्तावर, राकेश श्रीवास्तव, भीमलाल गुप्ता, कुलदीप सिंह लाम्बा, दुर्गा रजक, धनंजय वाजपेयी, निखिल पाहवा, असलम खान, रजनीश त्रिवेदी, आशीष कोठारी, मनोज सेठ, वीरेंद्र केशरवानी, श्याम सुहाने, अभिषेक ध्यानी, अनिल अग्रवाल (सीए), प्रशांत जैन, युसुफ सैफी, नमन अग्रवाल, संतोष गुप्ता, मुनीन्द्र मिश्रा, दीपक सेठी, जुगल किशोर तिवारी, शशिकांत पांडेय आदि मौजूद रहे।

### आईआईटी की मेजबानी में स्पिकमैके का 9वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 20 से

भोपाल। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान सोसायटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमंगस्ट यूथ (स्पिकमैके) के 9वें वार्षिक



अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा। आयोजन 20 से 26 मई 2024 तक चलेगा। संस्थान पहले भी दोबार-1996 और 2014 में यह आयोजन कर चुका है। एक सप्ताह के इस भारतीय संस्कृतिक महोत्सव में भारत और दुनिया के 1,500 से अधिक छात्र और वॉलेंटियर एकत्र होंगे। प्रतिभागियों को महान कलाकारों के साथ बात करते हुए भारतीय संस्कृति, विरासत और नैतिकता का अद्भुत नजरिया मिलेगा। आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी. कामकोटि ने कहाकि इस कन्वेंशन में स्कूल और कॉलेज के सिर्फ वे विद्यार्थी भाग लेंगे, जिन्होंने कार्यक्रम में रजिस्ट्रेशन कराया है। उनके आवास और भोजन का निःशुल्क प्रबंध किया जाएगा।

### ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल ने मनाया टॉप सीबीएसई स्कोर का जश्न

भोपाल। अंतर्राष्ट्रीय स्कूलों की अग्रणी ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल को मध्य प्रदेश में अपने कई कैंपस में दसवीं और बारहवीं कक्षा की सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं के उत्कृष्ट परिणाम की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। दसवीं कक्षा में 97 फीसदी और बारहवीं कक्षा में 98 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले टॉप स्कोरर के साथ-साथ कई छात्रों ने विभिन्न विषयों में उच्च अंक हासिल करके उत्कृष्ट शैक्षणिक परफॉर्मेंस दिखाया है। ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल के परमजीत सलोटा सीबीएसई परीक्षा में हमारे छात्रों का मजबूत और शानदार परफॉर्मेंस वास्तव में प्रेरणादायक है।

### बायोलॉजिकल कृषि उत्पाद इनेरा ने धोनी को बनाया ब्रांड एंबेसडर

नई दिल्ली। बॉयोलोजिकल कृषि उत्पाद विकसित करने वाली अग्रणी अनुसंधान एवं विकास बायोसाइंस फर्म इनेरा ने एमएस धोनी को अपना ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। इनेरा के साथ मिलकर धोनी जनता के बीच संधारणीय प्रकृति के जैव इनपुट के उपयोग का प्रचार करके खेती के क्षेत्र में बदलाव लाने के इनेरा के मिशन को बढ़ावा देंगे। संस्थापक और समूह के सीईओ अगम खरे ने कहा कि एमएस धोनी को अपने साथ जोड़कर, हम एक उत्साही सतत कृषि समर्थक का स्वागत कर रहे हैं।

### अनमोल को 3.91 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ

लुधियाना। सप्लाई चेन मैनेजमेंट इंडस्ट्री, कमोडिटी ट्रेडिंग और कोल इम्पोर्ट में अग्रणी खिलाड़ियों में से एक, अनमोल इंडिया लिमिटेड ने आयोजित अपनी बोर्ड मीटिंग में 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए कंपनी के ऑडिटेड फाइनेंशियल रिजल्ट्स को मंजूरी दे दी है। 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही के लिए, कंपनी ने ऑपरेशनल रेवेन्यू से 402.88 करोड़ रुपए रिपोर्ट किए, जिसमें सालाना 8.85 फीसदी की वृद्धि देखी गई। एबिटा 7.14 करोड़ रुपए पर रिपोर्ट किया गया था, जबकि शुद्ध लाभ 3.91 करोड़ रुपए प्राप्त हुआ।

### सेलेकोर गैजेट्स ने तैयार किया विस्तार का खाका

नई दिल्ली। सेलेकोर गैजेट्स लिमिटेड किफायती इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर का एक प्रोमिनेंट फिगर, महत्वपूर्ण वृद्धि का अनुभव कर रही है क्योंकि यह अपनी पहुंच, डिस्ट्रिब्यूशन चैनल्स और प्रोडक्ट ऑफरिंग का विस्तार कर रही है। इस विस्तार के कारण सेलेकोर ने अपनी पिछली बिक्री के आंकड़ों को पार कर लिया है, जो उसकी मार्केटिंग रणनीति की सफलता को उजागर करता है। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए प्रभावशाली वित्तीय परिणामों की घोषणा की है और 2024-2025 के लिए विकास रणनीतियों की एक विस्तृत रूपरेखा भी पेश की है।

### ईको रिसाइकलिंग का मुनाफा 163 फीसदी बढ़ा

मुंबई। ईको रिसाइकलिंग लिमिटेड भारत की प्रथम और एक प्रमुख प्रोफेशनल ई –वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही और वित्त वर्ष 24 के अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी की कुल आय 60.59 फीसदी वार्षिक बढ़कर 7.66 करोड़ रुपए हुई, एबिटडा 3.29 करोड़, लॉस टू प्रॉफिट हुआ। एबिटडा मार्जिन 42.95 फीसदी लॉस टू प्रॉफिट हुई, कर बाद लाभ 1.65 करोड़ रुपए, कर बाद लाभ मार्जिन 21.54 फीसदी और ईपीएस 0.86 लॉस टू प्रॉफिट हुई।

### शाओमी ने बेचे रेडमी नोट13 5जी के 15 मिलियन से ज्यादा स्मार्टफोन

नई दिल्ली। पसंदीदा स्मार्टफोन ब्रांड शाओमी ने विश्व में रेडमी नोट13 सीरीज के 15 मिलियन से ज्यादा स्मार्टफोन बेचने की बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस भारी सफलता की खुशी में शाओमी ने सीरीज़ के लिए कीमतों में भारी कमी की घोषणा की है, और अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एजीए) के साथ गठबंधन में एक इंडिया एक्सक्लुसिव रेडमी 13प्रो प्लस 5जी वर्ल्ड चैंपियंस एडिशन पेश किया है। शाओमी ने अपनी संपूर्ण श्रृंखला के लिए बेहतरीन मूल्यों की घोषणा की है। अब रेडमी नोट 13 सीरीज़ 5जी 15,499 रुपए के शुरुआती मूल्य में उपलब्ध होगी।

### बारोइंग पावर का सूरतवाला करेगा अधिग्रहण

पुणे। सूरतवाला बिजनेस ग्रुप लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने 250 करोड़ रुपए तक की बारोइंग पावर लिमिट पर विचार किया और सदस्यों के अप्रूवल अनुमोदन के अधीन, संबंधित प्रावधानों का अनुपालन करने के लिए मंजूरी दे दी है। इसके अलावा, बोर्ड की मीटिंग 24 मई 2024 को होगी, जिसमें 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाली चौथी तिमाही और वर्ष के लिए कंपनी के ऑडिटेड स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड फाइनेंशियल रिजल्ट्स पर विचार और अनुमोदन किया जाएगा। कंपनी ने हिंजवडी, तालुका मुलशी जिला पुणे में स्थित सूरतवाला मार्क प्लाजों लांच किया।

**आम सूचना**

**एक किता मकान क्र. 135, मस्जिद अजीम के पास, ग्राम छोला, वार्ड क्र. 18, तहसील हुज़ूर, जिला भोपाल (म.प्र.) के संबंध में।**

मेरे पक्षकार जे. एम. फायनेंशियल होम लोनस् लि. भोपाल की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विनोद कुमार कौशल आत्मज स्व. श्री विष्णु प्रसाद कौशल निवासी भोपाल के स्वत्व, स्वामित्व का एक किता मकान क्र. 135, मस्जिद अजीम के पास, जिसके प्लाट का क्षेत्रफल 572 वर्गफिट है, जो कि ग्राम छोला, वार्ड क्र. 18, में स्थित होकर तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है, यह कि उक्त मकान की चर्तुसीमाएं निम्नानुसार है:–दिशा पूरब में–सरकारी रोड, दिशा पश्चिम में–5.5 फीट की गली, दिशा उत्तर में–मकान श्री लतीफ खान, दिशा दक्षिण में–मकान जलील मिया का है यह कि पूर्व के मूल पंजीयत विक्रय पत्र दिनांक 18.01.1989 जिसका ग्रन्थ क्र. 2148, एवं दस्तावेज क्र. 242 के माध्यम से (विनोद कुमार कौशल आत्मज स्व. श्री विष्णु प्रसाद कौशल जी की माता जी) क्रेता श्रीमति कृष्णा बाई पत्नि श्री विष्णु प्रसाद कौशल निवासी भोपाल के द्वारा क्रय किया गया था। उक्त विक्रय पत्र की मूल दस्तावेज़ कहीं गुम हो गये है जिसकी सूचना थाना हनुमानगंज, जिला भोपाल को प्रदान की गई है। यह कि उक्त मकान के उक्त सव्यवहार के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक का कोई ऋण, भार, दान, बंधक, अनुबंध हो अथवा इस अन्तरण से किसी के कोई हित प्रभावित हों तो इस आम सूचना के प्रकाशन से 5 (पांच) दिवस की अवधि में मय दस्तावेजी साक्ष्य सहित मेरे समक्ष निम्न पते पर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें, उक्त निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक रख ऋण सुविधा प्रदान करने हेतु स्वतंत्र रहेंगे एवं उक्त अवधि पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्तियां मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होंगी।

भवदीय **आनंद नेमा** अधिवक्ता,
कार्यालय:-163, द्वितीय तल, रमा काम्पलेक्स, जोन-1, एम. पी. नगर भोपाल
मो.9755585002

**मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्थ सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(मध्यप्रदेश शासन का उपक्रम)
तिलहन संघ भवन, 01, अरेरा हिल्स, भोपाल
URL: https://mpphscl.mp.gov.in, PHONE: 0755-2578915
MPPHSCL
दिनांक : 17.05.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित निविदाएं मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्थ सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के वेबसाइट एवं पोर्टल पर दिनांक 17.05.2024 से 30 दिवस में जारी की जावेगी:-
Tender (s) for

1) Tender(s) for Single Energy Linac for Cancer Treatment.
2) Tender(s) for CT Simulator.
3) Tender(s) for Various Equipment.
4) Tender(s) for Various Drugs.
5) Tender(s) for Consumables.

सभी Prospective bidders कार्यालय की वेबसाइट "https://mpphscl.mp.gov.in एवं पोर्टल www.mptenders.gov.in" पर विजिट कर निविदा में भाग लेवें।

म.प्र. माध्यम/114625/2024 मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी-II)

**कार्यालय थाना प्रभारी थाना कोहेफिजा भोपाल**
OFFICE OF THE POLICE STATION KOHEFIZA, BHOPAL-PIN 46001 (M.P.)
क्रमांक था./कोहे./भो./मार्ग-डी-25/24 दिनांक -17.05.2024

**जाहिर सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 19-03-24 को सी.एम.ओ. डॉ. पवनसिंह तर्फे T/A हरीसिंह चौहान हमीदिया अस्पताल भोपाल ने जरिए टेलीफोन सूचना प्राप्त हुई कि एक अज्ञात महिला आयु लगभग 75 साल रैन बसेरा हमीदिया अस्पताल से आनंद राय बीमार हालात में दिनांक 13-03-24 को भर्ती करवाया था जिसकी दिनांक 18-03-24 को इलाज के दौरान मृत्यु हो गई सूचना पर मर्ग क्रमांक 25/24 धारा 174 द.प्रस का कायम कर जांच में लिया गया है तलाश किया कही से कोई पता नहीं चला मृतिका की हुलिया रंग गेहुआ चेहरा गोल कद 5 फिट दुबली पतली इकहरा बदन मृतिका के वारिसान से संबंध में कोई जानकारी मिलती है तो थाना कोहेफिजा के मोबाईल क्रमांक 9479990687 पर सूचना देने का कष्ट करें।

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

थाना प्रभारी
थाना कोहेफिजा
भोपाल

जी-11094/24

## चिंतन

# अमेरिका, चीन व पाक को भारत की 'नसीहत'

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने एक साथ अमेरिका, चीन, पाकिस्तान और भूराजनीतिक संकट पर भारत के दृष्टिकोण बहुत ही संजीदगी से दुनिया के सामने रखा है। ईरान से चाबहार डील के बाद आई धमकी भरी अमेरिकी प्रतिक्रिया पर भारत ने शालीनता से जवाब दिया है कि वैश्विक कूटनीति के तौर पर 'प्रतिबंधों की धमकी' का किस प्रकार बेजा इस्तेमाल किया जा रहा है। भारत का इशारा साफ है कि बहुध्रुवीय वैश्विक स्थिति में प्रतिबंधों की धमकी जैसी कूटनीति अब आउटडेटेड हो गई है। अमेरिका को अब अपनी कूटनीति को नया जामा पहनाना चाहिए। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में विदेश मंत्री ने चीन को भी अंतरराष्ट्रीय कानून न मानने के बिंदु पर आईना दिखाया है। जयशंकर ने कहा कि समझौतों का अनादर और कानून के शासन की अवहेलना किए जाने के कारण एशिया में भूमि और समुद्र में नए तनाव पैदा हुए हैं। दरअसल, चीन ने भारत के साथ सीमा समझौते मैकमोहन रेखा की हमेशा अवहेलना की है, उसी तरह ड्रैगन ने दक्षिण चीन सागर में अंतरराष्ट्रीय सामुद्रिक नियम और अंतरराष्ट्रीय न्यायालय हेग के फैसले का अनादर किया है, जिसके चलते दक्षिण चीन सागर को लेकर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में तनाव बरकरार है। अंतरराष्ट्रीय नियम कहता है कि समंदर पर किसी देश का आधिपत्य नहीं हो सकता है। दक्षिण चीन सागर में केवल चीन शब्द आने से वह चीन का नहीं हो जाता है। ऐसे तो फिर हिंद महासागर भारत का होगा, अरब सागर सऊदी अरब व संयुक्त अरब अमीरात का व मैक्सिकन सागर मैक्सिको का होगा, पर ऐसा नहीं है। विश्व के सभी समुद्र सभी देशों के उन्मुक्त आवाजाही के लिए मुक्त है। साउथ चाइना सी पर चीन यह गलती लगातार कर रहा है। सीमा विवाद भी सीमा समझौते का आदर नहीं करने के चलते है। भारत सीमा विवाद को लेकर चीन को हमेशा चेताता रहता है, इसके बावजूद चीनी हरकतें उकसावे वाली होती हैं। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास चीन की सैन्य मौजूदगी भारत को हमेशा खटकती रही है और यह सीमा समझौते के खिलाफ भी है। आतंकवाद के पोषक के तौर पर जयशंकर ने पाकिस्तान को भी चेताया है कि आतंकवाद ने उन्हें निगलना शुरू कर दिया है जो लंबे समय से इसका सहारा लेते आए हैं। पाकिस्तान पिछले चार दशक से भारत के खिलाफ आतंकवाद प्रायोजित करता रहा है, इसके लिए उसने अपने क्षेत्र में आतंकवाद को पालता-पोसता रहा है, पर आज वही आतंकवादी खुद पाकिस्तान के लिए नासूर बन गए हैं। इतना ही नहीं, जो देश आतंकवाद व आतंकवादी गुटों को अप्रत्यक्ष तौर पर मदद पहुंचाते रहे हैं, आज वे भी आतंकी गुटों के निशाने पर हैं। आज विश्व यूक्रेन युद्ध के परिणामों, पश्चिम एशिया में हिंसा में वृद्धि और जलवायु घटनाओं, ड्रोन हमलों की घटनाओं, भू-राजनीतिक तनाव एवं प्रतिबंधों के चलते गंभीर खाद्य सुरक्षा संकट के दौर से भी गुजर रहा है। जयशंकर ने कहा कि दुनिया तीन 'एफ' यानी 'फ्यूल, फूड, फर्टिलाइजर' (ईंधन, भोजन और उर्वरक) के संकट से जूझ रही है। ऐसे में वैश्विक महाशक्तियों द्वारा आर्थिक गतिविधियों को हथियार बनाना वैश्विक शांति व सुरक्षा के खिलाफ है। अमेरिका को युद्ध व संघर्ष को ईंधन देने के बजाय जंग मुक्त विश्व के लिए काम करना चाहिए। यूक्रेन व इजराइल को अमेरिकी मदद से जंग कैसे खत्म होगी? भारत के सुझावों पर गौर कर युद्ध और भूराजनीतिक तनाव खत्म करने की दिशा में बातचीत से वैश्विक प्रयास होना चाहिए। अमेरिका, चीन, पाकिस्तान आदि देशों को भारत की नसीहत है कि महत्वाकांक्षी अधिनायकवादी, विस्तारवादी व आतंकवाद से त्रस्त विश्व से अधिक समावेशी व सौहार्दपूर्ण विश्व की जरूरत है।

## सारा संसार



*गुरुवायुर श्री कृष्ण मंदिर केरल के सबसे पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक है। यह दक्षिण भारत के सबसे प्रतिष्ठित मंदिरों में से एक है जहां बालकृष्ण अवतार में पीठासीन देवता भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। मूर्ति चार हाथों वाली है - एक में शंख, एक में गदा, एक में चक्र और एक में कमल है।*

चारधाम यात्रा
मनोज कुमार अग्रवाल



# पहाड़ की सेहत का रखें ध्यान

उत्तराखंड की चार धाम यात्रा 10 मई से शुरू हो गई है। केदारनाथ और यमुनोत्री गंगोत्री धाम के कपाट खोले गए हैं, जबकि बद्रीनाथ मंदिर में दर्शन 12 मई से शुरू हो गए हैं। इसी के साथ पर्यटकों की भारी भीड़ ने तमाम प्रबंधों को ध्वस्त कर दिया यहां पहले ही दिन हजारों लोगों की भीड़ के कारण अव्यवस्था देखने को मिली। वहीं श्रद्धा आस्था के ऊपर पर्यटन वाली मानसिकता हावी होती देखी जा सकती है, जिसके चलते पहाड़ के नाजुक पर्यावरण के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। आस्था और पर्यटन का यह संगम पहाड़ की सेहत के लिए भी खतरा खड़ा कर सकता है। यात्रा के शुरू होते ही चार धाम में लग रही भारी भीड़ को देखते हुए दो दिनों के लिए ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन बंद किया गया है। यहां आपको बता दें कि पिछले साल यात्रा खत्म होने के बाद सरकार द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक केदारनाथ में 96, यमुनोत्री धाम में 34, गंगोत्री धाम में 29, बद्रीनाथ धाम में 33 और हेमकुंड साहिब में 7 और गौमुख ट्रैक में 1 यानी कुल दो सौ लोगों की मौत हुई थी, वहीं 2022 में चारधाम यात्रा के दौरान 232 श्रद्धालुओं की मौत हुई थी। यह आंकड़े डराने वाले हैं। 10 मई को कपाट खुलने के बाद से अब तक 1 लाख 26 हजार 306 श्रद्धालुओं ने केदारनाथ पहुंचकर नया रिकॉर्ड बनाया है। पौराणिक ग्रंथों के मुताबिक उत्तराखंड में चार धाम यात्रा 1200 साल से हो रही है, लेकिन पहली बार इतने श्रद्धालु पहुंचे हैं। अधिक तादाद में श्रद्धालुओं के पहुंचने से एक ओर व्यवस्थाओं का गड़बड़ाना लाजिमी है दूसरी ओर पवित्र स्थलों की पवित्रता भी प्रभावित होने की संभावना कम नहीं है। टनों कचरा प्लास्टिक व अन्य गंदगी पहले से ही वन विहीन हो रहे पहाड़ के अस्तित्व पर संकट खड़ा कर रहे हैं। वाहनों की उत्सर्जित गैस व गर्मी पर्यावरण को बिगाड़ रही है। जब इतना अधिक संख्या में यात्री चारों धाम पहुंच रहे हैं तो पहाड़ के संवेदनशील भौगोलिक वातावरण पर दुष्प्रभाव होना भी स्वाभाविक है बेशक पर्यटन से राजस्व कमाने और रोजगार व अर्थव्यवस्था सुधारने के लिए चारधाम यात्रा को आकर्षण बनाने की मुहिम की गई जिस का परिणाम यात्रा के लिए आ रहे लोगों की बढ़ी तादाद है, लेकिन तात्कालिक लाभ के लिए पहाड़ की सेहत से खिलवाड़ उचित नहीं है। पूर्व में उत्तराखंड का केदारनाथ जिस प्राकृतिक त्रासदी से दो चार हो चुका है जिसमें कई हजार श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी उस को भी याद रखना चाहिए, लेकिन इन दिनों लोगों में कभी बेहद दुर्गम व पवित्र तीर्थ धाम माने जाने वाले इन पावन स्थलों को पर्यटन की तर्ज पर घूमने की होड़ लगी हुई है। दरअसल सम्पन्न मध्यमवर्गीय लोगों में आस्था और पर्यटन एक पंथ दो काज करने की मानसिकता बनी है लोग इन समुद्र तल से आठ हजार फुट व अधिक ऊंचाई वाले कम आक्सीजन वाले धार्मिक स्थलों पर बुजुर्गों और छोटे बच्चों को भी साथ लेकर आ रहे हैं। यात्रा शुरू होने के पहले सप्ताह में ही दर्जनों श्रद्धालुओं की मौत बता रही है कि व्यवस्थाएं कमजोर हैं। इस सब के बावजूद लोगों में पहाड़ पर पर्यटन की तर्ज पर चारधाम जाने की होड़ लगी है। यह उचित नहीं है। धार्मिक स्थलों की मर्यादाओं को ध्यान में रखकर दर्शन करने से ही पुन्य मिल सकता है पर्यटन के भाव से मौज मस्ती और अमर्यादित वस्त्र परिधान पहन कर धार्मिक विश्वास दर्शाना महज धोखा है। इन हालात में पहाड़ की सेहत से तो खिलवाड़ किया जा रहा है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



सीता मंदिर
प्रभात झा

# ...पर मेरा जीर्णोद्धार कब होगा

> अयोध्या स्थित रामलाल के भव्य मंदिर के निर्माण के लिए निमित्त ट्रस्ट से जुड़े कामेश्वर चौपाल का कहना है कि बिहार सरकार पुनौरा धाम ट्रस्ट को यदि हमारे ट्रस्ट को सौंप दे तो हम सभी पुनौरा धाम को भारत का श्रेष्ठ धार्मिक पर्यटन बनाने की दिशा में विचार कर सकते हैं। उनका भी मानना है कि अयोध्या की मान्यता विश्व में भगवान राम लला को लेकर है तो मां सीता को लेकर पुनौरा धाम का नाम विश्व में क्यों नहीं हो सकता। जगत जननी कह रही है कि 'जिनके कारण मेरा अस्तित्व है उनका भव्य मंदिर बनने पर मैं बहुत खुश हूं पर मैं भी उनके साथ पतिव्रता अर्धांगिनी बनकर सदैव हर समय खड़ी रही, तो मेरे साथ भी न्याय होना चाहिए।'

सामान्य तौर पर किसी से भी पूछा जाए कि राम लला का जन्म कहां हुआ, तो सभी तपाक से उत्तर देंगे अयोध्या। इसी तरह यदि आप पूछें कि मां जानकी का जन्म कहां हुआ तो लोग उत्तर देते हैं जनकपुर। जो गलत है। जनकपुर तो सीताजी का ननिहाल और विवाह स्थल है। सत्य यह है कि मां जानकी जहां प्रकट हुई थीं उस स्थान का नाम पुनौरा धाम है। यह स्थान बिहार के सीतामढ़ी शहर से साढ़े तीन किलोमीटर दूर है। उस समय जनकपुर भारत का हिस्सा हुआ करता था, आज जनकपुर नेपाल में है, पर मां सीताजी का प्राकट्यस्थल पुनौराधाम आज भी भारत में है। इसके शास्त्रों में प्रमाण भी उपलब्ध हैं। पुनौरा धाम का महत्व इसलिए और भी बढ़ जाता है क्योंकि अभी बीते गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में ऐसा धाम बनेगा, जिसे दुनिया के लोग देखने आएंगे। यहां भव्य मंदिर सिर्फ और सिर्फ नरेंद्र मोदी और भाजपा ही बनवा सकती है। सीतामढ़ी को राम सर्किट से जोड़ा जाएगा।

वृहद विष्णुपुराण के मिथिला खंड में वर्णित है कि हम संसार में प्राणियों की मनोकामनाएं पूरी करने वाली विशेष फलदायक यज्ञ स्थली पुण्योर्वरा (पुनौराधाम) की यात्रा और दर्शन विशेषकर चैत्र श्री रामनवमी और वैशाख श्री जानकी नवमी में मोक्ष की अभिलाषी को करने चाहिए, क्योंकि दोनों तिथि क्रमशः श्री राम जी का जन्मदिवस और मां सीता जी का प्राकट्य दिवस है। वर्णन है की एक बार सम्पूर्ण मिथिला में घोर दुर्भिक्ष पड़ गया। लोग अन्न और जल के अभाव में दम तोड़ने लगे। उस समय राजा जनक राज कर रहे थे। राजर्षि जनक ने अपने राज्य के विद्वानों, ऋषि-मुनियों और ज्योतिषियों की आपातकालीन सभा बुलाकर भीषण दुर्भिक्ष की विभीषिका से त्राण पाने के उपाय पर विचार-विमर्श किया। सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि राजा जनक को हलेष्ठी यज्ञ करना चाहिए। इसके निमित्त शोध के आधार पर पुण्यारण्य (पुण्डरीक आश्रम) को उपयुक्त स्थान के रूप में चयन किया गया। वृहद विष्णुपुराण के मिथिला माहात्म्य के अष्टम अध्याय में वर्णित है कि राजर्षि जनक का जो प्राचीन दुर्ग था, उसके पारतः पंचकोशी चार विशाल द्वार थे। वे इन दिनों भी वर्तमान जनकपुरधाम से क्रमशः दस मील उत्तर की ओर धनुषा, दस मील दक्षिण की ओर गिरजा स्थान, दस मील पूरब की ओर हरिहरालय महादेव और दस मील पश्चिम जलेश्वरनाथ के नाम से लोक विदित है। यह स्पष्ट है कि महाराजा जनक इसी जलेश्वरनाथ (शिव जी का जलशयन स्थल) से पश्चिम भाग में शास्त्रवत अठासी ऋषियों एवं रानी सुनैना सहित तीन योजना के बाद हलेष्ठी यज्ञार्थ पुण्डरीक आश्रम पुण्यारण्य पधारे थे, जहां हलेष्ठी यज्ञ की सिद्धि प्राप्त हुई और मां जानकी का प्राकट्य हुआ। पद्मपुराण में वर्णन है कि जानकी नाम तो जनक जी के वंशानुगत जनक शब्द से रखा गया, लेकिन शास्त्रानुसार उनका नाम 'सीता' होना अपेक्षित है, क्योंकि सीत (फार का नुकीला अग्र भाग) और सीता (सिराउर) के संयोग से उत्पत्ति होने के कारण सीता नाम की पुष्टि होती है। जन्म के बाद लौकिक एवं वैदिक रीतियों से वर्षा



से बचाने के लिए 'मड़ई' (मढ़ी) में मां सीता जी रखी गईं तथा उस स्थान का नाम सीतामढ़ी हुआ।

पुण्डरीक क्षेत्र अर्थात पुनौराधाम, जहां मां जानकी का प्राकट्य हुआ, वहां कई पुरातन स्मृतियां हैं, जिनका वर्णन और वहां की भाषाएं का उल्लेख रामायण, पुराणों, संहिताओं एवं इतिहास के पृष्ठों में स्वर्णाक्षरों में वर्णित है। पुनौराधाम में प्रवेश मात्रा से प्राणी पवित्र हो जाता है। मां जानकी कुंड में जलस्पर्श एवं स्नान करने से सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। मां जानकी जन्म कुंड को पुण्यनिधि कहा गया है। जगतगुरु रामभद्राचार्य गत 12 वर्षों से लगातार पुनौराधाम में जानकी नवमी आने के नौ दिन पूर्व से जगत जननी मां जानकी की जन्म स्थली पर नौ दिन कथा कर जानकी नवमी सम्पन्न कर समाज को सदैव संदेश देते हैं कि पुनौराधाम ही मां जानकी का प्राकट्य स्थल है। मैंने और जगतगुरु रामभद्राचार्य बिहार के तत्कालीन राज्यपाल के साथ-साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस आशय की जानकारी भी दी। आजादी के बाद पहली बार कोई संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति तत्कालीन राज्यपाल और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पुनौराधाम पहुंचे। उन्होंने सभा में कहा कि पुनौराधाम के बारे में तो मुझे पता ही नहीं था कि यह मां जानकी का प्राकट्य स्थल है। जगतगुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि आप जानकी नवमी पर आइए तो मैं वहां पहुंचा। नीतीश ने कहा कि बिहार सरकार पुनौराधाम स्थित मां जानकी के प्राकट्य स्थल का धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विस्तार करने की दिशा में अनेक कदम भविष्य में उठाए जाएंगे। अयोध्या में भगवान रामलला का भव्य और दिव्य मंदिर वर्षों के संघर्ष के बाद न्यायालय के फैसले से बनकर तैयार हो गया। अभी अयोध्या में भगवान रामलला के मंदिर का प्रथम चरण बना है जिसकी जिसकी प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की। कहा जाता है कि 'बिना राम के सीता नहीं और बिना सीता के राम नहीं।' पूरे विश्व से अयोध्या में बने भगवान रामलला के मंदिर के दर्शनार्थ लाखों लोग पधार रहे हैं, पर दूसरी ओर, मां जानकी (सीताजी) का प्राकट्य स्थल पर किसी तरह का जमीनी विवाद नहीं है, और तो और वहां मां जानकी का एक छोटा मंदिर भी बना है। वहां वह स्थल भी मौजूद है जहां राजा जनक ने हल जाता था।


प्रधानमंत्री मोदी जब भी अयोध्या में गए थे जय श्री राम नहीं बोले वह हमेशा 'जय सियाराम' ही बोले। अब सवाल उठता है की माता सीता के प्राकट्य स्थल का जीर्णोद्धार कब होगा। जगतगुरु रामभद्राचार्य ने प्रण लिया हुआ है कि जब तक मां सीता के प्राकट्य स्थल का जीर्णोद्धार और यह भारत का श्रेष्ठ धाम नहीं बनेगा मेरी कथा सदैव जानकी नवमी पर यहां होती रहेगी। राज्यसभा में भी पुनौरा धाम का मामला और वहां मां जानकी के प्राकट्य स्थल के संपूर्ण विकास का मामला उठाया था सदन में सभी दलों ने इसका समर्थन भी किया था। पुनौरा धाम भारत के बिहार राज्य में है। अतः भारत और बिहार सरकार का यह नैतिक दायित्व बनता है कि पुनौरा धाम को भारत का श्रेष्ठ धाम बनाने की दिशा में पुरजोर प्रयास करें। अयोध्या स्थित रामलाल के भव्य मंदिर के निर्माण के लिए निमित्त ट्रस्ट से जुड़े कामेश्वर चौपाल का कहना है कि बिहार सरकार पुनौरा धाम ट्रस्ट को यदि हमारे ट्रस्ट को सौंप दे तो हम सभी पुनौरा धाम को भारत का श्रेष्ठ धार्मिक पर्यटन बनाने की दिशा में विचार कर सकते हैं। उनका भी मानना है कि अयोध्या की मान्यता विश्व में भगवान राम लला को लेकर है तो मां सीता को लेकर पुनौरा धाम का नाम विश्व में क्यों नहीं हो सकता।

भारत की जनता अब पुनौरा धाम आने लगी है। जानकी नवमी को वहां बहुत बड़ा मेला लगता है। जगत जननी मां सच में इंतजार कर रही हैं और कह रही है कि 'जिनके कारण मेरा अस्तित्व है उनका भव्य मंदिर बनने पर मैं बहुत खुश हूं पर मैं भी उनके साथ पतिव्रता अर्धांगिनी बनकर सदैव हर समय खड़ी रही, तो मेरे साथ भी न्याय होना चाहिए।'

(लेखक भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रह चुके हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## क्रियायोग : अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित
दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।'

## दो अनमोल हीरे



संकलित
प्रेरणा

एक व्यापारी को बाज़ार में घूमते हुए एक बहुत अच्छी नस्ल का ऊँट दिखाई पड़ा। व्यापारी ऊँट खरीद कर घर ले आया। घर पहुँचने पर व्यापारी ने अपने नौकर को ऊँट का कजावा (काठी) निकालने के लिए बुलाया। कजावे के नीचे नौकर को एक छोटी सी मखमल की थैली मिली जिसे खोलने पर उसे कीमती हीरे जवाहरात भरे होने का पता चला। नौकर चिल्लाया, मालिक आपने ऊँट खरीदा, लेकिन देखो, इसके साथ क्या मुफ्त में आया है। व्यापारी बोला- मैंने ऊँट ख़रीदा है, न कि हीरे, मुझे उसे तुरंत वापस करना चाहिए। नौकर बोला- मालिक किसी को पता नहीं चलेगा। पर, व्यापारी ने एक न सुनी और वह तुरंत बाज़ार पहुँचा और दुकानदार को मख़मली थैली वापिस दे दी। ऊँट बेचने वाला बहुत ख़ुश था। अब आप इनाम के तौर पर कोई भी एक हीरा चुन लीजिए। व्यापारी बोला- मैंने ऊँट के लिए सही कीमत चुकाई है इसलिए मुझे किसी शुक्राने और उपहार की जरूरत नहीं है। अंत में व्यापारी ने मुस्कुराते हुए कहा- जब मैंने थैली वापस लाने का सोचा तो मैंने पहले से ही दो सबसे कीमती हीरे इसमें से अपने पास रख लिए थे। इस कबूलनामें के बाद ऊँट बेचने वाला भड़क गया उसने अपने हीरे जवाहरात गिनने के लिए थैली को तुरंत खाली कर लिया। पर वह था बड़ी पशोपेश में बोला- मेरे सारे हीरे तो यहीं है, तो सबसे कीमती दो कौन से थे जो आपने रख़ लिए? व्यापारी बोला- मेरी ईमानदारी और मेरा आत्म सम्मान। जिस-जिस के पास यह दां हीरे हैं वह दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### डेंगू से बचने-बचाने के लिए गंभीर हों

हर साल 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को डेंगू से बचने और इस बीमारी से निपटने के प्रति जागरूक करना है। इस वर्ष का थीम है- डेंगू रोकथाम सुरक्षित कल के लिए हमारी जिम्मेदारी। महामारी हो या अन्य कोई बीमारी, इससे बचने के लिए आमजन को भी गंभीर होना चाहिए, मात्र सरकारों या प्रशासन के भरोसे ही नहीं बैठना चाहिए। हर वर्ष देश के विभिन्न राज्यों में डेंगू अपना कहर बरपाता है। सरकार और प्रशासन भी कुंभकर्णी नींद से तभी जागते हैं जब डेंगू जानलेवा बनने लगता है। प्रशासन को चाहिए कि वह आग लगने के बाद कुआं खोदने की बजाय पहले ही डेंगू को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठा ले। - **ललित ताम्रकार**, रायगढ़

## X ट्रेंड

### सम्मान के लिए प्रतिबद्ध हों



समलैंगिक संबंधों का अपराधीकरण समाप्त होना चाहिए, साथ ही एलजीबीटीआईक्यू+ समुदायों के खिलाफ भेदभाव भी समाप्त होना चाहिए। होमोफोबिया, बाइफोबिया और ट्रांसफोबिया के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर और हर दिन, आइए सभी के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध हों।

**-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव**

### सभी हमारे बच्चे



56 राष्ट्रमंडल देशों में 123 मिलियन बच्चे स्कूल से बाहर हैं। मैं पूछता हूं किसके बच्चे हैं? किसके बच्चे गुलामी में फंसे हैं? युद्धों में किसके बच्चे मारे और अपंग हो जाते हैं? किसके बच्चे जलवायु अन्याय से सबसे अधिक पीड़ित हैं? वे सभी हमारे बच्चे हैं!

**-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता**

### बहुमूल्य है समय



समय बहुमूल्य है। भविष्य की सही सटीक और प्रभावी योजनाएं बनाएं और समय साधनों का सदुपयोग करना सीखें। आध्यात्मिक पथिक सदैव समय, साधनों का उचित प्रयोग परम लक्ष्य की प्राप्ति के लिए करता है।

**-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

### तो ऐसा नहीं है



बस एक चेतावनी- यदि आपको लगता है कि यह असंभव है-तो ऐसा नहीं है। यदि आप सोचते हैं कि आप सब कुछ जानते हैं - तो ऐसा नहीं है। अगर आपको लगता है कि आप अकेले हैं- तो आप नहीं हैं!

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

## करंट अफेयर


# हिजबुल्लाह की इजराइल के खिलाफ नई रणनीति



लेबनानी आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह ने इस सप्ताह उत्तरी इजराइल में एक सैन्य चौकी पर ड्रोन के जरिए हमला किया और दो मिसाइलें दागीं, जिसमें तीन सैनिक घायल हो गए थे। इजराइली सेना ने यह जानकारी दी। हिजबुल्लाह बीते सात महीने से इजराइल पर लगातार हमले कर रहा है लेकिन बृहस्पतिवार को किए गए हमले में उसे पहली बार कामयाबी मिली क्योंकि यह इजराइली हवाई क्षेत्र के भीतर से किया गया था। हिजबुल्लाह ने हाल के सप्ताहों में इजराइल पर अपने हमले तेज कर दिए हैं, खासकर गाजा पट्टी के दक्षिणी शहर रफह में इजराइली घुसपैठ के बाद से। आतंकी समूह ने इजराइल के अंदरूनी इलाकों को निशाना बनाकर कई हमले किए हैं तथा नए और अधिक उन्नत हथियारों का इस्तेमाल किया। हिजबुल्लाह पर करीबी नजर रखने वाले लेबनानी राजनीतिक विश्लेषक फैसल अब्दुल-सातेर ने कहा, 'यह इजराइली दुश्मन को जमीन पर संदेश भेजने का एक तरीका है, जिसका अर्थ है कि यह हमारे पास जो कुछ है उसका हिस्सा है, और यदि आवश्यक हो तो हम और अधिक हमला कर सकते हैं।' सीमा पार से गोलीबारी अक्टूबर की शुरुआत से ही जारी है।

## ऑफ बीट

# मनुष्य हजारों वर्षों से प्रकृति में बदलाव कर रहा है : रिपोर्ट



जुलाई 2024 में ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के लिए सभी की निगाहें पेरिस पर होंगी। दुनिया भर से दर्शक एथलीटों की प्रतिस्पर्धा देखने और दुनिया के सबसे पहचाने जाने वाले शहरों में से एक की संस्कृति, रोमांस और इतिहास का आनंद लेने के लिए सिटी ऑफ लाइट में जुटेंगे। लेकिन पेरिस का एक प्रतिष्ठित मील का पत्थर, नोट्रे डेम कैथेड्रल, 14 अप्रैल, 2019 को कैथेड्रल में 12 घंटे तक लगी विनाशकारी आग के बाद अभी भी नवीकरण की प्रक्रिया में होगा। जब आखिरी अंगारे बुझ गए, तो नोट्रे डेम की अधिकांश लकड़ी और धातु छत नष्ट हो गई थी, और उसका भव्य शिखर आग की लपटों में भस्म हो चुका था। नोट्रे डेम लगभग 1,000 वर्ष पुराना है और कई बार क्षतिग्रस्त हुआ और मरम्मत किया गया है। इसका अंतिम प्रमुख नवीकरण 1800 के दशक के मध्य में हुआ था। संरचना को तैयार करने वाले विशाल बीम 300 से 400 साल पहले काटे गए यूरोपीय ओक के पेड़ों से बनाए गए थे। आज, ये पेड़ पूरे उत्तर-मध्य यूरोप में आम हैं, लेकिन सदियों से वनों की कटाई के कारण, नोट्रे डेम की छत की जाली और शिखर की जगह लेने के लिए काफी ऊँचे पेड़ों की जरूरत है। योजनाकारों को पुनर्स्थापना के लिए उपयुक्त बड़े ओक के पेड़ों की देश भर में खोज करनी पड़ी।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

**संग्रहालय दिवस विशेष** राज्य, बिरला, जनजातीय और मानव संग्रहालय में मौजूद विशेष धरोहरों की कहानी बयां करते संग्रहालय

# अपनी अद्वितीय छटा बिखेरती प्रदेश के संग्रहालय की धरोहरें

## 18 मई को मनाया जाता है संग्रहालय दिवस


संग्रहालय में लगी कृतियों की पेंटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कलात्मक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक या वैज्ञानिक महत्व की कृतियों और अन्य वस्तुओं के संग्रह को संग्रहालय में देखा जा सकता है। जहां सांस्कृतिक व ऐतिहासिक महत्व की धरोहरों को प्रदर्शित व संग्रहित किया जाता है। आज शुक्रवार को संग्रहालय दिवस पर हरिभूमि ने राजधानी के संग्रहालयों में मौजूद ऐसे ही कुछ विशेष धरोहरों को देखा और उनकी विशेषता जानी। राज्य संग्रहालय में मौजूद 11वीं सदी की मूर्ति कला और बिड़ला म्यूजियम में मौजूद 5वीं सदी का चित्र बयां करता पुरुरवा और उर्वशी की प्रेम कहानी पर आधारित 11वीं सदी की मूर्ति राज्य संग्रहालय में तो 5वीं सदी का चित्र बिड़ला म्यूजियम में मौजूद है।

## पुरुरवा उर्वशी राज्य संग्रहालय और बिरला म्यूजियम

पुरुरवा और उर्वशी की प्रेम कहानी सर्वविदित है, कि कैसे पृथ्वी पर भ्रमण करने आई स्वर्ग की सर्वश्रेष्ठ अप्सरा उर्वशी को राक्षस ने घेरा और राजा पुरुरवा ने उसकी रक्षा की और फिर इंद्र की सभा में पुरुरवा को याद करने पर देवराज इंद्र ने उर्वशी को मृत्यलोक यानी पृथ्वी लोक में जाने का श्राप दिया था। ऐसे में उर्वशी और पुरुरवा का मिलन हुआ और दोनों साथ में रहने लगे लेकिन इंद्र को नागवार गुजरा और उन्होंने प्रपंच रच कर उर्वशी और पुरुरवा को अलग किया। उर्वशी और पुरुरवा की इसी मिलन और विछोह की प्रेम कहानी पर आधारित 11 वीं सदी की मूर्ति कला 'दम्पति' राज्य संग्रहालय में मौजूद है। तो वहीं उनकी प्रेम कहानी को बयां करता 5वीं सदी का चित्र बिड़ला म्यूजियम में मौजूद है।



## सम्पूर्ण भारत वर्ष में मात्र दो 'आल विल्लकु': 1001 बातियों से युक्त आल विल्लकु की ऊंचाई 15 फीट और वजन 1830 किलोग्राम

1001 बातियों से युक्त 'आल विल्लकु' दीपक, मानव संग्रहालय के अतिरिक्त केरल राज्य के अल्लपी जिले के चेट्टिकुलंगरा ग्राम के महादेवी मंदिर में स्थापित है। 15 फीट ऊंचाई और 1830 किलोग्राम वजनी इस दीपक का निर्माण केरल राज्य के मन्नार ग्राम के धातु कलाकारों के एक समूह द्वारा लॉस्ट वैक्स तकनीक के द्वारा किया गया। मलयालम भाषा में बरगद के पेड़ को आल और दीपक को विल्लकु कहा जाता हैं इसलिए इसका नाम 'आल विल्लकु' पड़ा। जिसमें कुल 1001 दिए निर्मित किए गए हैं, मानव संग्रहालय में इस दीपक को प्रत्येक वर्ष मानव संग्रहालय के स्थापना दिवस पर किया जाता है। इसमें सभी दीयों को एक साथ प्रज्वलित करने के लिए लगभग 18 किलोग्राम तेल या घी की आवश्यकता होती है।



जनजातीय संग्रहालय के स्थापना दिवस पर संग्रहालय के प्रवेश द्वार पर स्थापित होगा 'बाना'

## 35 फीट लंबा और 2 टन लोहे से बना 'बाना' को बना रहे मप्र-छग के आठ जनजातीय कलाकार

जनजातीय संग्रहालय में 35 फीट लंबा और 2 टन लोहे से बना गोंड समुदाय का वाद्य यंत्र 'बाना' तैयार किया गया है, इस वाद्य यंत्र को जनजातीय संग्रहालय के प्रवेश द्वार पर संग्रहालय के स्थापना दिवस पर स्थापित किया जाएगा। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के आठ कलाकारों द्वारा निर्मित 'बाना' की कहानी के बारे में संग्रहालय के क्यूरेटर अशोक मिश्रा ने बताया कि गोंड जनजाती का उपसमूह परधान का मुखिया एक बार साजा पेड़ के नीचे बैठा था तभी वहां से भरही चिड़िया गुजरी और परधान का ध्यान टूटा और उसने भरही की आवाज को पुनः सुनने के लिए उसके पंखों और साजा की लकड़ी से पहले 'बाना' बनाया, इसे बजाकर उसने बड़ा देव को प्रसन्न किया। इसी वजह से परधान लोगों का बाना प्रमुख वाद्ययंत्र है, जिसे उनके प्रमुख तीज-त्यौहारों और सांस्कृतिक अवसरों पर बजाया जाता है।





## मिट्टी से बनाया मगरमच्छ और कछुए का थ्रीडी मॉडल

### क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में हरित शावक कार्यशाला

**भोपाल।** क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में ग्रीष्म कालीन प्रकृति अध्ययन कार्यक्रम-हरित शावक के अन्तर्गत कक्षा 5वीं से 7वीं के विद्यार्थियों के लिए पर्यावरण शिक्षा से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। जिसके अंतर्गत प्रतिभागियों के लिए 17 मई को मिट्टी से प्राणियों के मॉडल बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया गया। संग्रहालय के मूर्तिकार अरविन्द अनुपम ने प्रतिभागियों को मिट्टी की सहायता से मगरमच्छ और कछुए का थ्रीडी मॉडल बनाना सिखाया।



### तालाब की मिट्टी से बनता है मॉडल

अरविंद ने बताया कि मॉडल बनाने के लिए तालाब की मिट्टी को लेकर, उसे अच्छी तरह बारीक करने के बाद उसमें उपस्थित मिट्टी के अतिरिक्त हर चीज को छानकर अलग कर देना चाहिए। उस मिट्टी में उचित मात्रा में रेत तथा पानी मिलाते हुए गूंथने के बाद मॉडल बनाने के लिए उसका उपयोग करें।

मनाली में 11 राज्यों के विद्यार्थियों के साथ ले रहीं पर्वतारोहण का प्रशिक्षण




## पर्वतों की ऊंचाइयों को छूएंगी मध्यप्रदेश की पांच होनहार जनजातीय बालिकाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की 5 जनजातीय छात्राएं पर्वतों की ऊंचाइयों को छूने का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। ये छात्राएं मनाली स्थित भारत सरकार के अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण और संबद्ध खेल संस्थान (अबविमास) में पर्वतारोहण के गुर सीख रही हैं। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) की ये छात्राएं ईएमआरएस की राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी हैं। उपलब्धि के आधार पर इनका चयन इस 26 दिवसीय स्पेशल माउंटेनियरिंग बेसिक कोर्स के लिए हुआ है।

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय की राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (नेस्ट) की ओर से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ये बालिकाएं 7 जून तक पर्वतारोहण से जुड़ी बारीकियां सीखेंगी। इस दौरान उन्हें पर्वतारोहण से जुड़ी कई तकनीकों, रिवर-क्रॉसिंग, बर्फ या चट्टानों के प्रकार, पर्वतों की जलवायु तथा उपकरणों की जानकारी व उपयोग और मौसम का पूवार्नुमान आदि के बारे में जानने का मौका



मिलेगा। साथ ही उन्हें साहसिक खेलों से जुड़ी कई गतिविधियां भी करवाई जाएंगी। प्रशिक्षण के बाद उन्हें वहां पर्वतारोहण करने का अवसर भी दिया जाएगा। प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य डॉ. ई. रमेश कुमार ने इन छात्राओं को इस उपलब्धि पर बधाई दी। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली छात्राओं के अलावा मध्यप्रदेश के अलावा आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम, तमिलनाडु, उत्तराखंड, पश्मिच बंगाल, गुजरात, मणिपुर, तेलंगाना और ओड़िशा सहित 11 राज्यों के जनजातीय विद्यार्थी भी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। इससे विद्यार्थियों को विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों से मिलने और उनकी कला-संस्कृति और बोलचाल को समझने का अवसर भी मिल रहा है।

## पिता-पुत्रियों की जोड़ी से बना 'सबके राम, सबमें राम' ग्रुप, देशभर में दी मनमोहक 34 प्रस्तुतियां

माथे पर तिलक और गले में कंठी माला पहने नन्हीं बालिकाओं ने कहा- सनातन धर्म के पालन के लिए हमेशा से इसी रूप में रहते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चेहरे पर चंद्रमा सा तेज और ललाट पर चंदन तिलक, कुमकुम साथ ही गले में कंठी माला के साथ-साथ सुरीली आवाज में राम भजन गाने वाली नन्हीं मुन्नी बालिकाओं को देखकर किसी का भी हृदय राममय हो जाए।

राम सनातन धर्म की कण-कण में रचे बसे हैं और जब श्री राम पर आधारित भजनों की प्रस्तुति यह नन्हीं बालिकाएं देती हैं तो सभागार तालियों की गड़गड़ाहट और जय श्री राम के नारों से गूंज उठता है। कृष्ण गोपाल पाठक ने अपनी तीन बेटियों अहाना कृष्ण पाठक (15 वर्ष), सुदीक्षा पाठक (10 वर्ष) और श्लोक पाठक (8 वर्ष) के साथ मिलकर 'सबके राम, सबमें राम' ग्रुप बनाया हैं। जिसके माध्यम से वह जगह-जगह श्री राम, कृष्ण, शिव और मां जगदम्बा पर आधारित भजन प्रस्तुतियां देते हैं। जहां कृष्ण पाठक श्री राम चरित मानस को वाचिक सुनाते हैं वहीं उनकी बच्चियां प्रत्येक खंड से जुड़े हुए भजनों का गायन करती हैं।

### हमारे इस रूप को देखकर लोग हमसे कुछ सीखते ही हैं



मध्य प्रदेश में करीब 34 प्रस्तुतियां देने वाले इस समूह की सबसे नन्हीं गायिका श्लोक पाठक ने कहा कि हम हमेशा से ही माथे पर चंदन तिलक, कुमकुम और गले में कंठी पहनकर ही जाते हैं क्योंकि प्रत्येक सनातनी को अपने धर्म का पालन अवश्य करना चाहिए और हमारे इस रूप को देखकर लोग हमसे कुछ सीखते ही हैं।

### हम देखते हैं कि बच्चे और बड़े अपनी संस्कृति से कोसों दूर हो गए हैं: पाठक

सबसे बड़ी गायिका 15 वर्षीय अहाना पाठक ने कहा कि हम सेंट जोसेफ स्कूल की छात्राएं हैं और स्कूल में भी हम इसी प्रकार से जाते हैं, जहां हमसे कई बार बच्चे पूछते हैं कि आप इसी तरह से टीका लगाकर क्यों आती हो तब हमारा जवाब होता है कि हमें भारतीय संस्कृति को इसी तरह से पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अभी हम देखते हैं कि बच्चे और बड़े अपनी संस्कृति से कोसों दूर हो गए हैं। ऐसे में हमारा इस प्रकार से रहना लोगों को सनातन धर्म के निकट ही लाएगा।

### अपनी दोनों बहनों को देती हूं संगीत की शिक्षा, रोजाना करते हैं चार घंटे रियाज

आहना ने कहा कि मुझे संगीत की शिक्षा मेरे दादा जी से मिली, इसके अलावा मैंने दो वर्ष संगीत भी सीखा, मैं अपनी दोनों बहनों को संगीत की शिक्षा देती हूं। उन्होंने कहा कि हम छुट्टियों में करीब 5-6 घंटे रियाज करते हैं और जब स्कूल में होते हैं तब करीब 4 घंटे रियाज कर ही लेते हैं।

## अंलकरण समारोह आज पत्रकार और छायाकार का होगा सम्मान

**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर शनिवार सुबह साढ़े दस बजे माधवराव सप्रे संग्रहालय में राजधानी के पत्रकारों और छायाकार का सम्मान किया जाएगा।


अलंकरण समारोह में हरिभूमि के वरिष्ठ छायाकार राकेश सैनी को होमी ब्यारावाला पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य खेमसिंह डहेरिया, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के निर्देशक आचार्य अमिताभ पाण्डेय और राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के निदेशक आचार्य चंद्र चारू त्रिपाठी होंगे।

- माधवराव सप्रे संग्रहालय में राजधानी के पत्रकारों और छायाकार का सम्मान होगा

## आजकल आदमी दुखी क्यूं है, सिर्फ इससे कि वो सुखी क्यूं है...

### तुलसी साहित्य अकादमी ने किया ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन

**भोपाल।** तुलसी साहित्य अकादमी जिला शाखा भोपाल द्वारा डॉ.मोहन तिवारी आनंद, राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलसी साहित्य अकादमी की अध्यक्षता में ऑनलाइन काव्य गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. देवदत्त द्विवेदी सरस, विशेष अतिथि डॉक्टर निराला पाठक रांची झारखंड रहे, सारस्वत अतिथि डॉ.आर पी तिवारी राजेन्द्र थे, तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ.अशोक तिवारी अमन अध्यक्ष तुलसी साहित्य अकादमी जिला शाखा भोपाल ने किया। इस अवसर पर पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर 30 कवियों से काव्य पाठ कराया गया। डॉ.निराला पाठक द्वारा सरस्वती वंदना पाठ से गोष्ठी का प्रारंभ हुआ। राजेश तिवारी झांसी,ने आओ करें मतदान शुरू हुआ...का पाठन किया तो वहीं डॉ अर्चना पांडे ने अनुकंपा भगवान की जो रखते हैं ध्यान, सुमिरन में करती रहूं राम संग है... रचना पढ़ी। डॉ.मोहन तिवारी आनंद ने एक गजल पढ़ी जिसके बोल थे आजकल आदमी दुखी क्यूं है, सिर्फ इससे कि वो सुखी क्यूं है...।




विद्यार्थियों में शुद्ध विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करना...

## विद्यार्थी विज्ञान मंथन का दो दिवसीय नेशनल कैंप का शुभारंभ आइसर में आज से

**भोपाल।** विज्ञान भारती द्वारा 18-19 मई 2024 को विद्यार्थी विज्ञान मंथन का दो दिवसीय नेशनल कैंप का आयोजन आइसर भोपाल में आयोजित होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में संपूर्ण भारत के 36 प्रांतों से 486 विद्यार्थी, शिक्षक, विज्ञान चिंतक, वैज्ञानिक संचारक सहित कुल 1000 व्यक्ति इस प्रतियोगिता सह कार्यशाला में भाग ले रहे हैं। विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम), राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के सहयोग से विज्ञान भारती की एक पहल है। वीवीएम छठी से ग्यारहवीं कक्षा के स्कूली छात्रों के बीच विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के लिए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है, इसके उद्देश्य विद्यार्थियों में शुद्ध विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करना, वैज्ञानिक सोच रखने वाले छात्रों की पहचान करने के लिए प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित करना है।

**स्थानीय समाचार**

## सलकनपुर के सीढ़ी मार्ग पर देर शाम लगी भीषण आग, कई दुकानें जलकर हुई खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेहटी

रेहटी तहसील के प्रसिद्ध मां बिजासन धाम सलकनपुर में देर शाम सीढ़ी मार्ग पर दुकानों में आग लग जाने से चार-पांच दुकानें भी जल गई हैं। स्थानीय व्यापारी दुकानों की आग बुझाने में जुटे हुए हैं। आगजनी की सूचना फायर बिग्रेड को भी दी गई है। घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी, थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंचे।

### दमकलों का पहुंचना मुश्किल, हजारों का नुकसान



जानकारी के अनुसार सलकनपुर में सीढ़ी मार्ग पर ऊपर से लेकर नीचे तक बड़ी संख्या में दुकानें बनी हुई हैं। इन्हीं दुकानों में शुक्रवार को देर शाम आग लग गई। अभी आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन इस आगजनी में कई दुकान जल गई हैं। स्थानीय रहवासियों ने बताया कि यूं तो यहां पर आगजनी की घटनाएं हमेशा होती रहती है। इसका कारण भी कहीं न कहीं लापरवाही रहता है। सीढ़ी मार्ग पर आग लगने के बाद वहां पर दमकलों का पहुंचना भी मुश्किल हो जाता है। इसके कारण आग कई बार बेकाबू हो जाती है।

## वेद-पुराणों व मंदिरों में मिलता हैं काल गणना एवं चिकित्सा पद्धति का प्रमाण

दुर्गा वाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में भारत के गौरवशाली इतिहास के लिए चर्चा सत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व हिंदू परिषद की महिला शाखा दुर्गा वाहिनी के शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के पांचवें दिन शुक्रवार को दुर्गा वाहिनी प्रांत संयोजिका सत्यकीर्ति राने ने बताया कि हमारा इतिहास बहुत गौरवशाली है, जिसमें काल गणना एवं चिकित्सा पद्धति जो कई वर्षों पुरानी है, जिसका प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष प्रमाण हमारे वेदों, पुराणों, मंदिरों एवं कई पुस्तकों में मिलता है। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री अजय पारीक ने बालिकाओं को इसकी विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया भारत में सेकंड से भी छोटी इकाई सेकंड का 5456 वा



भाग की गणना हमारे पूर्वजों ने की है जब से मानव सभ्यता अपने आंख खोली है, तब से हम सृष्टि की 432000 कलयुग का कालखंड एवं चार अरब 32 करोड़ सृष्टि की गणना हमारे इतिहास में मिलती है, जिसे हम कई जगहों पर बने जंतर-मंतर में देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि चिकित्सा पद्धति महर्षि सुश्रुत शैल्या चिकित्सा के प्रमुख उन्होंने आकार प्रकार वजन का किस प्रकार शैल्या चिकित्सा में कार्य आता है। उन्होंने कई उदाहरण जैसे गणेश जी का सिर जो मस्तिष्क प्रत्यारोपण का एक अच्छा उदाहरण है, अंग प्रत्यारोपण टेस्ट ट्यूब बेबी उदाहरण उन्होंने दिए।

### दुनिया के 220 देश में संस्कृत अध्ययन

संस्कृत भाषा दुनिया में 220 देश में संस्कृत अध्ययन जैसे जापान आदि नासा आदि जगहों पर संस्कृत का इस्तेमाल किया है। संस्कृत एकमात्र ऐसी भाषा है, जिसका एक्सेंट चेंज नहीं होता है। यदि हम अंतरिक्ष में जाकर खोजें तो सप्त स्वर की खोज मंदिरों का विज्ञान, रंगों का विज्ञान, वस्त्र विज्ञान ,श्रृंगार विज्ञान, हथकरघा, वास्तु शिल्प, धातु विज्ञान, व्यंजन परंपरा (शीतला अष्टमी) धातु बर्तनों का विज्ञान इस प्रकार गोवर्धन पूजा का महत्व, कुटुंब संस्कार द्वारा मोक्ष की प्राप्ति इन सब बातों का अध्ययन अगर हम करें तो यह पता चल जाएगा कि हमारा इतिहास कितना गौरवशाली है और कितनी गंभीरता लिए हुए हैं।

# कांग्रेस आपका आरक्षण खत्म करना चाह रही, गठबंधन के नेता राममंदिर के साथ सनातन, हिंदू धर्म को बता रहे बेकार की चीज

## हमीरपुर में पीएम मोदी ने इंडी गठबंधन पर किया बड़ा हमला



सपा को भी घेरा

पीएम मोदी ने हमीरपुर और फतेहपुर में जनसभाओं को संबोधित किया। यह रैली बुंदेलखंड की लोकसभा सीटों को देखते हुए बेहद अहम है। पिछली सरकारों ने किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर कर दिया था।




### शहजादे राम मंदिर पर ताला डलवा देंगे

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस अलगाववादियों को खाद पानी देती थी और आतंकवाद का आरोप भगवा पर लगाया। भगवा आतंकवाद का झूठ गढ़ा था। यूपी में सपा सरकार दंगाइयों की खातिर करती थी।कांग्रेस के शहजादे राम मंदिर पर ताला डलवाने का ख्वाब देखते हैं। सपा के बड़े नेता कहते हैं कि राम मंदिर बेकार है। वे सत्ता में आकर सनातन धर्म का विनाश कर देंगे।

एजेंसी ▶▶ हमीरपुर

पीएम मोदी शुक्रवार को हमीरपुर और फतेहपुर में जनसभाओं को संबोधित किया। यह रैली बुंदेलखंड की लोकसभा सीटों को देखते हुए बेहद अहम है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछली सरकारों ने बुंदेलखंड में किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर कर दिया था। हम किसान सम्मान निधि, सस्ती यूरिया दे रहे हैं। गरीबों को निशुल्क राशन मिल रहा हैं। हम गरीबों को मुफ्त राशन, मुफ्त इलाज की सुविधा दे रहे हैं। हम तीन करोड़ नए पीएम आवास बनाएंगे। तीन करोड़ लखपति दीदी बनाएंगे। यह मोदी की गारंटी है।

इसके लिए आपका साथ चाहिए। अगर कहीं पर भी आप को इक्का दुक्का ऐसे परिवार मिल जाएं, तो मेरी तरफ से आप उनका नाम पता लेकर मुझे भेज दीजिए। कांग्रेस सरकार वहां दलितों- पिछड़ों का आरक्षण कम करके मुसलमानों को देना शुरू कर दिया है। अब ये लोग पूरे देश में लागू करना चाहते हैं। ये वोट बैंक तुष्टीकरण के लिए किसी भी सीमा पर जा सकते हैं।

### आपकी संपत्ति को बांट देंगे सपा-कांग्रेस के नेता

पीएम मोदी ने कहा कि सपा-कांग्रेस ने चुनाव से पहले ही इरादे साफ कर दिए हैं। कांग्रेस कह रही है वह सबकी संपत्ति की जांच कराएंगे। क्या किसी भी सरकार को आप अपनी संपत्ति लूटने देंगे। यह सपा-कांग्रेस वाले कह रहे हैं कि वह उनकी संपत्ति को बांट देंगे।

### कांग्रेस और पाकिस्तान पर कसा तंज

कांग्रेस आजकल हमें धमकी दे रही है कि पाकिस्तान से डरो। पाकिस्तान को हम घर में घुसकर मारकर आए थे। पाकिस्तान के पास परमाणु बम के रखरखाव का खर्चा तक नहीं हैं। पाकिस्तान का डर दिखाने वाले वोट देने लायक हैं क्या।

### डिफेंस कॉरिडोर, राष्ट्र सम्मान नहर परियोजना का काम शुरू

चुनौती से जो टकराता है, वही तो मोदी कहलाता है। पौने दो लाख घरों में मिशन नमामि गंगे तहत कनेक्शन दिया जा चुका है, जो समस्याएं हैं उन पर काम चल रहा है। हमारी सरकार ने केन बेतवा लिंक परियोजना के लिए काम शुरू कर दिया है। हमारी सरकार 40 हजार करोड़ से ज्यादा खर्च कर रही है।

### भानुमति का कुनबा बिखरने लगा

फतेहपुर। लोकसभा चुनाव को लेकर पीएम मोदी फतेहपुर पहुंचे। पीएम मोदी ने कहा कि 'ये जनसैलाब बहुत कुछ बता रहा है। जनता जनार्दन ने इन चार चरणों में ही इंडी गठबंधन को सपा-कांग्रेस और उसके साथियों को चारों खाने चित्त कर दिया है।पीएम मोदी ने कहा कि 'भानुमति का कुनबा बिखरने लगा है। उसने हथियार डाल दिए हैं। बचे हुए चुनाव में कोई मेहनत भी नहीं करना चाहता। अब उन्होंने घर से निकलना ही छोड़ दिया है। मैंने कहा था ये शहजादे केरल में वायनाड से भागेंगे, भागे कि नहीं भागे।

### शाह ने राहुल को दी चुनौती

## पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है और रहेगा, इसे हम वापस लेकर रहेंगे

रायबरेली। गृह मंत्री अमित शाह ने रायबरेली में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मणिशंकर अय्यर और फारूख अब्दुल्ला कहते हैं कि पीओके की बात मत करो। पाकिस्तान के पास एटम बम है। मैं आज यहां से कहकर जाता हूं, आपको डरना है तो डरिए,लेकिन पीओके भारत का है, रहेगा और हम इसे लेकर रहेंगे। शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के लोग केवल अपने परिवारों के लिए राजनीति करने वाली कांग्रेस और सपा का पूरी तरह सफाया करने का मन बना चुके हैं। कांग्रेस पार्टी और इंडी अलायंस परिवारवादी गठबंधन है।



### इस देश को फिर कभी नहीं बांटा जा सकता

हाल ही में बीआरएस नेता केटी रामाराव ने अपने एक बयान में उत्तर बनाम दक्षिण के मुद्दे पर बात की और दक्षिण को अलग देश बताया। शाह ने रामाराव के उस बयान पर तीखी टिप्पणी की और बयान को घोर आपत्तिजनक बताया। शाह ने कहा कि इस देश को फिर कभी नहीं बांटा जा सकता। देश की जनता को कांग्रेस के एजेंडे के बारे में सोचना चाहिए। देस को बांटने की बात बेहद आपत्तिजनक है।

### बलिया में राजनाथ की हुंकार

## तीसरे कार्यकाल में सीएए लागू करेगी मोदी सरकार



भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के सिकन्दरपुर में चुनावी जनसभा में ऐलान किया कि केंद्र में तीसरी बार सत्ता में आने पर समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। यह हमारा कमिटमेंट है। सिंह ने सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रवींद्र कुशवाहा के समर्थन में जनसभा में कहा कि संविधान निर्माताओं ने भी समान नागरिक संहिता के बारे में कहा था। उन्होंने कहा कि हम राजनीति देश बनाने के लिए करते हैं।

### ओडिशा में गरजे सीएम हिमंत

## 400 पार होने पर पीओके होगा हमारा



भुवनेश्वर। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को गंजाम जिले के कविसूर्यनगर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीओके को भारत में मिलाने के लिए मोदी का 400 पार का नारा दिया गया है। 300 पार हुआ तो श्रीराम मंदिर बना और सीएए लागू किया गया।यह 400 को पार होगा तो पीओके भारत में विलय हो जाएगा। कृष्ण मंदिर बनेगा और कई काम होंगे। पीओके के अशांत होने के बावजूद श्रीनगर में लोग सुरक्षित एवं शांतिप्रिय हैं।

### बेटे के चुनाव प्रचार में बोले ब्रजभूषण

## मैं तो छुट्टा सांड हो गया हूं...



केसरगंज। उत्तर प्रदेश के कैसरगंज से बेटे करन भूषण के लिए चुनाव प्रचार कर रहे भाजपा के मौजूदा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह ने कहा कि मैं न रिटायर हुआ हूं, न बूढ़ा हुआ हूं। अब मैं छुट्टा सांड़ हूं। अब जनता के लिए किसी से भी भिड़ सकता हूं। सांसद के इस बयान को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं। भरे मंच से सांसद ने स्थानीय भाषा में कहा कि का करिहये हमार, का करिहये, लड़ेजितिहैं न, और हमसे ज्यादा मनइयों कोही के पास नाही हैं। हम चुप बैठने वाले नहीं हैं।

### राहुल का भावनात्मक बयान

## मैं आपका हूं, अमेठी का हूं और रहूंगा



अमेठी। यहां राहुल गांधी ने जनसभा में भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पहली बार किसी पार्टी और उसके नेता साफतौर पर कह रहे हैं कि हम संविधान को बदल देंगे। राहुल ने कहा कि राजनीति में जो उन्होंने सीखा है वो अमेठी जनता ने उन्हें सिखाया है। मैंने अपने पिता का जो रिश्ता अमेठी और यहां के लोगों से था वो अपनी आंखों से देखा है। आप लोग यह मत समझिए कि मैं रायबरेली से चुनाव लड़ रहा हूं, मैं आपका हूं अमेठी का हूं था और रहूंगा।

### रायबरेली में सोनिया बोलीं

## अपना बेटा आपको सौंप रही हूं...



लंबे समय बाद शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में जनसभा को संबोधित करने पहुचीं सोनिया गांधी भावुक दिखाई दीं। उन्होंने बहुत संक्षिप्त भाषण में रायबरेली वालों के प्रति आभार जताया और कहा कि अपना बेटा आपको सौंप रही हूं। बीस साल तक जिस तरह से आपने मुझे प्यार दिया है उसी तरह राहुल को भी दें। राहुल आपको निराश नहीं करेंगे।

---

### खबर संक्षेप

### रनवे पर ट्रैक्टर से भिड़ा एयर इंडिया का विमान




नई दिल्ली। एयर इंडिया का विमान एक बड़े हादसे से बाल-बाल बच गया। पुणे हवाईअड्डे के रनवे पर एयर इंडिया का विमान उड़ान भरने ही वाला था कि वहां खड़े एक ट्रैक्टर से टकरा गया। विमान में कुल 180 यात्री सवार थे। हालांकि, किसी यात्री को किसी प्रकार की चोट नहीं आई है लेकिन विमान को नुकसान पहुंचा है। ये घटना गुरुवार को शाम लगभग 4.21 बजे हुई।

### घातक बीमारियों की 41 दवाओं के दाम घटे



नई दिल्ली। शुगर, डायबिटीज या फिर दिल की बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाईयों की कीमत घटाने का निर्णय लिया है। फार्मास्यूटिकल्स विभाग और नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइजिंग अथॉरिटी डायबिटीज से लेकर हार्ट डिजीज तक के इलाज में इस्तेमाल 41 दवाओं की कीमतें घटाने जा रही है। इसके साथ ही कहा गया कि 6 फॉर्मूलेशन के लिए कीमत भी तय कर दी गई है।

### झारखंड हाई कोर्ट ने राहुल पर लगाया हर्जाना



रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर एक हजार का हर्जाना लगाया है। उनकी ओर से समय की मांग की गई थी, जिस पर अदालत में उन पर हर्जाना लगाया है। राहुल ने दिल्ली के अधिवेशन में कहा था कि भाजपा में हत्या का आरोपित भी अध्यक्ष बन सकता है, लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं हो सकता है। चाईबासा कोर्ट में शिकायत वाद दर्ज कराई गई है।

### दिल्ली शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय का बड़ा दावा

# आम आदमी पार्टी के खिलाफ फाइल की चार्जशीट, एजेंसी के पास 'पर्याप्त' सबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईडी ने कथित शराब घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दोनों के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। ईडी ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में दायर सप्लीमेंट्री चार्टशीट में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ-साथ अब उनकी पार्टी को भी आरोपी बनाया है।

आप के खिलाफ चार्जशीट दायर होने के बाद अब पार्टी के पदाधिकारियो की मुश्किलें भी बढ़ सकती हैं। पार्टी के संयोजक होने के नाते अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें अभी और बढ़ सकती है। ईडी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसे आबकारी नीति मामले में अपराध की कथित आय के संबंध में अरविंद केजरीवाल और हवाला ऑपरेटरों के बीच चैट का पता चला है।

### एएसजी राजू का दावा-हवाला के जरिए पार्टी को पैसा भेजा

### केजरीवाल ने 100 करोड़ रुपए की रिश्वत की मांग की थी

ईडी की ओर से पेश होते हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ से कहा कि हम अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के खिलाफ अभियोजन शिकायत (चार्जशीट) दायर करने का प्रस्ताव कर रहे हैं। एसवी राजू ने दावा किया था कि जांच एजेंसी के पास यह साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि केजरीवाल ने 100 करोड़ रुपए की रिश्वत की मांग की थी, जिसका इस्तेमाल आम आदमी पार्टी ने गोवा विधानसभा चुनाव अभियान में किया था। एसवी राजू ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि हमारे पास प्रत्यक्ष प्रमाण हैं कि केजरीवाल एक सात सितारा होटल में रुके थे, जिसके बिल का आंशिक भुगतान मामले के एक आरोपी ने किया था।



**केजरीवाल को करना है सरेंडर**

ईडी ने 21 मार्च को अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को केजरीवाल को 21 दिनों की अंतरिम जमानत दे दी। उन्हें 2 जून को सरेंडर करना है। अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए केजरीवाल की ओर से यह याचिका दाखिल की गई है।

### ईडी ने चार्जशीट में क्या-क्या कहा?

ईडी ने कोर्ट को सौंपी अपनी चार्ज शीट में कहा कि मनीष सिसोदिया और के. कविता के साथ अरविंद केजरीवाल भी हैं 'मास्टरमाइंड' हैं। चार्जशीट में आम आदमी पार्टी को आरोपी के रूप में नामित किया गया है। ईडी ने कहा कि पहली बार किसी राजनीतिक दल को मनी लॉन्ड्रिंग जांच में आरोपी के रूप में नामित किया गया है। ईडी का कहना है कि 45 करोड़ की आय का इस्तेमाल आप ने अपने गोवा चुनाव अभियान में किया। आप ने गोवा चुनाव प्रचार में 45 करोड़ रुपए खर्च किए।

### उत्पाद शुल्क मामला: जमानत पर फैसला सुरक्षित

सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। याचिका में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से उनकी गिरफ्तारी और उसके बाद दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में उनकी रिमांड को चुनौती दी गई थी। हालांकि, कोर्ट ने उन्हें नियमित जमानत के लिए निचली अदालत का रुख करने की छूट दे दी। वहां पर जमानतक के लिए याचिका दे सकते हैं।

### भरतपुर में भीषण सड़क हादसा

## 4 महिलाओं समेत 7 लोगों की मौत और 8 अस्पताल में भर्ती

एजेंसी ▶▶ भरतपुर

राजस्थान के भरतपुर में भीषण सड़क हादसे में 4 महिलाओं समेत 7 लोगों की मौत हो गई है। 8 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक्सीडेंट के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। आगरा-जयपुर हाईवे पर यूपी रोडवेज की बस आगे चल रही ट्रक से जाकर भीड़ गई।


दुर्घटना के बाद बस के आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हलैना बस स्टैंड के पास एक यूपी नंबर की बस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई।एक्सीडेंट की वजह से 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 12 घायल हो गए।



### ड्राइवर की गलती सामने आई

डीएसपी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि दुर्घटना बस चालक की गलती की वजह से हुआ है तभी तो वो मौके से फरार हो गया है। या तो बस चालक नशे में था या फिर उसे झपकी आ गई। दुर्घटना के बाद बस को क्रेन की मदद से फिलहाल हाईवे से हटा दिया गया है। जबकि घायलों का इलाज किया जा रहा है।

### मुंबई होर्डिंग हादसा: आर्यन के मामा-मामी की मौत



मुंबई। यहां तेज आंधी के चलते जनता को भारी नुकसान उठाना पड़ गया। घाटकोपर इलाके में एक होर्डिंग गिरने से कई लोगों की मौत हो गई। ऐसा अनुमान था कि इसमें कार्तिक आर्यन के रिलेटिव्स का नाम भी शामिल हैं। अब हादसे के 56 घंटे बाद कार्तिक आर्यन के मामा-मामी का शव बाहर निकाल लिया गया है। फिलहाल एक्टर आर्यन का इस पर अब तक रिएक्शन नहीं आया है।

### बीड में इंस्पेक्टर निकला धन कुबेर

## छापेमारी में 1.08 करोड़ नकद 72 लाख के गोल्ड बिस्कुट मिले



मुंबई। एंटी करप्शन ब्यूरोको बीड जिला पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग के इंस्पेक्टर हरिभाऊ खाड़े के घर पर छापेमारी की।

इस दौरान 1.08 करोड़ नकद और 72 लाख के गोल्ड बिस्किट बरामद हुए हैं। ईओडब्ल्यू इंस्पेक्टर हरिभाऊ खाड़े पर बीड में हुए जिजाऊ मल्टीस्टेट घोटाले में एक कारोबारी पर आरोप लगाने से बचाने 1 करोड़ की रिश्वत मांगने और 5 लाख का घूस लेने का आरोप है। खाड़े फरार बताया जा रहा है।

### टीएमसी नेताओं के ठिकानों पर सीबीआई का छापा

सीबीआई ने बंगाल में टीएमसी के दो नेताओं के ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी साल 2021 में चुनाव के बाद हुई हिंसा के मामले में की गई। पूर्वी मेदिनीपुर जिले के काठी इलाके में टीएमसी नेताओं के ठिकानों पर छापा मारा। चुनावी हिंसा में भाजपा के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई थी।

### भूमि स्वामित्व मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

# संविधान पीठ का फैसला छोटी पीठ को मानना बाध्यकारी

### हरियाणा के भूमि कानून के तहत मामले पर सुनवाई में यह बात कही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि जजों की कम संख्या वाली पीठों पर संविधान पीठ का फैसला बाध्यकारी होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने अप्रैल 2022 के एक फैसले का जिक्र करते हुए यह टिप्पणी की।

7 अप्रैल 2022 के एक फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि कोई पंचायत उस जमीन पर स्वामित्व का दावा नहीं कर सकती, जो हरियाणा के भूमि कानून के तहत असली मालिकों से मंजूर अधिकतम सीमा तक ली गई हो।

**खास बातें**

- अप्रैल 2022 के एक फैसले का जिक्र किया
- पंचायत के दावे की बात पर शीर्ष कोर्ट ने फैसला दिया

### अधिग्रहण में भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखा



शीर्ष अदालत ने कहा था कि पंचायतें उन जमीनों का सिर्फ प्रबंधन और नियंत्रण कर सकती हैं और उन पर स्वामित्व का दावा नहीं कर सकतीं। भूमि मालिकों को जमीन वापस भी नहीं की जा सकती क्योंकि जमीन का अधिग्रहण वर्तमान की जरूरतों के साथ ही भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर किया जाता है। अब सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2022 के फैसले की समीक्षा की।

**फैसले की समीक्षा की मांग की गई थी**

सुप्रीम कोर्ट में अप्रैल 2022 के फैसले की समीक्षा की मांग को लेकर याचिका दायर की गई थी। इस याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि हमारे विचार से संविधान पीठ के फैसले को नजरअंदाज करने से इसकी मजबूती कमजोर होगी और सिर्फ इस आधार पर फैसले की समीक्षा की अनुमति दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट अब 7 अगस्त को समीक्षा याचिका पर सुनवाई करेगा।

### जमानत याचिका पर अहम टिप्पणी

## नागरिकों की आजादी के संबंध में हर एक दिन अहम

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी नागरिक की आजादी के संबंध में एक-एक दिन अहम है। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान ये टिप्पणी की। दरअसल दिल्ली शराब घोटाले में आरोपी अमनदीप सिंह ढल्ल ने अपने वकील कपिल सिब्बल के माध्यम से याचिका दायर की। याचिका में कहा गया कि दिल्ली हाईकोर्ट बीते कई महीनों पर ढल्ल की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहा है, लेकिन अभी तक फैसला नहीं किया गया है। अब सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए हाईकोर्ट को जल्द जमानत याचिका पर फैसला करने का निर्देश दिया है।

- एनजीएलवी का वजन 700 टन,ऊंचाई 246 फीट और व्यास 16 फीट होगा
- भविष्य में रॉकेट की लांचिंग के खर्च में आएगी कमी
- सरकार की हरी झंडी मिलते ही काम हो जाएगा शुरु

### रॉकेट बनाना होगा आसान


दोबारा इस्तेमाल करने वाले हिस्सों की वजह से रॉकेट लॉन्च का खर्च कम हो जाएगा. इसकी डिजाइन मॉड्यूलर होगी। ताकि ज्यादा मात्रा में इसका प्रोडक्शन किया जा सके। इसका बड़ा फायदा ये है कि इससे इसका मेंटेनेंस आसान हो जाएगा। इसमें सेमी-क्रायोजेनिक प्रोपल्शन सिस्टम होगा।

# दुनिया को बड़ी टक्कर देने के लिए इसरो के नए रॉकेट की डिजाइन तैयार,भारी कम्युनिकेशन सैटेलाइट्स को लॉन्च करना होगा आसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का नया रॉकेट तैयार होने वाला है। इसका डिजाइन फाइनल स्टेज में पहुंच चुका है। इसका नाम है नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्च व्हीकल (एनजीएलवी)। यह एक हैवी लिफ्ट रॉकेट होगा, जो दशकों से इसरो के काम आ रहे पीएसएलवी की जगह लेगा। इसकी डिजाइन पूरी होने वाली है। इसरो को अब सरकार की हरी झंडी का इंतजार है, ताकि डिजाइन को प्रैक्टिकल प्लेटफॉर्म पर उतारा जा सके। यानी इसका रॉकेट बनाया जा सके। एनजीएलवी रॉकेट तीन स्टेज का होगा। यह 10 टन के पेलोड को जियोस्टेशनरी ट्रांसफर ऑर्बिट तक पहुंचा सकेगा। साथ ही यह अन्य रॉकेटों की तुलना में किफायती होगा।

इसरो के नए रॉकेट एनजीएलवी का डिजाइन बनकर तैयार है। बस अब सरकार की तरफ से रॉकेट बनाने का निर्देश मिलना बाकी है। जैसे ही हरी झंडी मिली। इसरो देश के लिए नया रॉकेट बना देगा। इसके बाद इसरो रॉकेट के मामले में अमेरिका, रूस, यूरोप, चीन समेत पूरी दुनिया को और बड़ी टक्कर देगा।



### अलग-अलग वैरिएंट्स ले जाएंगे सैटेलाइट्स

इसके अलग-अलग वैरिएंट्स बनाए जाएंगे. एनजीएलवी रॉकेट्स लोअर अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) तक 17 हजार से 48 हजार किलोग्राम के पेलोड ले जा पाएंगे। जबकि जियोस्टेशनरी ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) तक 8500 से 24 हजार किलोग्राम तक के पेलोड को पहुंचा पाएंगे।

### इस तरह होगा बड़ा फायदा

फायदों की बात करें तो इसरो भविष्य में इससे काफी भारी कम्यूनिकेशन सैटेलाइट्स लॉन्च कर सकेगा। क्योंकि अभी तक इसरो के पास जो भी रॉकेट हैं, वो अधिकतम 4-5 टन के सैटेलाइट ही लॉन्च कर पाते हैं। यह रीयूजेबल रॉकेट होगा। यानी इसका कुछ हिस्सा फिर से इस्तेमाल करने लायक बनाया जाएगा।

### लॉन्चिंग होगी किफायती

सेमी-क्रायोजेनिक प्रोपल्शन सिस्टम यानी रिफाइंड केरोसिन और लिक्विड ऑक्सीजन को ईंधन के तौर पर इस्तेमाल करेंगे। इस ईंधन के इस्तेमाल से भी खर्चा बचेगा। ओपन सोर्सेस पर मौजूद जानकारी के मुताबिक एनजीएलवी की ऊंचाई 246 फीट होगी। इसका व्यास 16 फीट होगा। वजन 600 टन से 700 टन के बीच होगा।

## खबर संक्षेप


### अब नेपाल में भी प्रतिबंधित हुए मसाले

**नई दिल्ली।** सिंगापुर और हॉन्गकॉन्ग के बाद अब नेपाल ने भी भारत के दो मसाला ब्रांड एवरेस्ट और एमडीएच की बिक्री, खपत और आयात पर रोक लगा दी है। नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी एवं गुणवत्ता नियंत्रण विभाग के प्रवक्ता मोहन कृष्ण महारजन ने कहा कि नेपाल में आयात किए जा रहे एवरेस्ट और एमडीएच ब्रांड के मसालों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मसालों में हानिकारक केमिकल के अंश पाए जाने की खबर आने आयात पर प्रतिबंध लगा था।



### बच्चों ने देखा संदिग्ध सेना ने की घेराबंदी

**जम्मू।** संदिग्धों के देखे जाने की सूचनाओं के बीच आम नागरिक खौफजदा हैं। कठुआ जिले के डग्गर और जुथाना गांव के बाद अब लखनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ती पुलिस पोस्ट बसंतपुर से सटे कसोरी गांव में स्कूली बच्चों ने एक संदिग्ध देखने की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने तुरंत हरकत में आते हुए इलाके की घेराबंदी कर तलाशी शुरू कर दिया। लखनपुर के कसोरी गांव के बच्चे सुबह स्कूल जा रहे थे तो उन्होंने पहाड़ी पर एक अजनबी को देखा, जो वहां से भाग गया।



### तेल बहने से अमेरिका को अरबों का नुकसान

**मेक्सिको।** मेक्सिको की खाड़ी में अमेरिका का 40 लाख लीटर से ज्यादा तेल स्वाहा हो गया। अमेरिका को इससे अरबों रुपए का नुकसान हुआ है। तेल लुइसियाना के दक्षिण-पूर्वी तट पर एक पाइपलाइन से लीक हुआ। पाइपलाइन को बंद कर दिया गया है लेकिन अमेरिका लीक के कारणों का सटीक पता लगाने में जुटा है। अबतक तेल का अंश किनारे तक नहीं पहुंचा है लेकिन समुद्री जानवरों की जान पर खतरा बन आया है। इससे कुछ तेल वाष्प बनकर हवा में उड़ हए और पानी के साथ फैलने लगे।



### चुनाव प्रचार के दौरान कन्हैया को मारा थप्पड़

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली से कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक के प्रत्याशी कन्हैया कुमार के साथ चुनाव प्रचार के दौरान मारपीट का मामला सामने आया है। माला पहनाने के बहाने आए युवक ने कन्हैया कुमार को थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। यह घटना थाना उस्मानपुर इलाके के करतार नगर की बताई जा रही है। इस दौरान आप की महिला पार्षद छाया शर्मा के साथ भी बदसलूकी हुई है। महिला पार्षद ने पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी है।



ईरान के साथ चाबहार डील मामला

## भारत कोई भी फैसला अपने लिए करेगा किसी तीसरे के आधार पर नहीं: पीएम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक इंटरव्यू में ईरान और भारत के बीच हाल ही में हुए चाबहार समझौते पर पहली बार प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि चाबहार समझौता भारत की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत बड़ा समझौता है। साथ ही चाबहार समझौते पर अमेरिका की चेतावनी पर भी पीएम मोदी ने दो टूक जवाब दिया। उन्होंने अमेरिका का नाम लिए बिना कहा कि भारत कोई भी फैसला अपने लिए करेगा, किसी तीसरे के आधार पर नहीं। पीएम मोदी ने कहा कि हमारा नैरेटिव ये था कि हम इससे इतने दूर हैं, हम उससे इतने दूर हैं। हम समान दूरी बरतते थे, हमारी डिप्लोमेटिक भाषा में यही चलता था, मैंने कहा, कुछ नहीं करना है अब... मेरी भाषा है कि हम कितने नजदीक हैं। अब दुनिया में ये प्रतिस्पर्धा शुरू हुई कि निकट कैसे जाएं इसके। पहले दूर रहने की प्रतिस्पर्धा थी, अब बदल गया। अब सब लोगों में निकट आने की प्रतिस्पर्धा चल रही है। ईरान के साथ चाबहार समझौता का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'अब कल ईरान में बहुत बड़ा निर्णय हुआ है।



यह हिंदुस्तान के अखबारों की हेडलाइन न्यूज है। और मेरे मिनिस्टर चाहबहार ईरान में थे। चाहबहार पोर्ट का फाइनल अग्रीमेंट हुआ है, सेंट्रल एशिया से जुड़ा हुआ हमारी अर्थव्यवस्था का यह बहुत बड़ा काम हुआ है। हेडटेबल क्या होता है जी? इन सारी लड़ाइयों के बीच में मेरा चाबहार का अग्रीमेंट हो जाता है।

### चेतावनी पर पीएम की प्रतिक्रिया

पीएम मोदी ने भी अप्रत्यक्ष तरीके से अमेरिका को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हम किसी तीसरे के आधार पर अपना निर्णय नहीं करेंगे। हम निर्णय हमारे लिए करेंगे। फलाने को बुरा लगेगा तो? इससे बात करेंगे तो? जी नहीं.... मैं सबसे बात करूंगा। राष्ट्रपति पुतिन अगर मेरी भरपूर तारीफ करते हैं, इसका मतलब ये नहीं कि मैं राष्ट्रपति पुतिन को मिलकर यह नहीं कह सकता कि दिस इज नॉट टाइम फॉर वॉर (यह युद्ध का समय नहीं है)। वो भी सम्मान करेंगे कि चलिए कोई मित्र है जो यह बताता है कि क्या सही है, क्या गलत है। यूक्रेन को भी मुझ पर इतना ही भरोसा है। मुझ पर यानी भारत पर।अमेरिका और रूस के साथ बैलेंस को लेकर पीएम मोदी ने कहा- मैं मानता हूं कि ये सब तब होता है जब आपके इरादे नेक हों, आपके प्रति विश्वास हो तो चोरी छुपे और अमेरिकंस से पूछ करके नहीं करना होता है।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पाकिस्तान को दी सख्त चेतावनी

# पाकिस्तान बंद करे आतंक की फैक्ट्री भारत बिल्कुल 'बर्दाश्त' नहीं करेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि अगर पड़ोसी देश भारत में सीमा पार से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश करता है तो उसको गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। पाकिस्तान अपने देश में आतंकवाद का पनाहगार बना हुआ है।*

भारत ने पाकिस्तान को खुले शब्दों में चेतावनी दी है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि अगर पड़ोसी देश भारत में सीमा पार से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश करता है तो उसको गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि भारत में किसी भी तरह की सीमा पार आतंकवाद गतिविधि के प्रति सहनशीलता बहुत कम है। दिल्ली में सीआईआई के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान लगातार अपने देश में आतंकवाद का पनाहगार बना हुआ है।

विदेश मंत्री ने इस दौरान आतंकवाद के प्रति एक बार फिर भारत के रुख को दोहराते हुए कहा कि साल 2014 में ही देश ने स्पष्ट निर्णय लिया था कि वे किसी भी सीमा पार आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

### खास बातें

- दिल्ली में सीआईआई के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन को विदेश मंत्री ने किया संबोधित
- घटनाएं होती हैं तो नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर इसके दिखेंगे परिणाम




### पाकिस्तान को बंद करना होगा आतंक

*उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान अपने देश में लगातार आतंकियों को बढ़ावा दिया है। हालांकि, अगर वह इस तरह की हरकतों और अपने यहां पनपे इस उद्योग को बंद कर देता है तो भारत के लोग भी उसके साथ सामान्य पड़ोसी की ही तरह व्यवहार करेंगे।*

### भारत ने 2014 में दिया था स्पष्ट निर्णय

विदेश मंत्री ने कहा कि मुझे लगता है कि भारत के लोगों ने 2014 में बहुत स्पष्ट निर्णय लिया था कि वे इसे स्वीकार नहीं करेंगे। देश किसी भी तरह की सीमा पार आतंकवाद गतिविधि के लिए सहिष्णुता बहुत कम है। घटनाएं भारत सहन बिलकुल नहीं करेगा।

### चीन से सीमा विवाद अधिक जटिल

*चीन पर बोलते हुए उन्होंने ड्रैगन के साथ सीमा विवादों को अधिक जटिल बताया। जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ संबंधों की जटिलता के तीन पहलू हैं। एक बुनियादी पहलू यह है कि सीमा क्षेत्र में शांति भंग हो गई है। जयशंकर ने कहा कि अगर कोई देश लिखित समझौते से पीछे हट गया है और भारत की सीमाओं पर कुछ कर रहा है, तो हम यह नहीं कह सकते कि व्यापार सामान्य रूप से जारी रहेगा और अन्य चीजें नहीं होंगी। दूसरे मुद्दे पर प्रकाश डालते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि चीन से संबंध व्यापार असंतुलन का मुद्दा भी है। उन्होंने कहा कि भारत के व्यापारिक समुदाय के साथ हमारी कुछ चुनौतियां है।*

### सौजन्य भेंट



**नई दिल्ली।** केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से नौसेना प्रमुख (सीएनएस) एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विदेश मंत्री को वोट की प्रतिकृति भेंट की।

### नेपाल के पीएम चौथी बार देंगे बहुमत की परीक्षा

**काठमांडु।** नेपाल में वामपंथी दलों की गठबंधन सरकार इस समय अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। ऐसे में प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड ने सदन में एक बार फिर विश्वास मत साबित करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार सुबह संसद सचिवालय को जानकारी दी,जिसमें बताया गया है कि 20 मई को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल करेंगे।दरअसल, नेपाल के संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक यदि सत्ता गठबंधन का कोई भी दल सरकार से समर्थन वापस लेता है।



खुफिया जानकारी के लिए हनी ट्रैप का जाल

## नौसेना जासूसी मामले में एनआईए की रडार पर आ गए कई अधिकारी




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई भारतीय रक्षा प्रतिष्ठानों की खुफिया जानकारियां हासिल करने के लिए भारतीय नौसेना के जवानों को हनी ट्रैप में फंसाने की साजिश रच रही है।

इससे जुड़े विशाखापत्तनम जासूसी मामले में अब राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने मुंबई के निवासी अमान सलीम शेख के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। आधिकारिक बयान में शुक्रवार को बताया गया कि एनआइए ने रक्षा प्रतिष्ठानों से जुड़ी गोपनीय सूचनाएं जुटाने के लिए भारतीय नौसेना के जवानों को हनीट्रैप में फंसाने की पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के एक प्रमुख आरोपित अमान सलीम शेख के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है।

इसमें कहा गया है कि आतंकवाद रोधी एजेंसी ने आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में एनआइए की विशेष अदालत में गुरुवार को शेख के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दायर किया।

### जासूसी में अब तक तीन गिरफ्तार

*एनआइए ने मुंबई में पिछले साल 20 नवंबर को अमान सलीम शेख को गिरफ्तार किया था। शेख समेत मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए आरोपितों की कुल संख्या तीन हो गई है। दो फरार पाकिस्तानी गुर्गों सहित कुल चार लोगों के खिलाफ एनआइए पहले ही आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। पिछले साल छह नवंबर को एनआइए ने दो अन्य आरोपितों मनमोहन सुरेंद्र पांडा और अल्वेन के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दायर किया था।*

मुंबई समेत दुनिया के कई बड़े तटीय शहरों पर संकट

## समंदर में डूब सकता है बैंकॉक, थाईलैंड खोज रहा नई राजधानी

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

दुनिया भर के सैलानियों को अपनी ओर खींचने वाले थाईलैंड को अपनी राजधानी बैंकॉक बदलनी पड़ सकती है। दरअसल, थाईलैंड की मौजूदा राजधानी बैंकॉक के जलवायु परिवर्तन की वजह से समुद्र में डूबने का खतरा बढ़ गया है। थाईलैंड के क्लाइमेट चेंज ऑफिस के अनुसार, समुद्र के बढ़ते स्तर के कारण थाईलैंड को अपनी राजधानी बैंकॉक को ट्रांसफर करने पर विचार करना पड़ सकता है। पहले के कई अनुमानों में कहा गया है कि इस सदी के आखिर तक बैंकॉक के तटीय इलाकों के समुद्र में समाने का खतरा है। वैसे भी चकाचौंध वाला यह शहर बारिश के दिनों में भारी बाढ़ से जूझने लगता है।



### 2050 तक डूब सकते हैं ये शहर

क्लाइमेट सेंट्रल नाम के प्रोजेक्ट की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि जलवायु परिवर्तन की वजह से दुनिया के ये शहर 2050 तक डूब सकते हैं। ये हैं- अमेरिका का सवाना और न्यू ऑरिलिएंस, गुएना की राजधानी जॉर्जटाउन, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक, भारत के कोलकाता और मुंबई, वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी, इटली की वेनिस सिटी, इराक का बसरा, नीदरलैंड्स का एम्सटर्डम।

### क्यों हो रहा है जलवायु में बदलाव?

*सना रहमान के अनुसार, जमीन के भीतर बहुत सा कॉर्बन अलग-अलग रूपों में मौजूद है। ये कॉर्बन लाखों साल से धरती में मौजूद है। इस कॉर्बन को इतने साल तक रहने की वजह से धरती ने इसे अपने सीने से लगाए रखा और उससे एक लगाव सा हो गया। यह कॉर्बन पेट्रोलियम, गैस या कोयले के रूप में मौजूद रहा। शहरों के आधुनिकीकरण और इंडस्ट्रियलाइजेशन की वजह से हमने धरती के भीतर के कॉर्बन को निकालना शुरू कर दिया। उस कॉर्बन को हमने इस्तेमाल के लिए गैस में बदल दिया। गैस की प्रकृति यह है कि यह कॉर्बन डाईआक्साइड के रूप में गर्मी को सोखती है। जब हमने धरती से कॉर्बन निकाल लिया तो वह गैस के रूप में गर्मी भी साथ रखता है।*

### मुंबई तो 2 मिमी की दर से समुद्र में समा रही है

*इटली की वेनिस सिटी में हर साल 2 मिलीमीटर भी पानी बढ़ जाएगा तो वह भी जल्दी डूब सकता है। अमेरिका के मियामी, न्यूयॉर्क जैसे तटीय शहरों पर भी यही खतरा है। आईआईटी मुंबई के शोधकर्ताओं ने बीते साल एक रिपोर्ट पब्लिश की थी। इसके अनुसार, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई हर दो मिलीमीटर की दर से समुद्र में समा रही है, जिसकी बड़ी वजह जलवायु परिवर्तन है।इंडोनेशिया की राजधानी और देश का सबसे बड़ा शहर जकार्ता का नाम इस सूची में सबसे पहले नंबर पर है। जकार्ता की हालत ऐसी है कि यह हर साल समुद्र में 30.5 सेंटीमीटर तक समा रहा है।*

300 किमी की दूरी तय करने की क्षमता

## उत्तर कोरिया ने समुद्र में दागीं बैलिस्टिक मिसाइलें



एजेंसी ▶▶ सियोल

अमेरिका और दक्षिण कोरिया की ओर से युद्धक विमानों से किए गए संयुक्त सैन्य अभ्यास के दूसरे दिन उत्तर कोरिया ने पूर्वी तट से कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ आफ स्टाफ ने कहा कि पूर्वी तट वानसन क्षेत्र से लांच किए गए हथियारों ने कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच समुद्र में गिरने से पहले लगभग 300 किलोमीटर की दूरी तय की। संयुक्त अभ्यास में दक्षिण कोरिया के दो एफ-35 एएस और अमेरिका के दो एफ-22 विमान शामिल हुए थे। उत्तर कोरिया की ओर से हाल के महीनों में लगातार हथियारों की टेस्टिंग जारी है। इस बीच अमेरिका और दक्षिण कोरिया भी क्षेत्र में लगातार संयुक्त अभ्यास कर रहा है।









## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 13 | 9 | 3 | 19 |
| राजस्थान | 13 | 8 | 5 | 16 |
| हैदराबाद | 13 | 7 | 5 | 15 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 |
| दिल्ली | 14 | 7 | 7 | 14 |
| लखनऊ | 14 | 7 | 7 | 14 |
| बेंगलोर | 13 | 6 | 7 | 12 |
| गुजरात | 14 | 5 | 7 | 12 |
| पंजाब | 13 | 5 | 8 | 10 |
| मुंबई | 14 | 4 | 10 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
661 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



हर्षल पटेल
22 विकेट
पंजाब

### बाउंड्री मीटर

1978 चौके

1133 छक्के

### प्रो लीग के लिए तैयार नई कप्तान सलीमा

**बेंगलुरु।** भारतीय महिला हॉकी टीम की नई कप्तान सलीमा टेटे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से सबक लेकर बुधवार से बेल्जियम के एंटवर्प में शुरू हो रहे एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में नए सिरे से शुरुआत करना चाहेंगी। पूर्व कप्तान सविता पूनिया के साथ भारत ने भुवनेश्वर और राउरकेला में प्रो लीग के पहले चरण में आठ मैचों में दो ही जीत दर्ज की और नौ टीमों में छठे स्थान पर खिसक गई। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दोस्ताना श्रृंखला से पहले सलीमा को टीम की कमान सौंपी गई जबकि नवनीत कौर को उपकप्तान बनाया गया।

### मेरे रिकॉर्ड को अभी कोई खतरा नहीं

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे तेज 'फर्राटा' धावक उसेन बोल्ट आठ साल के बाद फिर से ओलंपिक में होंगे लेकिन प्रतिभागियों को चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि वह पेरिस में सिर्फ उन्हें खेलते हुए देखने के लिए मौजूद होंगे। वह अपने शानदार रिकॉर्ड टूटने के प्रति जरा भी चिंतित नहीं हैं और उनका मानना है कि निकट भविष्य में इन्हें कोई खतरा नहीं है। बर्लिन में 2009 विश्व चैम्पियनशिप में 100 मीटर में उनका 9.58 सेकेंड और 200 मीटर में 19.19 सेकंड का रिकॉर्ड कायम है।

### आस्ट्रेलिया में फुटबॉल मैच फिक्सिंग में तीन गिरफ्तार

**सिडनी।** आस्ट्रेलियाई पेशेवर फुटबॉल में शुक्रवार को लीग क्लब मैकार्थर एफसी के कप्तान द्वारा दो युवा साथी खिलाड़ियों को जानबूझकर पीला कार्ड हासिल करने के लिए 10,000 आस्ट्रेलियाई डॉलर की राशि देने के आरोपों के बाद तहलका मच गया। इसमें मैकार्थर एफसी के कप्तान उलीसेस डाविला तथा साथी खिलाड़ी कीरिन बाकुस और क्लेटन लुईस को मैच फिक्सिंग में कथित लिप्तता के कारण गिरफ्तार किया गया।

## लखनऊ ने 18 रन से जीता मैच, प्लेऑफ से बाहर

# हार से पांच बार की चैंपियन मुंबई ने आखिरी पायदान पर खत्म किया आईपीएल अभियान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

लखनऊ सुपरजायंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शुक्रवार को यहां पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराया। एलएसजी ने छह विकेट पर 214 रन बनाने के बाद रोहित शर्मा (68 रन) और नमन धीर (नाबाद 62 रन) की अर्धशतकीय पारियों के बाद भी मुंबई को छह विकेट पर 196 पर रोक दिया। इस हार के बाद यह तय हो गया कि मुंबई की टीम 14 मैचों में सिर्फ चार जीत के साथ आखिरी पायदान पर रहेगी। एलएसजी का अभियान 14 मैचों में सात जीत के साथ खत्म हुआ। टीम तालिका में छठे पायदान पर है।

टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम के दृष्टिकोण से रोहित का लय में आना अच्छी खबर है। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और तीन छक्के जड़ने के साथ पहले विकेट के लिए डेवाल्ड ब्रेविस (23) के साथ 88 रन की साझेदारी कर मुंबई को अच्छी शुरुआत दिलाई। आखिरी ओवरों में नमन ने अपनी पारी में चार चौके और पांच छक्के लगाए और छठे विकेट के लिए इशान किशन (14 रन) के साथ 32 गेंद में 68 रन की साझेदारी कर मुंबई की उम्मीदें जगा दी थी लेकिन उन्हें दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिला। एलएसजी के लिए रवि बिश्नोई और नवीन अल हक ने दो-दो विकेट लिए। कृणाल पंड्या और मोहसिन खान को एक-एक सफलता मिली।



### पूरन ने जड़े 8 छक्के

प्लेयर ऑफ द मैच निकोलस पूरन (75 रन) ने अपनी ताबड़तोड़ पारी में पांच चौके और आठ छक्के जड़े तो वही लोकेश राहुल (55 रन) ने तीन चौके और इतने ही छक्के लगाए जिससे एलएसजी 10वें ओवर में 69 रन तीसरा विकेट गंवाने के बावजूद बड़ा स्कोर करने में सफल रही। आखिरी ओवरों में आयुष बडोनी (10 गेंद में नाबाद 22) और कृणाल पंड्या (सात गेंद में नाबाद 12) ने सातवें विकेट के लिए 17 गेंदों में 36 रन की अटूट साझेदारी कर मुंबई की मुश्किलें बढ़ा दी। मुंबई के लिए नुवान तुषारा ने 28 रन देकर तीन जबकि पीयूष चावला ने 29 रन देकर तीन विकेट लिए।

### स्कोर बोर्ड

| लखनऊ सुपरजायंट्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| राहुल का तुषारा बो चावला | 55 | 41 | 3 | 3 |
| पड्डीकल पगबाधा तुषारा | 00 | 01 | 0 | 0 |
| स्टोइनिस पगबाधा चावला | 28 | 22 | 5 | 0 |
| हुड्डा का वढ़ेरा बो चावला | 11 | 09 | 1 | 0 |
| पूरन का सूर्यकुमार बो तुषारा | 75 | 29 | 5 | 8 |
| अरशद का वढ़ेरा बो तुषारा | 00 | 01 | 0 | 0 |
| आयुष बडोनी नाबाद | 22 | 10 | 1 | 2 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 07 | 07 | 1 | 1 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 20 ओवर में 214/6

गेंदबाजी : तुषारा 4-0-28-3, अर्जुन 2.2-0-22-0, कम्बोज 3-0-48-0, चावला 4-0-29-3, वढ़ेरा 2-0-13-0, हार्दिक 2-0-27-0, नमन 0.4-0-17-0, शेफर्ड 2-0-30-0.

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का मोहसिन बो बिश्नोई | 68 | 38 | 10 | 3 |
| ब्रेविस का कृणाल बो नवीन | 23 | 20 | 1 | 2 |
| सूर्यकुमार का बिश्नोई बो कृणाल | 00 | 03 | 0 | 0 |
| इशान किशन बो नवीन | 14 | 15 | 1 | 0 |
| पंड्या का नवीन बो मोहसिन | 16 | 13 | 1 | 1 |
| वढेरा का कृणाल बो बिश्नोई | 01 | 03 | 0 | 0 |
| नमन धीर नाबाद | 62 | 28 | 4 | 5 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 11, कुल : 20 ओवर में 196/6

गेंदबाजी : अरशद 2-0-11-0, हेनरी 2-0-24-0, कृणाल 4-0-29-1, मोहसिन 4-0-45-1, नवीन 4-0-50-2, बिश्नोई 4-0-37-2.

### आखिरी प्लेआफ स्थान के लिए बेंगलोर और चेन्नई में टक्कर, बारिश की आशंका

**बेंगलुरु।** लगातार पांच जीत दर्ज कर चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल प्लेआफ में चौथी टीम के निर्धारण के लिए शनिवार को यहां करो या मरो के मुकाबले में पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के सामने होंगी लेकिन इस मैच पर मौसम की गाज गिरने की आशंका भी है। हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस का मैच बारिश में धुलने के कारण अब कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बाद सनराइजर्स प्लेआफ में पहुंच गई है।



अब सिर्फ एक स्थान के लिए रस्साकशी है और दो टीमें सीएसके तथा आरसीबी दौड़ में हैं। चेन्नई का दावा मजबूत बेहतर रनरेट और अधिक अंक (13 अंक और 0 . 528 रनरेट) होने से चेन्नई का दावा मजबूत है। इस मैदान पर वह आठ मैचों में आरसीबी से एक ही बार हारी है। वहीं आरसीबी के 12 अंक है।

### बांग्लादेश से एक जून को विश्व कप का अभ्यास मैच खेलेगा भारत



**दुबई।** भारतीय टीम एक जून को अमेरिका में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 विश्व कप का अभ्यास मैच खेलेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने शुक्रवार को यह ऐलान किया। मैच का आयोजन स्थल और समय अभी तय नहीं किया गया है। विश्व कप में भाग ले रही 20 टीमों में से 17 मई से एक जून तक अमेरिका और त्रिनिदाद एवं टोबैगो में अभ्यास मैच खेलेंगी। दक्षिण अफ्रीका टीम 29 मई को फ्लोरिडा में टीम के भीतर ही अभ्यास मैच खेलेगी। गत चैंपियन इंग्लैंड और उपविजेता पाकिस्तान के अलावा न्यूजीलैंड कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेंगी। पाकिस्तान और इंग्लैंड 22 मई से इंग्लैंड में चार मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेल रहे हैं। वहीं पाकिस्तान में पांच मैचों की टी20 श्रृंखला खेलकर कीवी टीम आठ जून को अफगानिस्तान के खिलाफ विश्व कप का पहला मैच खेलेगी।

## पैरा कयाकिंग- कैनोइंग

# रजनी झा, पूजा ओझा, यश, प्राची यादव जाएंगे पेरिस ओलंपिक में

### चारों खिलाड़ियों ने हंगरी में प्राप्त किया कोटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय पैरा कैनोइंग दल के सदस्य रजनी झा, पूजा ओझा, यश कुमार व प्राची यादव का चयन पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए हुआ है, जिसमें प्राची यादव ने ओलंपिक कोटा 2023 वर्ल्ड चैंपियनशिप में प्राप्त किया। वहीं रजनी, पूजा, यश ने विगत दिनों आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप हंगरी में 8 मई से 12 मई को आयोजित प्रतियोगिता में कोटा प्राप्त किया। टीम के मुख्य प्रशिक्षक मयंक ठाकुर ने बताया कि पूजा ने केएल 1 कैटेगरी में 8वीं रैंक, यश कुमार ने केएल1 कैटेगरी में 10वीं व रजनी झा ने केएल 2 कैटेगरी में 9वीं रैंक लेकर प्राप्त की। यह प्रथम बार होगा कि मध्य प्रदेश के तीन खिलाड़ी पूजा, रजनी, यश व यूपी के खिलाड़ी ने एक ही ओलंपिक वर्ष में ओलंपिक खेलों में क्वालीफाई किया है। यह सभी खिलाड़ी विगत 6 वर्षों से छोटे तालाब स्थित जल क्रीड़ा केंद्र पर मुख्य प्रशिक्षक मयंक ठाकुर के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रहे हैं।









### जल क्रीड़ा केंद्र में कई सुविधाएं: बुंदेला

मध्य प्रदेश कयाकिंग कैनोइंग संघ के अध्यक्ष पीएस बुंदेला ने बताया कि पैरा कैनो के खिलाड़ियों के लिए एमपीकेसीए जल क्रीड़ा केंद्र को पैरा खिलाड़ियों हेतु उनके मूलभूत आवश्यकताओं अनुसार निर्मित किया गया है। जैसे व्हीलचेयर लाने ले जाने हेतु स्लिप वे, व्हीलचेयर जेट्टी, पैरा कैनो की बोट आदि बनाए गए हैं।

#### प्रशिक्षण शिविर 21 से

भारतीय कयाकिंग कैनोइंग संघ के अध्यक्ष प्रशांत कुशवाहा ने बताया कि इन चयनित खिलाड़ियों का ओलंपिक के लिए प्रशिक्षण शिविर 21 मई से भारतीय कयाकिंग कैनिंग संघ एवं मध्यप्रदेश का कयाकिंग कैनोइंग संघ के माध्यम से छोटा तालाब पर लगाया जाएगा, जिसके मुख्य प्रशिक्षक मयंक ठाकुर (मप्र) व सहायक प्रशिक्षक अनिल राठी (आर्मी), फिजिकल कंडीशनर रिंकू सिंह (आर्मी), फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. आशीष नायक व डॉ. ईशा जोशी होंगे।

# अरेरा ने अटल बिहारी वाजपेयी अकादमी को 9 विकेट से हराया

### 9 विकेट लेने वाले विराज को मिला मैन ऑफ द मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के गौतम नगर के मैदान में चल रही कैलाश सारंग स्मृति अंडर 13 क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को अटल बिहारी क्रिकेट अकादमी और अरेरा क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला गया। टॉस अटल बिहारी क्रिकेट अकादमी ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और पूरी टीम 19 ओवर में 35 रन बनाकर आउट हो गई। इनमें कुशल पटेल ने 64 गेंद पर 28 रन बनाए।

अरेरा क्रिकेट अकादमी के विराज चतुर्वेदी ने 9 विकेट लिए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी अरेरा अकादमी की टीम के ओम सोलंकी और युवराज बुंदेला ने 3 ओवर में 36 रन बनाकर यह मैच आसानी से जीत लिया। विराज चतुर्वेदी को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार सीनियर क्रिकेटर तरुण पाराशर और सुबीर डे हाथों दिया गया।



### निशानेबाज मनु भाकर का चयन ट्रायल्स में दबदबा

**भोपाल।** ओलंपियन मनु भाकर ने शुक्रवार को यहां 10 मीटर एयर पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल्स में शानदार स्कोर से एशियाई खेलों की पदक विजेता ईशा सिंह की चुनौती पस्त करते हुए पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा। मनु ने तीसरे ओएसटी में 241.0 का शानदार स्कोर बनाकर ईशा (240.2) और रिदम सांगवान (220.3) को पछाड़ा। सुरभि राव (199.3) और पलक (179.1) क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी3 फाइनल में नवीन ने 246.8 अंक का स्कोर बनाया जिससे वह मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.3 अंक से पीछे रहे।






## छह जून को कुवैत के खिलाफ खेलेंगे अंतिम मैच

# संन्यास का फैसला अंतर्मन की आवाज पर लिया : छेत्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय फुटबॉल कप्तान सुनील छेत्री ने शुक्रवार को कहा कि अगले महीने कुवैत के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के बाद संन्यास का फैसला उन्होंने अंतर्मन की आवाज पर लिया और घरेलू सर्किट पर अपने उत्तरदायित्व पूरे करने के बाद वह ब्रेक लेना चाहेंगे। 39 वर्ष के छेत्री ने कुवैत के खिलाफ छह जून को फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहने का फैसला लिया है। इसके साथ ही 19 बरस के उनके सुनहरे करियर पर



भी विराम लग जाएगा जिसमें उन्होंने 150 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल भारत के लिए सर्वाधिक 94 गोल किए। छेत्री ने वर्चुअल बातचीत में कहा, 'संन्यास का फैसला शारीरिक कारणों से नहीं लिया। मैं अभी भी फिट हूं, दौड़ रहा हूं, डिफेंड कर रहा हूं, मेहनत करना मुश्किल नहीं है। यह फैसला मानसिक पहलू को ध्यान में रखकर लिया। मैं खुद से लड़ रहा था। समग्र रूप से सोचने की कोशिश कर रहा था और अचानक यह फैसला लिया। एक साल बेंगलुरु एफसी के लिए खेलूंगा। घरेलू फुटबॉल कब तक खेलूंगा, पता नहीं। उसके बाद ब्रेक लूंगा।'

### संन्यास के बारे में दोस्त कोहली को बताया

भारतीय कप्तान सुनील छेत्री जब फुटबॉल से विदा लेने के अपने फैसले के बारे में घोषणा करने की सोच रहे थे तो उन्हें बखूबी पता था कि ऐसा एक इंसान है जो उनकी स्थिति को समझेगा और उनके दोस्त विराट कोहली ने भी उन्हें निराश नहीं किया। छेत्री ने भुवनेश्वर से आनलाइन मीडिया संवाद में कहा, 'मैने फैसला लेने से पहले विराट कोहली से बात की। वह मेरे काफी करीब हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930